सुप्रभात
रांची, शनिवार
01.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 256 | 12



फैमली संग मुंबई पहुंचीं प्रियंका

01 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:06 बजे
02 अप्रैल का सेहरी भोर 4:17 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## आइपीएल का रंगारंग आगाज, रश्मिका, तमन्ना और अरिजीत ने मचाई धूम

एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हो गया। आइपीएल के इस 16वें सीजन की धमाकेदार ओपनिंग सेरेमनी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुई। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार तमन्ना भाटिया, रश्मिका मंधाना और अरिजीत सिंह अपना जलवा बिखेरे। इसार पहली भिड़ंत चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला गया। इस ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड की कई नामचीन कलाकारों ने परफॉर्म कर समां बांध दिया। ओपनिंग सेरेमनी में रश्मिका मंदाना, तमन्ना भाटिया और अरिजीत सिंह जैसे स्टार्स ने अपनी प्रस्तुती दी।

### अरिजीत सिंह ने दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर

आईपीएल 2023 के ओपनिंग सेरेमनी की सूत्रधार मंदिरा बेदी रही। ओपनिंग सेरेमनी की सबसे पहली परफॉर्मेंस बॉलीवुड के स्टार प्लेबैक सिंगर अरिजीत सिंह ने दिया। अरिजीत ने ओपनिंग सेरेमनी के शुरूआत में ही अपनी मधुर आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी परफॉर्मेंस के दौरान अरिजीत ने मेरे वतन आबाद रहे जैसे सुपरहिट सॉन्ग रक अपनी परफॉर्मेंस दिया। अरिजीत ने शुरूआत देशभक्ति गानों से की लेकिन इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड के कई हिट नंबर्स पर अपनी प्रस्तुती देकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद अरिजीत ने जिप्सी पर पूरे स्टेडियम का चक्कर लगा दर्शकों का अभिवादन किया। अरिजीत ने दर्जन भर से अधिक गानों पर प्रस्तुति दी और लगभग आधे घंटे तक दर्शकों का मनोरंजन किया।



### रश्मिका ने स्टेज पर लगायी आग

तमन्ना के बाद रश्मिका मंदाना स्टेडियम पर आग लगाने उतरीं। अपनी परफॉर्मेंस से पहले रश्मिका गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का हाल पूछा उसके बाद उन्होंने अपनी प्रस्तुति से धूम मचा दी। रश्मिका ने नाटू-नाटू जैसे गाने पर धमाकेदार डांस किया।

### सीटी और तालियों से गूंज उठा पूरा स्टेडियम



अरिजीत के बाद तमन्ना भाटिया का दमदार परफॉर्मेंस हुआ। इस दौरान कई सुपरहिट सॉन्ग पर डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। तमन्ना के स्टेज पर आते ही पूरा स्टेडियम दर्शकों की सीटी और तालियों की गड़गराहट से गूंज उठी।

## न्यूज डायरी

### दाहू और सुनील की संपति होगी कुर्क, वारंट जारी

**रांची।** अवैध खनन के मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा के सहयोगियो की मुसीबत बढ़ने वाली है। शुक्रवार को इडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा के दाहिना हाथ माने वाले जाने हिस्ट्रीशीटर दाहू यादव और उसके भाई की सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए कुर्की वारंट जारी किया है। वांटेड हिस्ट्रीशीटर दाहू यादव और उसके भाई की संपत्ति कुर्क की जायेगी।

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति-2021-22 में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्राथमिकी में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

### जमशेदपुर में मिला कोरोना का नया मरीज

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो इलाके का रहने वाला 30 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि पुराने संक्रमितों को ज्यादा संयमित रहने की जरूरत है, क्योंकि, ज्यादातर मामलों में पुराने मरीजों में वही पुराने लक्षण सामने आ रहे हैं, जिससे खतरा बढ़ रहा है। बढ़ते मामले को देखते हुए ज्यादा सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। इस नये आंकड़े के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या 12 पहुंच गयी है। इन सभी का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में ही चल रहा है। जिले में इंफ्लुएंजा के नये वायरस एच3एन2 के पांच मरीजों की पुष्टि अब तक हो चुकी है।

### हजारीबाग में तेल से लदे ट्रक में लगी आग

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र में हथिया बाबा के दनुवा घाटी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे सरसों के तेल से लदे एक ट्रक में आग लग गयी। आग की वजह ट्रक में हुए शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया। ट्रक चालक अख्तर को सुरक्षित निकाल लिया गया। यह ट्रक अलवर (राजस्थान) से कोलकाता जा रहा था। दमकल विभाग की मदद से आग बुझा दी गयी है। एहतियातन राजमार्ग की एक लेन को बंद कर दिया गया।

### सड़क हादसे में तीन बच्चों सहित पांच की मौत

**जोधपुर।** जिले के फलोदी कस्बा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर ट्रक और बोलेरो कैंपर में हुई जोरदार भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गयी। दो घायलों को जोधपुर रैफर किया गया है। मृतकों में दो बच्चों, एक बच्ची, एक महिला व कैंपर के ड्राइवर भी शामिल है।

### चाईबासा में स्कूटी सवार महिला जवान की मौत

पश्चिमी सिंहभूम। चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 पर उलीडीह पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को भारी वाहन की चपेट में आने से महिला आरपीएफ जवान गोपा तियु (45) की मौत हो गयी। वह स्कूटी से अपनी ड्यूटी पर जा रही थी।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 56,800 रु./10 ग्राम
चांदी : 74,000 रु./प्रति किलो

## गरीबी किसी की पढ़ाई में बाधक नहीं होगी : सीएम

### मुख्यमंत्री ने अंकित को हर संभव मदद का दिया आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मानना है कि राज्य के किसी होनहार बच्चे की पढ़ाई में गरीबी कभी बाधक नहीं बनेगी। इसके लिए सरकार हर स्तर पर कई योजनाएं चला रही है। सीएम ने बोकारो के बड़कीपुन्नु निवासी अंकित कुमार की मैट्रिक के बाद पढ़ाई जारी रखने के लिए सहयोग देने का डीसी को निर्देश डीसी को दिया। मैट्रिक में 96 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले अंकित गरीबी के कारण पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ था। इस संबंध में सीएम को सहयोग के लिए पत्र लिखा था। सीएम के आदेश के बाद बोकारो के गोमिया स्थित बड़की पुन्नु निवासी अंकित कुमार को मैट्रिक के बाद की पढ़ाई हेतु मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। साथ ही, उसके परिजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा रहा है। सीएम को बोकारो डीसी ने बताया कि अंकित कुमार एवं उसके परिजनों से संपर्क कर लिया गया है। अंकित के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जिला प्रशासन सजग है। सभी कल्याणकारी योजनाओं से अंकित के परिजनों को अच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

### यह है मामला

अंकित बोकारो जिले का थर्ड टॉपर था और झारखंड में नौवा रैंक था। सीएम को लिखे पत्र में अंकित ने कहा कि काफी गरीब परिवार से होने के कारण आगे की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ हैं जबकि वो आगे की पढ़ाई करना चाहता है। सरकार की ओर से सहयोग मिले, तो आगे की पढ़ाई जारी रख सकता है। अंकित के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ पैर टूट गया है। इससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रह है। जानकारी ही सीएम ने बोकारो डीसी को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई हेतु हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई में गरीबी बाधा न बने।

## सरकार के नये कदम से वाणिज्य कर में रिकार्ड वसूली : डॉ उरांव

### वित्त वर्ष के अंतिम दिन तक लक्ष्य से 2500 करोड़ अधिक मिला, खजाने पर रही नजर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति के अंतिम दिन शुक्रवार को बताया कि इस वित्तीय वर्ष में वाणिज्य कर विभाग द्वारा 21000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर झारखंड राज्य के लिए एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम दिन है और अभी तक वाणिज्य कर विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य 18,500 करोड़ के विरुद्ध 21000 करोड़ की वसूली की। यह लक्ष्य से 2500 करोड़ अधिक है, जो निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 114 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा कंपनशेसन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नया कदम उठाया गया, जिसके प्रतिफल के रूप में राजस्व संग्रहण में अत्यधिक वृद्धि हुई है। डॉ उरॉव शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

डॉ उरॉव ने कहा कि जीएसटी कर प्रणाली के लागू होने के पश्चात मात्र 5 वर्षों तक ही केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपनशेसन का भुगतान किया जायेगा, जो अवधि चालू वित्तिय वर्ष के प्रथम त्रैमास में ही समाप्त हो गया। अर्थात 1 जुलाई 2022 से केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपनशेसन का भुगतान बंद कर दिया गया है फिर भी वाणिज्य कर विभाग में यह उपलब्धि हासिल की है, जो कीर्तिमान है।

वित्त मंत्री ने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार के कंपनशेसन की राशि को अलग करने के बाद वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त 15741 करोड़ की तुलना में चालू वित्त वर्ष में 18941 करोड़ हुई है। यह लगभग 3200 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा विगत वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व संग्रहण की तुलना में - एसजीएसटी में 18 प्रतिशत, वैट मद में 22 प्रतिशत, विधुत शुल्क मद में 43 प्रतिशत एवं पेशा कर मद में 4 प्रतिशत अधिक की वसूली की गयी है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा कंपनशेसन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नया कदम उठाया गया जिसके प्रतिफल के रूप में राजस्व संग्रहण में अत्यधिक वृद्धि हुई है। (शेष पेज 11 पर)



### बैंक देर रात तक खुले रहे

इसबीच 31 मार्च वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन होता है। इस दिन सरकारी खजाने से निकलने वाली राशि पर विशेष नजर रखी जा रही है। सभी कोषागार में देर रात तक काम होने का अनुमान है। इस मौके पर सरकारी खजाने से निकलने वाली राशि पर विशेष नजर रखी जा रही है। वित्त विभाग ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निदेशों का हवाला देते हुए सभी जिलों को रात दस बजे तक बैंक खोलने को कहा है। इसके अलावा ट्रेजरी में सभी बिल ऑनलाइन मोड में दोपहर 3 बजे तक ही स्वीकार करने का निर्देश दिया गया था। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन कोषागार में भारी भीड़ देखी जाती रही है, लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था होने के कारण इस बार कोषागार में लोगों की कोई खास भीड़ नहीं रही। वित्त विभाग ने सभी विभागों को चिट्ठी भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में उपबंधित राशि जिसका खर्च इस वित्तीय वर्ष में संभव नहीं है, यदि वे सरेंडर होती हैं तो स्पष्ट कारण विभाग को देना होगा।

## बंगाल में दूसरे दिन भी हिंसा, शाह ने राज्यपाल से की बात

बंगाल, गुजरात, बिहार के बाद अब झारखंड में भी बवाल

एजेंसी

**रांची, कोलकाता।** रामनवमी पर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में हुई हिंसा के मामले में केंद्र सरकार एक्शन में आ गयी है। शुक्रवार को भी वहां कई इलाकों में झड़प और आगजनी की खबर है। इलाके में 144 लागू कर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिये गये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से फोन पर बात कर मामले की विस्तृत जानकारी ली। बंगाल के कई इलाकों में शुक्रवार को भी हिंसा और आगजनी की घटनाएं सामने आयीं। पुलिस के अनुसार स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रही। इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।



**बिहारशरीफ और सासाराम में भी तनाव :** बिहारशरीफ के गगनदीवान मोहल्ले में रामनवमी जुलूस के दौरान जमकर पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ हुई। (शेष पेज 11 पर)

### पोटका में जुलूस पर पथराव

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में रामनवमी जुलूस में बवाल की सूचना है। पूर्वी सिंहभूम के पोटका में रामनवमी जुलूस में पथराव हुआ। पथराव में मुखिया देवी कुमारी भूमिज घायल हो गयीं। स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच झड़प की भी सूचना है। जानकारी के मुताबिक झंडा आगे बढ़ाने को लेकर अखाड़ा समितियों और प्रशासन के बीच तीखी झड़प हो गयी। झड़प के दौरान झंडा टूटकर नीचे आ गिरा। इस पर जुलूस में शामिल लोग भड़क गये। आरोप है कि जुलूस थोड़ा आगे बढ़ा तो समुदाय विशेष के लोगों ने छत से पथराव किया। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

## नियोजन नीति का विरोध आज संथाल बंद का आह्वान

**दुमका।** झारखंड में नियोजन नीति के विरोध जारी है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की मांग है कि 60-40 वाली नियोजन नीति को वापस ली जाये और खतियान आधारित नियोजन नीति बने। अपनी इसी मांग पर जोर डालने के लिए यूनियन ने शुक्रवार को संथाल के कई इलाकों में प्रदर्शन किया, मशल जुलूस निकाला। शनिवार एक अप्रैल को सेथाल परगना बंद का आह्वान किया है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन भी झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन और झारखंड यूथ एसोसिएशन के बैनर तले नियोजन नीति के विरोध में विधानसभा घेराव भी किया गया था। इसी सिलसिले में संताल परगना प्रमंडल के सभी 6 जिला मुख्यालयों में शुक्रवार को मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 1 अप्रैल को संताल परगना बंद का आह्वान किया गया है।

## रांची के बाद देवघर में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के बाद अब देवघर में जी-20 शिखर सम्मेलन मई के पहले सप्ताह में होगा। सम्मेलन के क्रम में मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में कई इवेंट होंगे। संथाल परगना में आईटी सेक्टर में निवेश पर प्रजेंटेशन होगा। डिजिटल इंडिया के तहत कैसे ग्रास रूट पर बिजनेस व सर्विस के साथ रोजगार के अवसर पर कई प्रजेंटेशन होंगे। साथ ही देवघर से देश भर में हवाई मार्ग व रेल मार्ग की कनेक्टिविटी की सुविधा व पर्यटन उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

मई के प्रथम सप्ताह में देवघर में होने वाले इस सम्मेलन की संभावना को देखते हुए सॉफ्टवेयर टेक्नोनॉजी पार्क के बिहार, झारखंड व ओडिशा जोन के डायरेक्टर सूर्यकुमार पटनायक व ज्वाइंट डायरेक्टर जगरनाथ उरांव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में देवघर आ सकते हैं। अधिकारियों की टीम मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क का जायजा लेगी। मैहर गार्डन व जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क जाने वाली सड़क का सौंदर्यीकरण व रंग-रोगन कराया जा रहा है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर देवघर में होने वाले इस जी-20 सम्मेलन का थीम डिजिटल इंडिया होगा। सम्मेलन में 15 देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन समेत यूरोप के अन्य देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। देवघर में जी-20 सम्मेलन को लेकर दिल्ली में सूचना एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने इसकी विभागीय तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में देवघर में सम्मेलन के दौरान होने वाले इवेंट का प्रजेंटेशन भी किया गया।

## सुकन्या समृद्धि जैसी छोटी बचत योजनाओं पर मोटा ब्याज

### बड़ी राहत : अप्रैल-जून 2023 तिमाही के लिए लागू होंगी बढ़ी हुई दरें, पीएफ में बदलाव नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों को सरकार ने बड़ा फायदा दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया गया है। सरकार ने इन योजनाओं पर ब्याज को 0.70 फीसदी बढ़ाया है। सरकार ने राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि खाता योजना, किसान विकास पत्र और मासिक आय खाता स्कीम जैसी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज पर दरों में 0.70 प्रतिशत तक की बढोतरी कर दी है जबकि जन भविष्य निधि स्कीम की ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अप्रैल से जून 2023 की तिमाही के लिए ये बढ़ी हुई ब्याज दरें लागू होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को एक सर्कुलर जारी कर सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम्स, मंथली इनकम सेविंग्स स्कीम्स, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र, सभी पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट और सुकन्या समृद्दि अकाउंट स्कीम पर ब्याज दर बढ़ गयी है।

**ऋण गारंटी सीमा में वृद्धि :** केंद्र सरकार ने छोटे उद्योग धंधों को प्रोत्साहन देने और उनको सुगमता से पूंजी उपलब्ध कराने के लिए गारंटी राशि की सीमा बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये और शुल्क घटाकर 0.37 प्रतिशत करने की घोषणा की है। (शेष पेज 11 पर)




### सुकन्या समृद्धि में 8 फीसदी मिलेगा ब्याज

सुकन्या समृद्धि स्कीम्स में अब निवेशकों को 7.6 फीसदी की बजाय 8 फीसदी ब्याज दर मिलेगी। सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम्स के लिए ब्याज दर 8 फीसदी से बढ़कर 8.2 फीसदी हो गयी है। किसान विकास पत्र के लिए ब्याज दर 7.2 फीसदी से बढ़कर 7.5 फीसदी की गयी है। साथ ही सरकार ने एक, दो, तीन और पांच साल के टाइम डिपॉजिट्स के लिए भी ब्याज दरों को बढ़ाया है। मंथली इनकम अकाउंट स्कीम्स पर ब्याज दर को 7.1 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया गया है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट के लिए ब्याज दर 7 फीसदी से बढ़कर 7.7 फीसदी हो गयी है। बचत जाम पर ब्याज दर यथावत 4.0 प्रतिशत पर है जबकि एक वर्ष की जमा पर ब्याज दर को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत, दो वर्ष की जमा पर ब्याज को 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.9 प्रतिशत, तीन वर्ष की जाम पर ब्याज को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.0 प्रतिशत, पांच वर्ष की जमा पर ब्याज को 7.0प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत, पांच वर्ष की रेकरिंग जमा पर ब्याज को 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

### पीपीएफ पर नहीं बढ़ा ब्याज

सरकार ने पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर ब्याज (पीपीएफ) दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। पीपीएफ पर पहले की तरह ही ब्याज मिलता रहेगा। पीपीएफ योजना में इस समय 7.1 फीसदी ब्याज दर मिल रही है।

## नक्सलियों ने खदान कंपनी में धावा बोल कर विस्फोटक लूटे

### पुलिस रामनवमी की सुरक्षा व्यवस्था में लगी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाजामदा ओपी थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादियों ने एक खदान कंपनी के स्टोर रूम में धावा बोलकर बड़ी मात्रा में डेटोनेटर और विस्फोटक लूट लिया है। यह वारदात परमबालजोड़ी गांव क्षेत्र के जंगल में गुरुवार देर रात हुई है। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने डीके घोष कंपनी के स्टोर रूम को निशाना बनाया है। इस स्टोर रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के हवाले थी। यह कंपनी लौह अयस्क की प्राइवेट खदानों को विस्फोटक पदार्थ की आपूर्ति करती है। किरीबुरू के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह पुलिस टीम घटना स्थल के लिए रवाना हुई। गुरुवार को क्षेत्र में रामनवमी का जुलूस निकाला गया था और सभी पुलिसकर्मी जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की देख रेख में व्यस्त थे। इसी का फायदा उठाकर भाकपा माओवादी नक्सलियों का एक जत्था बड़ाजामदा ओपी थाना क्षेत्र के परमबालजोड़ी गांव पहुंचा। वहां जंगल में स्थित डीके घोष कंपनी की विस्फोटक रखने वाली मैगजीन हमला करते हुए वहां रखे विस्फोटक लूट लिये। (शेष पेज 11 पर)

e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-(17)BCD/CIR-2/RANCHI/DIV-2/2022-23 Date:-31-03-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Water Proofing Treatment on Roof,Exterior Fecade,UPVC Windows and Plumbing Work of Engineering Hostel No-1 Building at HEC Dhurwa ,Ranchi. | रू0 97,91,400.00 | 06 महीने |
| 2 | Water Proofing Treatment on Roof,Exterior Fecade,UPVC Windows and Plumbing Work of Engineering Hostel No-2, Building at HEC Dhurwa ,Ranchi. | रू0 98,02,800.00 | 06 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08-04-2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-04-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 15-04-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 15.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9931152315/8987663716 | |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT,RANCHI.

PR.NO.294258 Building Dept Circle - 2(22-23):D


# लिपिकीय त्रुटि के कारण जनजातीय समुदाय संवैधानिक अधिकार से हो हैं रहे वंचित : बंधु

## अधिकारियों की असंवेदनशीलता भी जिम्मेवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखण्ड राज्य के कई अनुसूचित जनजाति जैसे की भुईहर मुंडा, लोहरा-लोहार, करमाली, खुंटकटी मुंडा, कम्पाट मुंडा, चीक बडाईक जैसे जनजातीय समुदाय को खतियान में लिपिकीय त्रुटि एवं अधिकारियों की असंवेदनशीलता के कारण जनजातीय समुदाय को जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई हो रही है। इस कारण उन्हें उनका संवैधानिक अधिकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बंधु तिर्की शुक्रवार को कांग्रेस भवन रांची में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस



**बीजेपी आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में करती है इस्तेमाल**

श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी के नाम पर राजनीतिक करने वाली भाजपा अभी तक खमोश है जबकि केन्द्र में उसकी सरकार है। उन्होंने कहा कि यह साफ प्रतीत होता है कि भाजपा सिर्फ आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहीं है। लेकिन अब हम भाजपा से इस्तेमाल नहीं होंगे।

अवसर पर प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो एवं राकेश सिन्हा, बेलस तिर्की उपस्थिति थे।

### त्रुटि के कारण भुंईहर मुण्डा एवं भुंईहर को अगडी जाति में कर लिया गया शामिल

श्री तिर्की ने कहा कि ताजा मामला मुंडा जनजाति की पहली उपजाति भुईहर मुण्डा से जुड़ा है। केंद्र सरकार की जनजातियों मामले से संबंधित मंत्रालय के सम्बद्ध अधिकारियों के कुछ-एक असंमजस, संवादहीनता या फिर त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण मुण्डा जनजाति की उपजाति भुंईहर मुण्डा एवं भुंईहर को अगडी जाति में शामिल कर लिया गया और उसे बिहार की भूमिहार, ब्राम्हण जाति से जोड़ कर देखा जाने लगा जो कि असंगत एवं गलत होने के साथ ही व्यवहारिक एवं तथ्यात्मक दृष्टिकोण से भी उपेक्षापूर्ण स्थिति में है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को भी पत्र लिखा :** श्री तिर्की ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को भी पत्र लिखकर भुंईहर मुण्डा एवं भुंईहर को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने के लिए न्यायमूर्ति लुकुर कमिटी के प्रतिवेदन और दिशा-निर्देशों के अनुरूप आर्थिक एवं सामजिक सर्वेक्षण कराने एवं उसका प्रतिवेदन भारत सरकार के रजिस्ट्रार जेनरल को भेजने के लिए अनुरोध किया है।

### त्रुटिपूर्ण शब्दों के मकड़जाल में फंस कर पहचान खो रही है जातियां

बंधु तिर्की ने कहा कि मुंडा जनजाति के तीन लाख से ज्यादा लोग विशेष कर सिमडेगा, गुमला, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिले में निवास करते हैं लेकिन झारखण्ड में अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल नहीं होने के कारण भुंईहर मुंडा एवं भुंईहर समाज के लोगों की पहचान धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। अब ये लोग सांस्कृतिक, आर्थिक और समाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही उपेक्षापूर्ण स्थिति में हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिमडेगा में भुंईहर मुंडा और भुंईहर जनजाति के लोग ही पाहन हैं और उनकी जमीन भुंईहरी जमीन के रूप में जानी जाती है, पर ये अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं है। इस जनजाति के लोग देश के अनेक प्रदेशो में आदिकाल से निवास कर रहें हैं। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश जैसे प्रदेशों में इन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। परंतु झारखण्ड में मुंडा जनजाति के उपजाति भुईहर मुंडा एवं भुईहर की एक बडी आबादी होने के बावजूद इनकी पहचान, गरिमा, सम्मान एवं इनका अस्तित्व शब्दों के मकड़जाल में फंस कर रह गया है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
ई– निविदा सूचना संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 59531715.00 | 1191000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58657662.00 | 1174000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58711274.00 | 1175000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक–06.04.2023 से दिनांक–21.04.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
II) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू/जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.04.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.293913 Rural Development(22-23):D


## विधायक ढुल्लू महतो की हाईकोर्ट में गवाही, कहा
# पिछले 3 साल में मुझपर दर्ज हुए 15 फर्जी मुकदमे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में विधायक ढुल्लू महतो की गवाही हुई। जलेश्वर महतो की ओर से गवाह शत्रुघ्न महतो को फिर से गवाही करने के लिए आवेदन दिया गया। इस पर ढुल्लू महतो की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने अगली सुनवाई 28 अप्रैल तय की।

ढुल्लू महतो की ओर से गवाही में बताया गया कि उक्त विधानसभा चुनाव के दौरान बाघमारा विस क्षेत्र में मतदान व मतगणना विधिसम्मत हुआ था। बूथ संख्या 266 की ईवीएम खराब थी, चुनाव आयोग के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर उस मशीन की काउंटिंग नहीं हुई थी। कोर्ट में यह भी बताया गया कि नई सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ 15 फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। बता दें कि जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने नामांकन किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है।

## रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण दो अप्रैल को

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की नवगठित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह 2 अप्रैल को पुरानी विस सभागार, धुर्वा में होगी। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा होगा। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रखण्ड अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। बैठक में कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय एवं प्रदेश समिति द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुसार जिला कमिटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखण्डों के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेंगे।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/113/2022-23
दिनांक– 29/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 22,44,641=00 | 5,000=00 | 45,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.04.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,
रॉची।

PR.NO.294211 Energy(22-23):D


## खबर एक नजर में

### मधु कोड़ा समेत सात आरोपी कोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** ₹3500 करोड़ से अधिक की मनी लाउंड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत सात आरोपियों ने ईडी कोर्ट में शुक्रवार को हाजिरी लगाई। मामले में ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत करना था लेकिन, गवाह के नहीं आने के कारण गवाही नहीं हो सकी। गवाह डॉ प्रभाकांत को समन जारी किया गया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 12 अप्रैल निर्धारित की है। हाजिरी लगानेवालों में मधु कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, हरियाणा निवासी अरविंद व्यास, मुंबई निवासी मनोज पुनमिया, कोलकाता निवासी विजय जोशी एवं पुणे निवासी अनिल बस्तावड़े शामिल हैं।

### देवघर एम्स : राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में देवघर एम्स के निदेशक को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि देवघर, एम्स में आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनको किन–किन चीजों की आवश्यकता पड़ेगी, इसकी जानकारी दें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 मई निर्धारित की है।

### भ्रष्टाचार के दो आरोपियों को दो-दो साल कैद

**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 14 साल पुराने भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा मामले में सरस्वती सिक्योरिटी एजेंसी के संचालक सेवानिवृत्त मेजर राम कैलाश पुरी एवं सीसीएल पिपरवार एरिया के सिक्योरिटी अधिकारी सुरेंद्र राय को दोषी पाकर दो साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर 40–40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दोनों के खिलाफ सीबीआइ ने 30 जून 2008 में प्राथमिकी दर्ज की थी। तफ्तीश के बाद सीबीआई ने 30 जून 2009 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें मेजर राम कैलाश पुरी ने सुरेंद्र राय की मिलीभगत से सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में सिक्योरिटी नियुक्ति में फजीर्वाड़ा का आरोप सही पाया गया। इससे सीसीएल को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था।

### हाईटेक होगी एसीबी : निगरानी विभाग

**रांची।** भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो को हाइटैक बनाया जायेगा। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। संकल्प के अनुसार, निगरानी ब्यूरो में अब ब्यूरो प्रमुख के रूप में महानिदेशक स्तर के अधिकारी को पदास्थापित किया जाएगा। ताकि ब्यूरो द्वारा लोक सेवकों के विरूद्ध की जाने वाली कार्रवाई की गोपनीयता, कार्रवाई त्वरित ढंग से करने और विभागीय तालमेल स्थापित किया जा सके। सभी सरकारी विभागों की ब्यूरो की अनुशंसाओं पर की गयी कार्रवाई से महानिदेशक या अपर महानिदेशक को अवगत कराएंगे। महानिदेशक या अपर महानिदेशक स्तर के पदाधिकारी का पद रिक्त रहने की स्थिति में पुलिस महानिरीक्षण स्तर के पदाधिकारी ब्यूरो प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।

### पूर्व विधायक ममता देवी की जमानत पर 5 अप्रैल को सुनवाई

**बीजेपी नेता राजीव जायसवाल की भी जमानत पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई**

**रांची।** गोला गोलीकांड के एक मामले में पिछले साल रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और राजीव जायसवाल को मिली 5 साल की सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील की हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसी क्रम में दोनों सजायाफ्ता की ओर से अदालत से लगाई गई जमानत की गुहार पर भी सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ममता देवी एवं राजीव जायसवाल के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी। इस मामले में 13 दिसंबर 2022 को ममता देवी और राजीव जायसवाल को 5 साल की सजा मिली थी। सजा को चुनौती देते हुए ममता देवी और राजीव जायसवाल की ओर से हाई कोर्ट में अपील दाखिल की गई है साथ ही जमानत की गुहार भी लगाई गई है।

### आलोक चौरसिया ने जन्मतिथि में करा लिया था सुधार

**विधायक आलोक चौरसिया बनाम केएन त्रिपाठी**

**रांची।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। मामले में विधायक आलोक चौरसिया की ओर से कोर्ट को बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा आलोक चौरसिया का नाम नॉमिनेशन पत्र एक्सेप्ट किया गया था, जो सही निर्णय था। आलोक चौरसिया ने वर्ष 2014 में जन्मतिथि में सुधार करवा लिया था। उनकी जन्म तिथि 1995 से 1988 की गयी थी। अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। पिछली सुनवाई में केएन त्रिपाठी की ओर से कहा गया था कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी। इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे। केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर उनका निर्वाचन रद्द करने का आग्रह किया था।

### जांच में तेजी के लिए ईडी में बढ़ेगा मैन पॉवर

**रांची।** झारखंड में घोटालों की जांच में तेजी लाने के लिए ईडी रांची जोन में मैन पॉवर बढ़ाने का फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी के रांची जोन में छह अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। इस समय रांची ईडी डोन में संयुक्त निदेशक कपिल राज हैं, जो दिल्ली शराब घोटाला, बंगाल में मवेशी और कोयले की तस्करी जैसे कई बड़े भ्रष्टाचार के मामलों की निगरानी कर रहे हैं। इनके अलावा कई अन्य अधिकारी भी रांची क्षेत्र के प्रमुख हैं। रांची जोन में दो उप निदेशक खितेश गुप्ता और ऋषिकेश पांडे के अलावा कुछ सहायक निदेशक और जांचकर्ता हैं, जो कई मामलों की जांच कर रहे हैं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद, प्रथम तल, मिश्रित कार्यालय भवन परिसर

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या.:- 13/2022-23/RWD/EE/DHANBAD    दिनांक : 29.03.2023

1. कार्य का नाम :

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र की कीमत (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DHN/DMF T/01 | मानपुर सोनरियाटांड़ से मतारी स्टेशन भाया शक्तिपुर हाई स्कूल जियलगढ़ा तक पथ निर्माण कार्य | 425.663 | 8.51 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/DHN/DMF T/02 | जी0टी0 रोड से बहादुरपुर तक पथ निर्माण | 327.665 | 6.55 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/DHN/DMF T/03 | लेदाटांड़ से सिरामपुर तक पथ निर्माण | 319.269 | 6.39 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/DHN/DMF T/04 | तोपचांची प्रखंड के अंतर्गत कतरास तोपचांची मेन रोड रांगाडीह से पाथरचपड़ा भाया तेलोडीह तक पथ निर्माण | 295.194 | 5.90 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/DHN/DMF T/05 | बलियापुर झरिया रोड जयरामपुर मोड़ से चांदकुइयां बस्ती होते हुए भागारामपुर रानी रोड तक पथ निर्माण | 294.961 | 5.90 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/DHN/DMF T/06 | काशीटांड़ आदिवासी टोला से झगरू अमरपुर पथ भाया मंजोदाढ़ी अदरो काली मंदिर शेष भाग तक पथ निर्माण कार्य | 270.496 | 5.41 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 7 | RWD/DHN/DMF T/07 | पुटकी जामाडोबा मेन रोड से जीतपुर भाया भूतगड़िया ग्रामीण बस्ती पथ का सुदृढ़ीकरण | 259.205 | 5.18 | 10000 | 12 माह | प्रथम |
| 8 | RWD/DHN/DMF T/08 | सोनरिया से बरमसिया तक पथ निर्माण | 219.777 | 4.40 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 9 | RWD/DHN/DMF T/09 | सिसकारी से कोड़ाडीह तक पथ निर्माण | 211.137 | 4.22 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 10 | RWD/DHN/DMF T/10 | विराजपुर ताराजोरी पथ से कारीटांड़ तक पथ निर्माण | 210.866 | 4.22 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 11 | RWD/DHN/DMF T/11 | सालुकचपड़ा से भालबेड़ तक पथ निर्माण | 197.681 | 3.95 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 12 | RWD/DHN/DMF T/12 | उपरकुल्ही पुराना बालू बैंकर से भालगोड़ा भाया होरलाडीह कब्रिस्तान रोड | 180.809 | 3.62 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 13 | RWD/DHN/DMF T/13 | झरिया केंदुआ मेन रोड से भालगोड़ा 5 नं0 ग्रामीण बस्ती भाया शिमला बहाल ग्रामीण बस्ती पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य | 178.532 | 3.57 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 14 | RWD/DHN/DMF T/14 | कर्माटांड़ मोड़ से मधुरसा तक पथ निर्माण कार्य | 175.766 | 3.52 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 15 | RWD/DHN/DMF T/15 | प्रधानखंता लाइन क्लब से कारीटांड़ तक पथ निर्माण | 174.511 | 3.49 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 16 | RWD/DHN/DMF T/16 | लोधरिया मोड़ से गोपीनाथपुर आदिवासी टोला तक पथ निर्माण | 169.585 | 3.39 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 17 | RWD/DHN/DMF T/17 | लुकैया मोड़ से कारीटांड़ तक पथ निर्माण | 157.745 | 3.15 | 10000 | 8 माह | प्रथम |
| 18 | RWD/DHN/DMF T/18 | शीतलपुर पंचायत भवन से आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण | 149.529 | 2.99 | 10000 | 6 माह | प्रथम |
| 19 | RWD/DHN/DMF T/19 | सूर्यडीह मोड़ से कुसियारा तक पथ निर्माण | 130.441 | 2.61 | 10000 | 6 माह | प्रथम |
| 20 | RWD/DHN/DMF T/20 | बेलकुप्पा रोड से डुभी तक पथ निर्माण | 130.007 | 2.60 | 10000 | 6 माह | प्रथम |
| 21 | RWD/DHN/DMF T/21 | बाघमारा प्रखंड रंगलाल चौक हीरक रोड से भाया बड़की बौआ तेतुलामारी मुख्य पथ तक पथ निर्माण | 116.038 | 2.32 | 10000 | 6 माह | प्रथम |
| 22 | RWD/DHN/DMF T/22 | राधानगर पैक्स गोदाम से पहाड़ी शिव मंदिर होते हुए आर0ई0ओ पथ तक 3000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 111.603 | 2.23 | 10000 | 6 माह | प्रथम |
| 23 | RWD/DHN/DMF T/23 | जिला परिशद रोड यादुडीह से चिराटांड़ आदिवासी टोला तक पथ निर्माण | 108.690 | 2.17 | 10000 | 6 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 12.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे
4. जिला नियंत्रण कक्ष, धनबाद/कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद/मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 21.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जानेवाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (21.04.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जाएगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.04.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद, प्रथम तल, मिश्रित कार्यालय भवन परिसर, धनबाद ।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0326–2313168
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद के पक्ष में एवं धनबाद में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. निविदादाता को UCAN Registration (New Site) की फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है।
11. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
12. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद

PR 294033 Rural Work Department (22-23)_D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 326/2022-23/RWD/SIMDEGA    दिनांक :- 31.03.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ SIMDEGA/ 07/2022-23 | केरसई मुख्य पथ खालीजोर पुल रूसु से भालू टोली कोरकाटजोर कोदोटांड़ होते हुए कोनजोबा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 8.500 कि0मी0) | 7,39,80,300.00 | सात करोड़ उनचालीस लाख अस्सी हजार तीन सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ SIMDEGA/ 10/2022-23 | टूटीकेल से झपला अधूरा पथ सोकोरेला से झपला होते हुए कोनमेरला–पाहनटोली पथ के पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.275 कि0मी0) | 5,19,27,500.00 | पाँच करोड़ उन्नीस लाख सताईस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ SIMDEGA/ 05/2022-23 | चेटमल सरदार टोली बी0टी0 रोड से छुरिया धाम पर्यटन स्थल, दुमकी पंचायत भवन बस्ती होते हुए उड़ीसा बार्डर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.220 कि0मी0) | 4,55,24,377.00 | चार करोड़ पचपन लाख चौबीस हजार तीन सौ सतहत्तर रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ SIMDEGA/ 08/2022-23 | खालीजोर बाजारटांड़ से बैघमा मेन रोड कुरडेग से घाघमुण्डा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.600 कि0मी0) | 3,37,68,300.00 | तीन करोड़ सैंतीस लाख अड़सठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ SIMDEGA/ 09/2022-23 | गोठाईटांगर से कोबांग मोसोटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.300 कि0मी0) | 2,34,90,400.00 | दो करोड़ चौंतीस लाख नब्बे हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **12.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **27.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **सिमडेगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **28.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (28.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **29.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **सिमडेगा** के पक्ष में एवं **सिमडेगा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294173 Rural Work Department(22-23)#D

## माह-ए-रमजान : दूसरा रोजा संपन्न, मांगी खुशहाली



# चैती दुर्गा पूजा : शोभायात्रा निकली, महिलाओं ने सिंदूर खेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा द्वारा आयोजित मां भवानी की पूजनोतसव के क्रम में शुक्रवार को विराट विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी। इससे पूर्व पूजा पंडाल में महादशमी की पूजा की गयी। महादशमी के अवसर पर महिलाओं ने माता को खोइछा भरा अखंड सुहाग का आशीष मांगा और सिंदूर खेला खेलकर एक दूसरे को दशमी की बधाई दी।





विसर्जन शोभा का नेतृत्व सांसद दीपक प्रकाश और श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा ने किया। विसर्जन शोभा यात्रा में पंजाबी ढोल ताशा पाटी ढाक बाजा शामिल थे जिसके धुन में हजारों भक्त झूमते नाचते रहे। शोभा यात्रा में जय माता दी जागरण मंडली ने आकर्षण भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाया गया जिसमें बर्मन परिवार महावीर सेवा संघ, सोना चांदी व्यवसायी संघ, आदर्श गणेश पूजा समिति, शिव मंदिर महावीर मंदिर मिसकोट मैदान सनातन दुर्गा पूजा समिति, हिनू व्यवसायी संघ, सत्य भारती नवयुवक संघ, हिनू महावीर मंडल प्रमुख रूप से शामिल थे।

# रांची समेत कई जिलों में झमाझम बारिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची समेत कई जिलों में शुक्रवार की देर शाम मेघ गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। रांची के अलावा चतरा, गढ़वा, गुमला, लोहरदगा, पलामू और सिमडेगा जिलों के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश हुई। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। तेज आंधी के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गया। बिजली कट जाने के कारण शहर देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा। आचानक आयी गरज के साथ बारिश और हवा से लोग परेशान हो गये। दो दिनों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। हल्की ठंड का एहसास शुरू हो गया।

# हाइकोर्ट का नया भवन 30 अप्रैल तक कर दिया जायेगा हस्तांतरित : राज्य सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** धुर्वा स्थित निमार्णाधीन झारखंड हाईकोर्ट के भवन निर्माण एवं उसमें वकीलों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि हाईकोर्ट का नया भवन हाईकोर्ट को 30 अप्रैल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 मई निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान भवन निर्माण सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। सरकार की ओर से कोर्ट को अंडरटेकिंग देकर बताया गया कि 30 अप्रैल तक हाईकोर्ट का धुर्वा स्थित निमार्णाधीन भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा और हाईकोर्ट को हैंडओवर कर दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा एसोसिएशन की जो भी समस्याएं हैं उसे हाईकोर्ट की कमेटी और एसोसिएशन आपस में बैठकर उसका निदान निकालेंगे। पूर्व की सुनवाई सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं की 4 सदस्य वाली समिति ने नए हाईकोर्ट भवन में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन करने के बाद कोर्ट के समक्ष व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में संबंधित पक्षों को आपस में बातचीत कर अधिवक्ताओं की समस्याओं का निदान निकालने का निर्देश दिया था। पूर्व में कोर्ट ने भवन निर्माण विभाग द्वारा दायर शपथ पत्र पर असंतोष जताते हुए कहा था कि इसमें नए हाईकोर्ट भवन में सुविधाओं के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट के नए भवन में वकीलों के लिए 1000 चेंबर, महिला अधिवक्ताओं के लिए सुविधा, लाइब्रेरी सहित कई सुविधा दिलाने का आग्रह किया गया है।

## शहरी विकास के लिए केंद्र और राज्य से कुल 1662.72 करोड़ प्राप्त होंगे

# नगर निगम ने पेश किया 2801 करोड़ रुपये का बजट, टैक्स से ₹284.53 करोड़ जुटाने का लक्ष्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम परिषद की शुक्रवार को हुई बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2801 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। रांची नगर निगम की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में रांची नगर निगम में विभिन्न मदों से 284.53 करोड़ रुपये आय का लक्ष्य रखा गया है। कर से 108.23 करोड़, निगम संपत्ति से किराया/शुल्क एवं उपयोगिता कर से 106.56 करोड़, बिक्री एवं किराया से 3.06 करोड़, राजस्व अनुदान एवं अंशदान से 50.75 करोड़, बैंक एवं इन्वेस्टमेंट से ब्याज 4.63 करोड़, निबंधन शुल्क या इसके क्षतिपूर्ति के लिए सरकारी सहायता से 6.06 करोड़ व अन्य मद से प्राप्तियों का लक्ष्य 4.63 करोड़ रुपये रखा गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में शहरी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत केंद्र और राज्य सरकार से कुल 1662.72 करोड़ रुपये प्राप्त होने व इसके विरुद्ध 1660.21 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

**बॉन्ड से जुटाएंगे ₹200 करोड़ :** मेयर ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीबों के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण, कौशल विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शहरी गरीबों को संगठित करने के लिए सामुदायिक संरचना का निर्माण करना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए बजट में 92.61 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही निगम के आय में वृद्धि के लिए बॉन्ड के माध्यम से 200 करोड़ रुपये प्राप्त करने का उद्देश्य है।

## बजट : रांची नगर निगम ने लिया निर्णय- आय का 25 प्रतिशत गरीबों के विकास में होगा खर्च

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर होगा जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची नगर निगम के विभिन्न श्रोतों से होनेवाली आय का 25 फीसदी राशि का उपयोग गरीबों के विकास के लिए किया जायेगा। वित्त वर्ष 2023-24 में शहरी गरीबों के विकास के लिए आय का 25 प्रतिशत राशि अर्थात 57.29 करोड़ रुपये खर्च किया जायेगा। इस राशि से जिन मोहल्लों में विकास कार्य होगा, उसके लिए समेकित योजना तैयार की जाएगी। रांची नगर निगम का प्रयास होगा कि उन मोहल्लों में इलेक्ट्रिक पोलों पर छऊ लैंप लगाए जाएं। इसके साथ ही नाली, पथ, शिक्षा व्यवस्था, जलापूर्ति, सामुदायिक भवन और सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी किया जायेगा।

**शहरी विकास के लिए बजट में किये गये प्रावधान (रुपये में)**

| | |
|---|---|
| रांची वाटर सप्लाई (जेएनएनयूआरएम) : 2,41,78,94,966 | वार्ड ऑफिस : 5,33,61,000 |
| ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (जेएनएनयूआरएम) : 50,93,55,000 | सीवरेज एंड स्टॉर्म वाटर ड्रेन : 26,68,05,000 |
| सिटी बस की खरीदारी (जेएनएनयूआरएम) : 4,24,46,250 | हेल्थ एजुकेशन एंड फायर सर्विस : 42,00,00,000 |
| सीवरेज एंड ड्रेनेज (जेएनएनयूआरएम) : 2,20,00,00,000 | टाउन हॉल : 13,34,02,500 |
| आधुनिक बुचड़खाना घर : 3,63,82,500 | वाटर सप्लाई एंड साफ सफाई : 4,41,00,000 |
| राजीव आवास योजना : 11,90,70,000 | लाइटिंग अरेंजमेंट : 26,68,05,000 |
| स्वच्छ भारत मिशन : 22,10,60,070 | रैन बसेरा/शॉपिंग काम्प्लेक्स/कम्युनिटी हॉल/बर्निंग घाट: 22,67,84,250 |
| प्रधानमंत्री आवास योजना: 60,63,75,000 | वेंडिंग जोन फॉर अर्बन फेरीवाला : 26,68,05,000 |
| 15 वें वित्त आयोग : 1,05,00,00,000 | अर्बन ट्रांसपोर्ट/ट्रांसपोर्टेशन/रोड/ काम्प्लेक्स अर्बन इंफ्रास्ट्रक्टर : 66,15,00,000 |
| सक्शन मशीन : 66,70,12,500 | ई-रिक्सा : 1,33,40,250 |
| एएमआरयूटी : 10,67,22,000 | एचवाइडीटी : 26,68,05,000 |
| आपदा प्रबंधन : 6,67,01,250 | ट्रैफिक सिस्टम मेंनटेनेंस : 5,51,25,000 |
| नागरिक सुविधा : 33,07,50,000 | यूरिनल कंस्ट्रक्शन : 1,60,08,300 |
| पार्क/डेवलपमेंट/प्लांटेशन/ ब्यूटीफिकेशन : 4,00,20,750 | |
| कम्युनिटी हॉल : 1,10,25,000 | |

**पथ निर्माण के लिए 150 करोड़**

बजट में नाली निर्माण के लिए 74.11 करोड़, पथ निर्माण के लिए 149.67 करोड़ व 15वें वित्त आयोग से ली जाने वाली योजनाओं के लिए 110 करोड़ रुपये का प्रवधान किया गया है।

**284 करोड़ रुपये की आय संभव**

रांची नगर निगम ने अपने स्रोतों से 284.53 करोड़ रुपये के आय का अनुमान किया है। इस वित्तीय वर्ष में सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए दो करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है।

# दारोगा जी, मोबाइल चोरी हो गयी...

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान गुरुवार को रांची में उमड़े जनसैलाब का उचक्कों ने खूब फायदा उठाया। इस दौरान रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 95 से ज्यादा मोबाइल गायब होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। शोभा यात्रा के दौरान सेल्फी का क्रेज कई लोगों पर भारी पड़ा। इसी का फायदा उठाकर उच्चकों ने मोबाइल गायब कर लिया। गुरुवार की देर रात तक रांची के कोतवाली, चुटिया, डोरंडा और डेली मार्केट में मोबाइल गायब होने के संबंध में आवेदन देते रहे।

सेल्फी का क्रेज बनी वजह : रामनवमी के अवसर पर 3000 से ज्यादा पुलिस के जवान सुरक्षा के लिए तैनात थे लेकिन शोभायात्रा में ही कुछ स्नैचर शामिल हो गए थे। शोभायात्रा में शामिल लोग अपने मोबाइल को लेकर बेहद लापरवाह थे और इसी का फायदा उच्चकों ने उठाया। सबसे ज्यादा सेल्फी का क्रेज लोगों पर भारी पड़ा। शोभायात्रा में परंपरागत हथियारों के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई थी। इस दौरान मोबाइल को लोग सुरक्षित नहीं रख पा रहे थे और मौका हाथ लगते ही उच्चकों ने मोबाइल गायब कर दिए।

**तीन पहाड़ी और लोकल गैंग सक्रिय :** राजधानी रांची में साहिबगंज का तीन पहाड़ी गिरोह सबसे ज्यादा मोबाइल चोरी करता है। इस गिरोह में छोटे-छोटे बच्चों को शामिल किया गया है, जो पलक झपकते ही किसी के भी पॉकेट से मोबाइल गायब कर देते हैं। आशंका है कि रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान यह गिरोह तो सक्रिय तो था ही साथ ही कुछ लोकल गिरोह भी भीड़ में शामिल होकर मोबाइल गायब करने में लगे हुए थे।

# रॉयल्टी की राशि से रांची जिला के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की शासी परिषद की बैठक की। बैठक में वर्ष 2023-24 में प्राथमिकता सेक्टर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास और महिला बाल विकास की योजनाओं को शामिल करने का निर्देश दिया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि रॉयल्टी की राशि से रांची जिला के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाये। डीएमएफटी योजना के अंतर्गत अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र में पथ पुलिया सिंचाई की योजना शामिल करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। साथ ही जिला के दो खनन पप्ताधारी को नामित करने के प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया।



**बैठक में लिये गये अन्य फैसले**

- डीसी ने 4-5 वर्षों में शिक्षा परियोजना में क्या-क्या कार्य हुए हैं, इसकी सूची बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।
- डीएमएफटी परियोजना के तहत जो भी स्कूल भवन बनते हैं। वहां मूलभूत सेवाओं पर ध्यान देने का निर्देश दिया।
- विद्यालयों का सौंदर्यीकरण बेहतर रूप से करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।
- आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन बनाने का प्रस्ताव बना कर देने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।
- खलारी कोलियरी एवं इसके आसपास क्षेत्र में प्रदूषण कम करने का निर्देश।
- मैकलुस्कीगंज में डाक बंगला का 2017-18 में नवनिर्माण कराया गया था। उस भवन का उपयोग आजीविका सर्वजन के रूप में शुरू करने का निर्देश दिया।

### बैठक में मौजूद थे कई विधायक

बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, विधायक कांके समरी लाल, विधायक खिजरी राजेश कच्छप, विधायक मांडर शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक तमाड़ विकास मुंडा के प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, रांची सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू, सांसद राज्यसभा महुआ मांझी के प्रतिनिधि अभिजीत कुमार, सांसद राज्यसभा आदित्य साहू के प्रतिनिधि कौशल कुमार, सहायक परियोजना पदाधिकारी, सम्प्रग शिक्षा अमर नाथ चौधरी और जिला खनन पदाधिकारी संजीव कुमार एवं डीएमएफटी पीएमयू की टीम शामिल हुई।

**खबर एक नजर में**

### सदभावना मंच ने जुलूस का किया स्वागत

**रांची।** सद्भावना मंच के तत्वावधान में थड़पखना मस्जिद के सामने संयोजक मोइज अख्तर भोलू के नेतृत्व में चैती दुर्गा पूजा के भव्य जुलूस का स्वागत किया गया। इसमें सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, सर्व धर्म सद्भावना समिति, इमाम बख्श अखाड़ा के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के मुख्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपायुक्त, एसएसपी, सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, एडीएम के साथ-साथ कई डीएसपी एवं थाना प्रभारी सहित जिला प्रशासन के प्रमुख लोग उपस्थित थे। जिनका सद्भावना मंच की ओर से बुके, फूल माला पहना कर, पगड़ी बांधकर, शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जुलूस में शामिल चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, महासचिव गोपाल पारीक समेत अनेक गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। विसर्जन जुलूस के वक्त इफ्तार का मंच पर ही आयोजन किया गया। जिसमें सर्व धर्म के लोग आपस में मिलकर इफ्तार भी किया। मौके पर सद्भावना मंच के मोइज अख्तर भोलू, अकील उर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, मजहर अली सिद्दीकी, पिंकूए मोहम्मद नदीम खान, मो सरफराज, अनवर हुसैन, मीर अनवर हुसैन, शमशाद आलम, मो तौहीद, आफताब आलम झलन, सज्जाद खान, मोहम्मद कलीम, इमरान खान, इमरान अहमद आजम अहमद, सोहेल खान, जय सिंह यादव, राजीव रंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### जिला ग्रामीण कांग्रेस के महासचिव बने संजय



**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने ग्रामीण कांग्रेस के विस्तारित कमिटी में रांची निवासी संजय कुमार को महासचिव बनाया है। ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो कहा है कि वे अपने दायित्व का निर्धारण कर कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करेंगे। महासचिव बनाये जाने पर संजय कुमार ने राकेश किरण महतो को अभार जताते हुए कहा है कि मैं पूरी इमानदारी एवं निष्ठा से पार्टी के कार्यों का ग्रास रूट तक संगठन की मजबूती हेतु कार्य करता रहूंगा। वहीं सोनिया गांधी, राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर दिशा-निर्देशों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

### मनी लांड्रिंग के आरोपी संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी

**रांची।** रिम्स से फरार मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी के खिलाफ ईडी ने गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। ईडी की ओर से अधिवक्ता शिव कुमार काका एवं अतीश कुमार ने कोर्ट में गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आवेदन दिया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने ईडी के आवेदन को स्वीकार करते हुए आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद संजय तिवारी को 25 मार्च को सरेंडर करना था। लेकिन, उसने 27 मार्च को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट अदालत में दिया। अपने आप को रिम्स में इलाजरत बताया था। साथ ही, कहा गया था कि डॉक्टर ने आइसोलेशन में रहने का निर्देश दिया है। बाद में, जब ईडी ने जांच की तो फर्जी पाया गया। भेद खुलने के बाद इलाजरत संजय तिवारी रिम्स से फरार हो गया। इसकी जानकारी के बाद ईडी ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट से वारंट प्राप्त किया। बैंक का बकाया 16.35 करोड़ रुपये लौटाने के नाम पर संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने तीन बार में 42 दिनों की अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। लेकिन, अवधि पूरी होने के बाद उसने एक रुपया भी वापस नहीं किया। बल्कि झांसा देकर फरार हो गया।

## रायपुर के उद्योगपति सोमानी व रांची के ज्वेलरी व्यवसायी अपहरणकांड का मास्टरमाइंड था चंदन सोनार

# चंदन सोनार करना चाहता था लव कुश शर्मा की हत्या!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** 27 मार्च, 2023 को कैदी वाहन में दो गुटों के कैदियों के बीच मारपीट केवल एक महज मारपीट नहीं थी, बल्कि उस कैदी वैन में जेल में बंद चंदन सोनार के द्वारा लवकुश शर्मा की हत्याकांड की योजना बनी थी, जिसे सुरक्षाकर्मी ने विफल कर दिया। कैदी वैन में जिस राज वर्मा और अमित पाड़ा ने लड़ाई को छेड़ा, वह जांच में लवकुश शर्मा की हत्या की योजना बनाया गया था, जिसे बरियातू पुलिस ने सजग होकर उसे विफल कर दिया। राज वर्मा चंदन सोनार का एक मोहरा बना।

चंदन सोनार और लवकुश शर्मा के बीच बहुत पुरानी रंजिश है। जब जेल की लड़ाई में चंदन सोनार के खास अमित पाड़ा की लवकुश शर्मा ने गोली मार के कर दी थी, जिस कांड में शर्मा जेल भी गया था, उसके बाद से ही चंदन शर्मा की हत्या करना चाहता है, इसी लड़ाई का एक मोहरा (कालू लामा) भी कहा जाता था,जिसे चंदन सोनार ने शर्मा की हत्या के लिए तैयार किया था। लेकिन सोनू शर्मा ने कालू लामा की हत्या पहले ही कर दी जिस हत्या से चंदन सोनार की अपराध जगत में बदनामी हुई, जिसके बाद चंदन सोनार कालू लामा गिरोह के राज वर्मा और बीडी को आगे किया। चंदन सोनार लवकुश शर्मा को नुक्सान नही पहुंचा पा रहा था इस लिए उन्होंने कैदी वैन में साजिश रची।

**रायपुर के उद्योगपति और रांची के ज्वेलरी व्यवसायी परेश मुखर्जी अपहरणकांड का है आरोपी**

उद्योगपति प्रवीण सोमानी अपहरणकांड में एक समय रायपुर पुलिस को जिस शातिर किडनैपर चंदन सोनार की तलाश थी, उसे मध्यप्रदेश से पश्चिम बंगाल पुलिस ने धर दबोचा था। सोमानी का अपहरण करने वाले गिरोह का सरगना पप्पू चौधरी उसका पार्टनर था। कुछ सालों से दोनों अलग हो गए थे। सिलतरा से उद्योगपति सोमानी का अपहरण होने के बाद पुलिस को चंदन सोनार गिरोह पर शक हुआ था और पुलिस चंदन की तलाश में लग गई थी। बिहार पहुंचने के बाद पुलिस को पता चला कि चंदन सोनार के बजाय पप्पू चौधरी के गिरोह ने सोमानी को उठाया है। चंदन सोनार ने रांची के ज्वेलरी व्यवसायी परेश मुखर्जी अपहरणकांड में भी शामिल रहा है। उस समय एसएसपी के रूप में अनिल पाल्टा थे। जिस मारूति वैन से परेश मुखर्जी का अपहरण किया गया था, वह वैन अब भी लालपुर थाना में जब्त किया हुआ है।

**बिजनेसमैन बनकर करता है किडनैपिंग**

जानकारी के मुताबिक किडनैपिंग के लिए कुख्यात चंदन पिछले दस साल से मध्यप्रदेश के सिंगरौली में होटल कारोबारी चंद्रमोहन बनकर रहा था। इसकी भनक किसी को नहीं लगी थी। इस बीच पश्चिम बंगाल की पुलिस एक नेता के अपहरण मामले में उसकी तलाश करते हुए पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

**सवाल जो उठ रहे :**

कैदी वैन में हुई मारपीट में साजिश है या नही ? यह जांच का विषय है।
27 मार्च को लवकुश शर्मा की कोर्ट में तारीख ही नही थी बावजूद इसके उसे फिजिकल कोर्ट क्यों भेजा गया ?
कहीं कैदी वैन में लवकुश शर्मा को टपकाने की साजिश तो नहीं
राज वर्मा और अमित पाड़ा की हत्या का कारण बना चंदन सोनार का मोहरा।

### राजू धानुका हत्याकांड का आरोपी तौकीर साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने शुक्रवार को 14 साल पुराने शहर के चर्चित व्यवसायी राजू धानुका उर्फ राज कुमार धानुका हत्याकांड के नामजद आरोपी तौकीर आलम उर्फ राज को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपी को पुलिस ने मामले में 30 मार्च 2021 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में ही है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसमें चार गवाह ने घटना का समर्थन नहीं किया। चारों गवाह राजू धानुका के स्टाफ हैं। जिसका लाभ आरोपी को मिला। राजू धानुका की हत्या 14 मार्च 2009 को अपराधियों ने गोली मार कर कर दी थी। उस समय वह कचहरी रोड स्थित पंचवटी प्लाजा में अपने कार्यालय से लिफ्ट से नीचे उतर थे।

# 154 वाहनों की हुई जांच, 32 से वसूला गया 2.55 लाख रुपये का जुर्माना

## वित्त वर्ष 2022-23 में लक्ष्य का 111.28 फीसदी हुआ राजस्व संग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला परिवहन कार्यालय, रांची ने वित्त वर्ष 2022-23 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस वित्त वर्ष में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शत प्रतिशत से भी ज्यादा वार्षिक राजस्व संग्रहण किया गया है।

डीटीओ कार्यालय ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 111.28 फीसदी राजस्व संग्रहण किया है। परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 30163.23 लाख रुपये के विरुद्ध 33567.00 लाख रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा है।

पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 27500 लाख रुपये था। वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में जहां राजस्व संग्रहण का प्रतिशत ज्यादा रहा, वहीं वार्षिक लक्ष्य भी 27500 लाख रुपये से बढ़ाकर 30163.23 लाख रुपये किया गया था। वित्त वर्ष के अंतिम दिन शुक्रवार को भी जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण कुमार प्रकाश के नेतृत्व में रिंग रोड, दलदली, कांके क्षेत्र में टैक्स फेल, ओवरलोड, बिना प्रदूषण प्रमाण, बिना परमिट एवं वाहन संबंधी अन्य वैध कागजातों के बिना परिचालन करने वाले वाहनों तथा बिना हेल्मेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।

### एक वाहन को जब्त किया गया

**जांच** के दौरान लगभग 154 वाहनों के कागजातों की जांच की गयी। इनमें से 32 वाहनों से कुल 2 लाख 55 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जबकि, जांच किये गये वाहनों में से एक वाहन को जब्त कर पंडरा टीओपी में सुरक्षार्थ रखा गया है।

## आज रांची आयेंगे फिल्म संपादक असीम सिन्हा



**रांची।** वरिष्ठ फिल्म संपादक व कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित असीम सिन्हा शनिवार को रांची आयेंगे। श्री सिन्हा रांची विश्वविद्यालय के मास कम्यूनिकेशन विभाग में आयोजित वर्कशॉप में विद्यार्थियों को फिल्म संपादन की कला सिखायेंगे। मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने बताया कि असीम सिन्हा फिल्म संपादन के क्षेत्र में बड़ी शख्सियत हैं। इनके आने से छात्रों को एडिटिंग के बारे में बहुत कुछ जानने सीखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि असीम सिन्हा ने वेलकम टू सज्जनपुर, मम्मो समेत 80 राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मों सहित चर्चित धारावाहिक चंद्रकांता और अन्य 20 सीरियल का संपादन किया है।

## डीएवी हेहल के पांच शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के पांच शिक्षक को सम्मानपूर्वक विदायी दी गयी। इसमें आरती सिन्हा, कृति पाठक, आनन्द सिंह, कमला कांत पांडा एवं एमएम थॉमस को अपना कार्यकाल पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान सभा का आयोजन हुआ। हवन के उपरांत प्राचार्य एमके सिन्हा ने सभी को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

श्री सिन्हा ने कहा कि जिस दिन कर्मचारी का अपॉइंटमेंट होता है। उसी दिन उसके रिटायरमेंट की तारीख निश्चित हो जाती है। इस बात को हर कर्मचारी को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। आपने पहली पारी बढ़ियां से खेली है। अब आपको दूसरी पारी और बढ़ियां से खेलना है। डीएवी हेहल



परिवार आपकी सेवाओं को हमेशा याद रखेगा। हम सभी आपके उत्तम स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना करते हैं।

## कसवा इंडिया फाउंडेशन ने इफ्तार पार्टी आयोजित की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कसवा इंडिया फाउंडेशन द्वारा रमजान 2023 का पहला इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इसमे सैंकड़ों लोग उपस्थित होकर एक साथ रोजा इफ्तार किया। शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के 8 वां रोजा के मौके पर रमजान 2023 का यह पहला इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी ने सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन, राज्य की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजुर्ग, नौजवान ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। मुफ्ती कमर आलम ने बताया कि रमजान उल मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

कसवा इंडिया फाउंडेशन के इकबाल इमाम, तनवीर अहमद ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा रमजान के पूरे महीना इफ्तार का एहतमाम कडरू जामिया नगर मदरसा में किया गया है। जहां हर दिन सैंकड़ों रोजेदार इफ्तार में शामिल होते है। आज शुक्रवार को फाउंडेशन द्वारा विशेष इंतजाम किया गया था।

# प्रेत-आत्माओं संग डायन का ताना-बाना और आधुनिक समाज

**आ**दिकाल से आत्मा और शरीर के बीच की कड़ी को जानने के प्रयास ने मनुष्य को रहस्यमयी दुनिया में ला खड़ा किया है। कपोलकल्पित ब्रशांड में आधारित फेंटेसी को एक विधा मान लिया गया। जिसमें किसी स्थान, घटना आदि का संबंध वास्तविक दुनिया से नहीं होता है। जिनका बीजारोपण मौखिक परंपराओं ने किया। समय के साथ इन परंपराओं ने लोकोक्तियों, किंवदंतियों का रूप ले लिया और इन्हें साहित्य में भी स्थान मिलता गया। नाट्य रूपांतरणों ने इन्हें कल्पना की दुनिया से निकालकर जीवंत रूप प्रदान करने का काम किया। इन रहस्यों को जानने के लिए दुनिया भर के लोग न सिर्फ तंत्र-मंत्र, जादू-टोना, तपस्या-साधना का सहारा लेते हैं, बल्कि विज्ञान की कसौटी पर भी इनके रहस्यों को उजागर करने के दावे समय-समय पर किए जाते रहे हैं।

ऋग्वेद में कई स्थानों पर प्रेत अथवा पिशाच का जिक्र मिलता है। धार्मिक ग्रंथों में भी किसी देवता के पूजन से पूर्व गंधर्व, दानव, राक्षस, प्रेत, पिशाच, किन्नर आदि के पूजन का उल्लेख मिलता है। वेद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों के साथ हिंदू दर्शन में भी प्रेत योनि के अस्तित्व को स्थापित किया गया है। इतना ही नहीं बौद्ध, पारसी, यहूदी, इस्लाम, ईसाई धर्मों ने भी प्रेत योनि को स्वीकार किया है।



राजेश कुमार

आम मान्यता यह है कि अतृप्त आत्माएं भूत बनकर भटकती हैं। वेदों के अनुसार क्रोध, लोभ, वासना, विरक्ति, द्वेष आदि भावनाओं के साथ मृत्यु हुई हो अथवा कोई व्यक्ति दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या अथवा अकाल मृत्यु हो प्रेत योनि में चला जाता है। झारखंड में निवास कर रही उरांव जनजाति में दैनिक जीवन और कामकाज के हर पहलू को भूत-प्रेतों से जोड़ा जाता है। उरांव समाज के लोग अपने नियमों पर चलने में विश्वास रखते हैं। उनका मानना है कि जो लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं वह बुरे रास्ते पर चलते हैं तथा उनकी अकाल अस्वाभाविक मृत्यु होती है। ऐसी आत्माएं ही बुरी आत्मा होती हैं। जिन लोगों की मानसिक शक्ति बहुत कमजोर होती है उन पर भूत-प्रेत सीधे शासन करते हैं। जो लोग रात्रि में कर्म और अनुष्ठान करते हैं और जो निशाचर ही हैं, वह आसानी से भूतों के शिकार बन जाते हैं। बुरी आत्माओं

लैंगिक असमानता : डायन प्रथा पर विशेष पार्ट - 2



की पूजा करने से डायन की उत्पत्ति होती है। पुरुष यदि बुरी आत्माओं या शैतान की पूजा करता है तो वह विसाहा बन सकता है। शैतान की शक्तियों से डायन को बल मिलता है। वैद्य या सोखा ही डायन पर काबू पा सकता है। डायन की बुरी नजर का प्रभाव शैतान की शक्ति से ही होता है।

डायन विद्या को हासिल करने को लेकर जो बातें प्रचलित हैं वह भी इसे रहस्यमयी बना देती हैं। डायन बनने के लिए कड़ी साधना करनी पड़ती है, जिसके तहत वह स्त्री अर्धरात्रि को साधना के लिए शमशान जाती है। वहां यत्र-तत्र बिखरी मानव खोपड़ियों और हड्डियों को एकत्रित करती है। उन कंकालों के बीच साधना प्रारंभ होती है। इस अनुष्ठान के दौरान जो बातें प्रचलित हैं, उनके अनुसार डायन साधना कर रही स्त्री निर्वस्त्र होकर शरीर पर सिर्फ झाड़ू लपेटकर नृत्य करती है। प्रत्येक रात्रि यह कठिन साधना जारी रहती है जब-तक की डायन विद्या में पूरी तरह सिद्धि नहीं हासिल हो जाती है। अमावस्या की रात को तंत्र और डायन जैसी शक्तियों के लिए अहम माना जाता है। सिद्धि मिल जाने के बाद डायन अपना पहला वाण अपने किसी खास व्यक्ति पर चलाती है। कहा जाता है कि पहला शिकार अपना होने के कारण उनमें मानवीय भावनाओं का खात्मा हो जाता है तथा वह भविष्य में किसी पर भी वार करने अथवा वाण चलाने से नहीं हिचकिचाती है।

आयुर्वेद के अनुसार 18 प्रकार के प्रेत होते हैं। भूत सबसे पहली शुरूआत होती है। हिंदू धर्म में गति और कर्म के अनुसार लोगों का विभाजन किया जाता है। भूत प्रेत, पिशाच, कुष्मांडा, ब्रशराक्षस, बेताल और क्षेत्रपाल यह सभी प्रेत आत्माओं के उप भाग होते हैं। आत्मा ऐसी जीवन शक्ति है जो शरीर को जिंदा रहती है। जब शरीर से आत्मा अथवा जीवन शक्ति निकलती है तो शरीर मर जाता है और पंचतत्व में विलीन होकर परमात्मा के चरणों में समा जाता है। माना जाता है कि प्रेत आत्माओं की उत्पत्ति अपने पापों व्याभिचार से, अकाल मृत्यु से तथा सबसे महत्वपूर्ण श्राद्ध नहीं होने से होती है। प्रेत-आत्माओं संग डायन के संबंध का आकलन करें और मान्यताओं पर गौर करें तो यह स्पष्ट होता है कि जब कोई कुंवारी कन्या की मृत्यु होती है तो उसे देवी का रूप माना जाता है, जबकि प्रसूता स्त्री या नवयुवती मरती है तो वह चुड़ैल बन जाती है। चुड़ैलें मृत भटकती रहती हैं। चुड़ैलें हमेशा बुरी ही होती हैं, जबकि डायन हमेशा बुरी नहीं होती है। डायन दुष्ट आत्माओं के कबीले के रूप में दुर्लभ काले जादू और अदृश्य ज्ञान का अर्जन करती रहती हैं।

डायनों को माता काली की उपासक माना जाता है, जिस कारण उनमें जो शक्ति होती है वह माता काली की सेविका की शक्ति होती है। डायन की शक्तियों पर काबू पाने अथवा डायन को भगाने का उपाय कोई वरिष्ठ तांत्रिक ही कर सकता है। माना जाता है कि यह तांत्रिक अथवा ओझा (सोसा) अनेक सिद्धियों के ज्ञाता होते हैं। ऐसे तांत्रिक में काली सिद्धि, भैरव सिद्धि, हनुमान सिद्धि, बगलामुखी आदि सिद्धियां प्राप्त होती हैं। डायन भगाने के लिए आयोजित होने वाले अनुष्ठान में काफी खर्च होता है तथा यह कई दिनों तक चल सकता है।

आधुनिक समाज विज्ञान की कसौटी पर प्रत्येक घटना को आंकने में विश्वास करता है, लेकिन परंपराओं, मान्यताओं किंवदंतियों, प्रथाओं, लोकोक्तियों में प्रचलित कहानियों और घटनाओं की पुनरावृत्ति हो जाए तो लोगों को चर्चा का विषय मिल जाता है। अंधविश्वास फैलाने वाले मौकापरस्त इनका बखान इस प्रकार कर देते हैं कि लोगों में खौफ पैदा हो जाए। ऐसी घटनाओं में अक्सर पाया जाता है कि किसी के साथ कुछ अनहोनी घटित हो चुकी होती है और जनमानस में भावनाओं की उग्रता चरम पर होती है। कुछ जिज्ञासा बस इस प्रकार के अंधविश्वास पर चुप्पी साधे रहते हैं तो चंद प्रबुद्ध लोग भी समाज की कुरीति के खिलाफ खड़ा होने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। इन भावावेशों के बीच यदि किसी स्त्री को डायन घोषित कर दिया जाता है तो लोगों का आक्रोश उस महिला पर फूट पड़ता है। ऐसे में आधुनिक और सभ्य समाज का दम भरने वाले लोग दरिंदगी की हद तक पार कर जाते हैं। आज भी डायन घोषित कर हत्याएं अनवरत जारी हैं।

**- लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, इन्हें पद्मश्री बलबीर दत्त मीडिया फेलोशिप मिला है।**

**(अगले अंक में : निराश्रित महिलाओं की मौत का फरमान है डायन)**

## सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए 76 कर्मियों को विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत पांच कर्मियों क्रमशः सतीश कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग एवं मनी शंकर पाठक,सतीश प्रहर्शन, कार्यालय अधीक्षक ए-1, ई एण्ड एम विभाग, रंजना सहाय, क्लर्क ग्रेड 1 तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से डॉ. संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शुक्रवार को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। मार्च



माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 76 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने-अपने कायार्नुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) बनाकर सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं। कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में आपका योगदान सराहनीय है।

## प्रांतीय उपाध्यक्ष बने कर्ण कुमार सिंह

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक महामंत्री रमेश उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ, संगठन व प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय का एएसआई बनने पर प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया। एसोसिएशन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालन के लिए नए प्रदेश अध्यक्ष तथा पुलिसकर्मियों के लंबित मांगों पर परिचर्चा की गई। आज की बैठक में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह प्रांतीय अध्यक्ष के प्रभार में रहेंगे।

## भक्ति जागरण के साथ मां दुर्गा की हुई विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भुतहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से जीवंत झांकी के साथ मां को विदायी दी गयी। इस दौरान विक्की छाबड़ा तथा उनकी टीम के साथ जीवंत झांकी में उत्तर प्रदेश से आई वीर बजरंगी ने मां की अगुवाई की। ढोल तासा के साथ शूरू हुआ शोभायात्रा में युवाओं और महिलाओं का उत्साह चरम सीमा पर था। शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर जय माता दी के जयकारे से गूंज उठा।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति



के द्वारा शुक्रवार को दशमी को पूजा अर्चना के बाद खिचड़ी, हलवा और खीर का भोग लगाया गया। भोग श्रद्धांलुओं के बीच वितरण किया गया। शोभायात्रा पूजा पंडाल से महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, फिरायालाल होते लालपुर चौक, डंगरा टोली, चर्च रोड, मल्लाह टोली होते हुए लाइन टेंक रोड में मां को विदाई दी गयी। शोभायात्रा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, दीपू सिंह, संजय सिंह लल्लू, कुमार राजा, राहुल सिंह, उमंग सुल्तानिया, विनय सिंह, बबलू वर्मा, नमन भारतीय, करण सिंह, राहुल रजक, संजय तिवारी, अमन वर्मा, मोहित रजक, शशांक शर्मा, समीर नायक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरव रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा आदि शमिल थे।

# 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया महाभंडारे का प्रसाद

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में शिव सेना दुर्गा पूजा समिति ने निभायी महती भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ओटीसी स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के आवासीय कैंपस में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन के बाद दसवें दिन शुक्रवार को महाभंडारा का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा में पूड़ी, बुंदिया व सब्जी के रूप में महाप्रसाद ग्रहण किया। महाभंडारा में कतारबद्ध होकर महाप्रसाद के लिए महिलाएं, पुरुष, युवक-युवतियां व बूढ़े-बुजुर्ग ने अपनी बारी का इंतजार किया और प्रसाद लेकर ही निकले।

दस दिनों के इस सफल



आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा और रूपा शाहदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस आयोजन में प्रसाद व महाभंडारा के सफल संचालन में शिव सेना दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों-कार्यकताओं ने भी महती भूमिका निभाई। भीड़ नियंत्रित रही और प्रसाद वितरण का संचालन भी बेहतर तरीके से हुआ।

### हवन की पवित्र भस्म को लेने की मची रही होड़

**महायज्ञ** के शुरूआत में कलश उठाने वाली महिलाएं महायज्ञ की समाप्ति के बाद अपने उस कलश को लेने के लिए पहुंचीं थीं। महिलाओं ने न सिर्फ अपने-अपने कलश को लिया, बल्कि महायज्ञ के हवन की पवित्र भस्म को भी श्रद्धा के साथ ग्रहण किया, जिसे अपने घर के सभी सदस्यों के मस्तक पर लगाया। कहा जाता है कि महायज्ञ मंडप में हवन का पवित्र भस्म सभी खराब शक्तियों से बचाता है और जीवन में सुख-शांति व समृद्ध लाता है।

## सीएमपीडीआइ परिवार के दो सदस्यों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआइ परिवार के 2 सदस्यों को सेवानिवृत्ति के मौके पर शुक्रवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक विदाई-सह-सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें अशोक कुमार मिश्रा-प्रबंधक (सचिवीय) एवं एसएन वैद्य-मुख्य भंडारपाल शामिल हैं।

कार्यक्रम में सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) आरएन झा ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, मान-पत्र, प्रतीक चि? व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया। मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ तथा मेडिकल कार्ड भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक एसके गोमास्ता, अजय कुमार एवं





वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि प्रलय भप्ताचार्या, सतीश कुमार केशरी, सुनील कुमार, सौविक मुखर्जी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अमरजीत सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुमन रस्तोगी, मंच का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

## जुलूस और हिंसा

सरकारी विभागों विशेषकर पुलिस प्रशासन की विफलता ही कहा जा सकता है कि देश में रामनवमी के जुलूस पर कई स्थानों पर पथराव हुआ और हिंसक झड़पें भी हुई। यही नहीं जब भी कोई सामाजिक या धार्मिक आयोजन होता है तो वहां अप्रत्याशिप भीड़ की स्थिति में होने वाली दुर्धटनाओं को लेकर प्रशासन चाहे वह देश के किसी भी राज्य की हो उसे अलर्ट रहने की आवश्यकता होती है। लेकिन देश में रामनवमी के अवसर पर जिस प्रकार गुजरात से बंगाल तक हिंसक घटनाओं में वृद्धि हुई उससे यह बात विचारणीय हो जाती है कि आखिर पुलिस प्रशासन का दायित्व क्या है? इतना भारी भरकम सूचना तंत्र, गुप्तचर एजेंसिया सहित समाज का एक दायित्व तुरंत ही कहा समाप्त हो जाता है। सबसे बड़ी बात है कि इन घटनाओं में निरअपराध लोग ही पिटते है और पुलिस कार्रवाई का शिकार हो जाते हैं। यह भी साफ दिखता है कि जिस राज्य का प्रशासन चुस्त है वहां ऐसी घटनाएं नहीं घटती है। उदाहरण के तौर पर दंगा प्रदेश के नाम से चर्चित उत्तर प्रदेश में आज योगी आदित्यनाथ ने जिस प्रकार से शासन को मजबूत किया है उससे वहां की संगठित अपराध में काफी कमी आई है। अन्य राज्यों के पुलिस प्रशासन को भी इससे सीख लेना चाहिए। आज सूचना तंत्र भी अति विकासित हो गया है। ऐसे में ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और विडिया रिकार्डिंग की व्यवस्था से ऐसे जुलूस और भीड़ वाले कार्यक्रमों पर नजर रखी जा सकती है। साथ ही कही भी पुरानी इमारत एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर होने वाले संभावित दुर्धटनाओं का अंदाज भी लगाया जा सकता है। अब विकसित होते समाज में सामाजिक, धार्मिक जुलूस और आयोजन में असमाजिक तत्वों द्धारा उपद्रव पर नकेल कसा जाना आवश्यक हो गया है क्योंकि इससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

## ग्रामीण भारत का विकास

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# कृषि वानिकी में क्रांति के लिए वन नियमों में सुधार



**वानिकी,** कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं-फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा। वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं।

वानिकी का उत्पादन तीन स्त्रोतों पर निर्भर है। ये स्त्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।



- डॉ रमेश चंद

> कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था।

वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था। इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गई। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। निजी भूमि पर उगाए गए पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाए जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आई और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पाई है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्त्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं।

### खास बात

## ट्रंप पर मुकदमा

**अमेरिका** के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति पर आपराधिक मुकदमा चलने वाला है। डोनाल्ड ट्रंप आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए, जिनके खिलाफ महाभियोग चलाया जाने वाला है। अमेरिका के मैनहट्टन शहर में ग्रैंड जूरी ने गुरुवार को 2016 के चुनाव अभियान के दौरान एक एडल्ट स्टार को मुंह बंद रखने के बदले में रकम देने के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया। इसके अलावा ग्रैंड जूरी ने उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया।

**राष्ट्रपति चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटे ट्रंप को बड़ा झटका**

न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक अमेरिका में गुरुवार को ग्रैंड जूरी ने एक एडल्ट स्टार को छिपाकर रकम देने के मामले की जांच के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी पाया और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने के पक्ष में मतदान किया। अगले साल यानी 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह बड़ा झटका है। आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही के बीच उनके लिए चुनाव अभियान जारी रख पाना बेहद मुश्किल होगा।

**रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद की दावेदारी पर भी संकट**

न्यूयॉर्क जूरी के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप को अटलांटा और वाशिंगटन में भी आपराधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक प्रमुख दावेदार डोनाल्ड के सामने पार्टी फोरम पर भी आगे बढ़ने के मौके खत्म हो जाएंगे। कानूनी पेंचों में उलझे डोनाल्ड ट्रंप के लिए अपनी पार्टी के दूसरे दावेदारों का मुकाबला करना भी मुश्किल हो जाएगा। बीते राष्ट्रपति चुनाव परिणाम के बाद कैपिटॉल हिल पर ट्रंप के समर्थकों के हंगामे का मामला भी इस बीच सामने आ सकता है। एडल्ट फिल्मों की एक्ट्रेस स्टॉर्मी डेनियल के साथ उनके रिश्ते थे। स्टॉर्मी डेनियल ने खुद दावा किया था कि दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने थे। हालांकि ट्रंप ने अपने वकील के जरिए प्रेम-संबंध के इस दावे को नकार दिया था।

## लव कुश की पहचान

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**घटनास्थल** पर बाल्मीकि जी पहुंच चुके थे। बाल्मीकि जी ने सारी बात खोलकर रख दी। उन्होंने कहा कि सीता राम जी की पत्नी है। ये लव-कुश आश्रम पर ही रहते थे ये आश्रमवासी थे।

प्रसंग की व्याख्या: सीता की कहानी भक्ति की कहानी है। रामराज्य के बाद यानी ज्ञान के बाद ही भक्ति की शुरूआत होती है। भक्ति सीता की तरह होती है कि हर तरह की कष्ट उठाने के लिये तैयार होती है। कड़ा से कड़ा काम खराब से खराब काम उसे मिल जाए उसे करने के लिये उसे खराब नहीं लगता है। यही सीता का चरित्र है। सीता के जो दो लड़के है यह भक्ति के संतान के रूप में ज्ञान और वैराग्य के रूप में नजर आते हैं। भक्ति का प्रभाव होता है कि उसके द्धारा जो उत्पन्न होता है वो ज्ञान और वैराग्य होता है। उसकी ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक के रूप में लव कुश हैं।

**लीला संवरण**

चारो भाइयों के दो लड़के थे। श्री राम के पुत्रों का नाम लव और कुश था। लक्ष्मण के पुत्र अंगद और चित्रकेतू भरत के तक्ष और पुष्कल तथा शत्रुघ्न के सुबाहु और शत्रुहंता था। इस प्रकार अयोध्या का काम सुचारू रुप से चल रहा था। जब यज्ञ की शुरुआता हुई तब राजसूय यज्ञ के आंरभ में ही अश्वमेघ का घोड़ा छोड़ा गया था। लव-कुश की घटना जब बीत गयी, अयोध्यावासी वापस आ गये तो एक चर्चा जोड़ पकड़ी। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

**विसंगतियों की शिक्षा**

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

**शासन की जवाबदेही**


**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**-सुखबीर, जमशेदपुर**

राजा करे महल की तैयारी,
प्रजा बेचारी महंगाई की मारी
**-राहुल गांधी, सांसद**

### आपके ट्वीट

**इनर** इंजीनियरिंग, योग के प्राचीन विज्ञान में जड़, शांति, आनंद और स्वास्थ्य को अपने प्राकृतिक स्थिति के रूप में स्थापित करने के उपकरण प्रदान करता है।
**-जग्गी बासुदेव**





**सशक्त,** समर्थ, आत्मनिर्भर भारत बनाना है,
इसीलिए मोदी जी को फिर से लाना है।
**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# वैवाहिक जीवन की विसंगति है मैरिटल रेप



**मृत्यंजय प्रसाद**

सर्वोच्च न्यायालय 'मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार पर आगामी 09 मई को अपनी सुनवाई करेगा। स्त्री-पुरुष के वैवाहिक संबंधों को लेकर यह मामला बेहद संवेदनशील है। सवाल उठता है कि क्या शादीशुदा जीवन में 'बलात शब्द' का कोई स्थान होना चाहिए। विवाह एक आपसी और जीवनपर्यन्त चलने वाला रिश्ता है। दैहिक संतुष्टि स्त्री-पुरुष संबंधों की एक जरूरत है। यह जीवन की नैसर्गिक आवश्यकता है। लेकिन आधुनिक सभ्यता में ह्यमैरिटल रेपह्ल अब सिर्फ एक शब्द नहीं, हाल के दिनों में स्त्री अधिकार और उसके विमर्श का केंद्र बन गया है। भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं ह्यमैरिटल रेपह्ल यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है।

मैरिटल रेप' सामाजिक विद्रूपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है। आधुनिक युग में जहाँ लिव इन रिलेशन समलैंगिकता और विवाह पूर्व सेक्स आम प्रचलन में है। वहीं इनके संरक्षण के लिए जैसी गैर सामाजिक संस्थाओं का उदय भी हो रहा है। हालांकि कुछ माँग तो भारत जैसे देश के लिए गैर जरूरी हैं। कोई भी अनैतिक संस्कृति निजता नहीं हो सकती। वैवाहिक जीवन में सहमति और असहमति के बीच सेक्स स्त्री और पुरुष के बीच द्वंद की दीवार बन है।

### समाज

वैवाहिक जीवन में ह्यबलात्कार शब्द का औचित्य ही नहीं होना चाहिए। विवाह जीवन की पहली सहमति है। वह स्त्री-पुरुष के आपसी समझौते का संस्थागत दस्तावेज है। दोनों के बीच दैहिक संतुष्टि एक प्राकृतिक शाश्वत सत्य है। दैहिक संतुष्टि पर जितना प्राकृतिक अधिकार स्त्री का है उतना ही पुरुष का है। इस सत्य के पीछे सृष्टि संरचना का एक अनूठा संसार भी है। क्या हम ऐसे विवादों को खड़ा कर जीवन संरचना के ह्यशाश्वत सत्यह्ल को ही मिटाने पर तुले हैं। क्या हम प्राकृतिक सत्य को ही नकारने पर अमादा हैं। वैवाहिक जीवन में दैहिक संतुष्टि स्त्री-पुरुष का प्राकृतिक अधिकार है। इसे सिर्फ स्त्री विमर्श और उसके अधिकार के रूप में नहीं विश्लेषित किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसी बहस कितनी जायज है जब जीवन की निजी आजादी की आड़ में विवाह पूर्व उन्मुक्त सेक्स की संस्कृति पनप रहीं है। इस तरह के विवाद से स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। वह सैक्स जैसे अधिकार पर पुरुष का एकाधिकार नहीं मानना चाहती। सफल वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का कहीं स्थान नहीं होना चाहिए। यौन हिंसा ही तलाक और दूसरे मुद्दों का कारण बनती है। भारत में 29 फीसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का शिकार हैं। गांव और शहर में इसका अंतर साफ-साफ दिख सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के एक आंकड़े अनुसार यौन हिंसा का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण इलाकों में देखने को मिलता है। ग्रामीण इलाकों में 32 फीसदी और शहरों में 24 फीसदी महिलाएं वैवाहिक जीवन में यौनिक हिंसा का शिकार हैं। महिलाओं को ऐसी हिंसा से बचने के लिए डॉमेस्टिक वायलेंस एक्ट (घरेलू हिंसा कानून) भी है। दुनिया के 185 देशों में सिर्फ 77 में मैरिटल रेप पर कानून बना है। बाकी 108 देश में 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है। भारत के समेत 34 देशों में मैरिटल रेप को लेकर कोई कानून नहीं है। आधुनिक परिवेश में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। क्योंकि विवाह नामक संस्था को बनाए रखना भी हमारी सामाजिक चुनौती है।

# बरकरार है मूर्ख दिवस की प्रांसगिकता

**योगेश कुमार गोयल**

**विश्वभर** के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन फूल्स डे मूर्ख दिवस के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठोली करने का बहाना मिल ही जाता है और हर कोई किसी न किसी को मूर्ख बनाने की चेष्टा करता नजर आता है। अक्सर बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन ही जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है न कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में लोग एक साथ मूर्खह्ल बनते भी देखे गए हैं।

पहली अप्रैल को ह्यमूर्ख दिवस के रूप में मनाए जाने का कारण यह माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को ह्यहास्य दिवसह्ल के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन

### मूर्ख दिवस

धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे ह्यमूर्ख दिवसह्ल का रूप ले लिया।

अप्रैल फूल बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, यह पता भी न चला। भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती क्योंकि आज की भागदौड़ भरी अस्त-व्यस्त जिन्दगी में व्यक्ति के पास जहां चैन से सांस लेने के लिए दो पल की भी फुर्सत नहीं है, वहीं इस दिवस के बहाने साल में सिर्फ एक दिन ही सही, व्यक्ति को खिलखिलाकर हंसने का मौका तो मिलता है। संभवतः ह्यमूर्ख दिवसह्ल मनाने की परम्परा की पृष्ठभूमि में व्यस्त जिंदगी में मानव मन को कुछ पल का सुकून प्रदान करने की प्रवृति ही समाई है लेकिन इसके साथ-साथ इस मौके पर इस बात का ध्यान रखा जाना भी अत्यंत आवश्यक है कि ह्यमूर्ख दिवसह्ल सभ्य मजाक के जरिये किसी को कुछ समय के लिए मूर्ख बनाकर मनोरंजन करने का दिन है।

अप्रैल फूल के बहाने जानबूझकर किसी के साथ ऐसा कोई मजाक न करें, जिससे उसकी भावनाओं को ठेस पहुंचे या उसका कोई अहित अथवा नुकसान हो। मूर्ख दिवस की आड़ में किसी से अपनी दुश्मनी निकालने या अपने अपने किसी अपमान का बदला लेने की चेष्टा भी नहीं होनी चाहिए। यदि आप विशुद्ध भावना से शुद्ध हास्य के जरिये इस दिन किसी को मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं तो सभवतः उस व्यक्ति को आपके मजाक का बुरा भी नहीं लगेगा। वैसे भी शुद्ध हास्य तनाव से मुक्ति प्रदान करने के साथ-साथ मन में आपसी प्रेम भाव तथा भाईचारे की भावना का संचार भी करता है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### ओपी जिंदल की मनी 18वीं पुण्यतिथि



बासल (रामगढ़)। जेएसपी पतरातू कारखाना परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में ओपी जिंदल समूह के संस्थापक ओपी जिंदल (बाबू जी) का शुक्रवार को 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। बाबू जी ओपी जिंदल को पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया, एचआर हेड सुभाष चंदर सहित कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थें। सभी लोगों ने श्रद्धेय बाबू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### विष्णुगढ़ में रामनवमी शांति पूर्ण संपन्न



विष्णुगढ़ ।92 अखाड़े के हजारों की संख्या में महिला पुरुष एक जुट हो कर शोभा यात्रा का शान बढ़ाया। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। सभी ने भगवा रंग में रंगे थे। कोई भगवा वस्त्र धारण किए था तो कोई भगवा गमछा धारण कर महाबीरी पताका लिए जय श्री राम के नारे लगाते यात्रा कर रहे थे। दशमी को भी कई अखाडा के लोग शोभा यात्रा व झांकी निकाली। पूरा विष्णुगढ़ बाजार सात मील मोड़, अखाड़ा चौक, हॉस्पिटल चौक, में शुक्रवार को झांकी निकाला गया। झांकी में हनुमान, राम लक्ष्मण,जटायु, जमवंत आदि बने थे।

### जवाहरलाल सिन्हा के निधन पर शोक



विष्णुगढ़। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष व बर्तमान 20 सूत्री सदस्य जवाहरलाल सिन्हा के निधन पर बिष्णुगढ़ प्रखंड 20 सूत्री कमेटी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। कहा की इनके निधन से एक जुझारू नेता हम लोगों ने खो दिया। वह लंबे समय से राजनीति कर रहे थे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने लोकसभा के लिए भाग्य आजमाया था। जवाहरलाल सिन्हा मिलनसार व्यक्तित्व के थे. 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष गिरजा साव ने कहा जवाहरलाल सिन्हा के निधन से हजारीबाग जिले एक जुझारू एवं इमानदार प्रतिनिधि को हम लोग ने खो दिया, जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। विष्णुगढ़ बीस सूत्री प्रखंड मुख्यालय उद्घाटन में उनकी उपस्थिती थी। शोक व्यक्त करने वालों में राणा इकबाल खान कपिल देव चौधरी राजू श्रीवास्तव छोटे लाल बेसरा संजय प्रजापति इत्यादि शामिल है।

### झरपो दुर्गा मंडप में कई जीवंत झांकियां

टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी के विख्यात झरपो मेला में नवमी रात को सात झांकी शामिल हुआ जिसमें बजरंग दल उचका पत्थर, रामनवमी पुजा समिति भराजो, रामनवमी युवा समिति गोधिया,कारीचट्टान धाम झरपो, नवयुवक संघ समिति नारायणपुर, रामनवमी पुजा समिति अमनारी एवं हिंदु युवा क्लब जरगा शामिल हैं। सभी झांकियां को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सभी झांकियों में मेला पर अपना कला दिखाया गया। पुरस्कार वितरण व्यवस्थापक बालेश्वर महतो,सरयु प्रसाद,अजय कुमार, अनिल कुमार,जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,छोटन कुमार,दयाल प्रसाद,प्रवील प्रसाद के हाथों किया गया। मौके पर झांकी के अध्यक्ष सचिव में महेंद्र प्रसाद,दयाल प्रसाद,अवध किशोर ,सुरज, कौलेश्वर, कृष्णा,सनोज,प्रेम,रवि, मनिषकांत ,मनोज समेत अन्य उपस्थित थे।

### व्यवसायियों को करेंगे रक्षा : बुधिया



रामगढ़। शहर के होटल शिवम इन के सभागार में शुक्रवार को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी विमल बुधिया, विजय मेवाड़, अमित सिन्हा, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सभी ने कहा कि विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी चेंबर चुनाव में व्यवसायियों और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए आये हैं। कहा कि रामगढ़ में व्यवसाई सुरक्षित नहीं हैं, लोगों को धमकी दी जाती है । बावजूद इसके व्यवसायियों के हित के लिए आवाज उठाने वाला कोई नही है। इसी कारण से विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी चुनाव में आए हैं, ताकि विजय होकर व्यवसायियों और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा कर सकें।

### कुजू में निकली आकर्षक झांकी



कुजू। कुजू कोयलांचल व आस- पास के क्षेत्रों में रामनवमी पूजा को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया। कुजू बस्ती महावीर मंडल द्वारा करीब कोरोना के बाद रामनवमी को लेकर भव्य जुलूस के साथ राम, लक्ष्मण, सीता व हुनमान की जीवंत झांकी निकाली गयी। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र था। जुलूस के आगे सुसज्जित वाहन पर भगवान बजरंज बली की प्रतिमा सजायी गयी थी।

### लपंगा में भव्य भंडारा आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामनवमी के पावन अवसर पर लपंगा पंचायत के गणेश मंडप कोल कंपनी के तत्वावधान में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर व समाजसेवी जोहरन करमाली ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। भंडारा में दर्जनों महिला-पुरूष व श्रद्धालु बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। अनूप ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। समय-समय पर भक्ति आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से हरियाली-खुशहाली के साथ सुख-समृद्धि का भी आगमन होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश मंडप कमेटी के राहुल कुमार शांडिल, कृष्णा प्रसाद, सूरज सिन्हा, रविंद्र कुमार, अजय कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, राकेश महता, इंदर सिंह, रामकिशुन पासवान, ओम प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र सिंह, भारत बेदिया, दीपक सिन्हा, रवि गिरी, तुषार कुमार, अनिल बेदिया, राजा पंडित आदि का विशेष योगदान रहा।

# शौर्य जुलूस में खूब चमकी तलवारें

## गुरुकुल आर्यवीरों ने लाठी और लेजियम का किया प्रदर्शन

- सांसद जयंत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष, अजमेरा, बेक और पतंजलि प्रभारी ने दिखाया झंडा
- चौराहों पर हुआ स्वागत, लगे जय श्री राम व भारत माता के नारे

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग । 1875 में स्वामी दयांनद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर सनातन धर्म में पाखंड, भारतीय को भारतीयता और धमार्तरण का विरोध के साथ साथ वैदिक परंपरा को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया था। उनके अनुयायी देश भर में आर्य समाज के माध्यम से गुरुकुल संचालित कर ऐसे हीं आर्य वीरों की फौज तैयार कर रहे है। हजारीबाग में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की ब्रहमचारिणी और ब्रहमचारियों ने भी देश भर में प्रसिद्ध रामनवमी के दशमी जुलूस के दिन शहर में शौर्य जुलूस निकालकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन हीं नहीं किया बल्कि वैदिक परंपरा, हवन यज्ञ आर्य आर्यवीरों के प्रशिक्षण का झलक भी पेश की। शौर्य जुलूस का प्रारंभ सांसद जयंत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष अजमेरा, आरएसएस के विभाग प्रचार प्रमुख अरविंद राणा, केंद्रीय सरना समिति के जिलाध्यक्ष महेंद्र बेक, अनुप भाई वर्मा, लखन खंडेलवाल, संतोष यादव, चंदन मेहता, भाजपा के बटेश्वर प्रसाद मेहता, पतंजलि के राज्य प्रभारी और महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य शीला सिंह आदि ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। जुलूस में हवन करते ब्रहमचारी और यज्ञ के साथ वेद मंत्रों का पाठ करते गुरुकुल के बच्चे भी दिखाई दे रहे थे। जगह जगह गुरुकुल की बेटियां और बेटे इस दौरान लाठी, तलवार, लेजियम जैसे विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर अपने क्षमता हीं प्रदर्शित नहीं की बल्कि आर्यवीरों का दमखम भी दिखाया। दिन के दो बजे जुलूस प्रारंभ होकर संध्या छह बजे तक चला। इस दौरान जगह जगह फूल, मिठाई और बिस्किट, पानी की व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा की गई थी। नवाबगंज स्थित आर्य समाज मंदिर से जुलूस प्रारंभ होकर अनंदा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, पैगोडा चौक होकर झंडा चौक पहुंची। इसके बाद कुआं चौक होकर बड़ा अखाड़ा, महाबीर मंदिर के रास्ते ग्वालटोली चौक , बंशीलाल चौक होकर पुन : गुरूकुल पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कौटिल्य, पुष्पा शास्त्री, हरियाणा से आर्य आर्यवीर दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी धर्मवीर सिंह, धर्मपाल सिंह त्यागी, ब्रजेश कुमार, मनमीत अकेला, सचिन खंडेलवाल, अरविंद सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## सेवा संस्थान सेवा शिविर का उद्घाटन

हजारीबाग । रामनवमी शोभा यात्रा के मुख्य पथ मालवीय मार्ग में शुक्रवार को डा. बसंत दिगंबर अगासे स्मृति सेवा संस्थान के सेवा शिविर का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अभिजित ने शिविर का उदघाटन भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अगासे स्मृति सेवा संस्थान के तत्वाधान में वनवासी कल्याण केंद्र, हजारीबाग ने सेवा न्यास के सहयोग से चिकित्सा सेवा ,दूसरे दिन की सुबह के लिए शोभा यात्रा के रामभक्तों के लिए चना गुंड एवं पीने के लिए स्वच्छ जल वितरण करने की व्यवस्था की गई है। सेवा संस्थान के अध्यक्ष ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने न्यास के अधिकारियों, वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यकताओं तथा उपस्थित संघ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा ईश्वरीय कार्यो में से एक है। रामनवमी के इस महा शोभायात्रा पर हमारी सेवा झांकी और जुलूस में शामिल अंतिम व्यक्ति तक को समर्पित है। सेवा का कार्य हम कार्यकताओं के बीच विनम्रता और अनुशासन का भाव पैदा करता है। शिविर में लगे भारत माता के चित्र पर न्यास के सचिव शिव सेवक सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता तथा कैलाश पति सहाय, अध्यक्ष वनवासी कल्याण केंद्र ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। मौके पर संजय श्रीवास्तव, किशोर सिन्हा, जितेंद्र कुमार डा. सुबोध सिंह शिवगित, अनिल पाण्डेय, विकास कुमार, ,टेकलाल साव ,अजय कुमार, रविश तिवारी ,अमरेंद्र बिद्यारथी, रूशू मुण्डा ,रामस्वरूप ओझा ,मनोज यादव ,विनित जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दारू में निकली आकर्षक झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता



दारू। दारू प्रखंड क्षेत्र में नवमी की रात्रि को विभिन्न अखाड़ों के द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई जिसमें रामभक्त रात भर झूमते रहे। प्रखंड के भारतीय मंदिर एकता क्लब दारू खैरिका, रामनवमी पूजा समिति छोटका इरगा, रामनवमी समिति बड़का इरगा, फ्रेंड्स क्लब बक्शीडीह, बसोबार रामनवमी समिति, चिरवां क्लब, रामनवमी समिति जिनगा, झुमरा आदि क्लबों से झांकी निकाली गई। यह झांकी गुरुवार की रात्रि दस बजे निकली जो कि अगले दिन शुक्रवार को दिन के 11 बजे खत्म हुआ। इस दौरान 24 घंटे तक लगातार बिना रुके रामभक्त ढोल नगाड़े तासा की धुन पर झूमते रहे। दारू में यह झांकी मुख्य चौक से शुरू होकर जबरा तक गई जहां से वापस फिर अपने अखाड़ा में लौट गई जबकि झुमरा में जिनगा चौक से शुरू होकर शिव मंदिर तिलैया से वापस लौट गई। झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में दूर दराज से लोग आये थे। सीओ नीतू कुमारी और दारू थाना प्रभारी दलबल के साथ काफी सक्रिय नजर आये और रात भर घूम घूम कर अखाड़ा समिति के लोगों से भेंट कर वस्तुस्तिथि का जायजा लेते रहे। रामनवमी समिति झुमरा और फ्रेंड्स क्लब बक्शीडीह के अखाड़ा समिति के द्वारा दोनो अधिकारियों को पगड़ी पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### जुमे पर चार साल के रमैसा ने रखा रोजा



रजरप्पा। रमजान के पवित्र माह में बड़े तो रोजा रख ही रहे हैं, नन्हे रोजेदार भी किसी से कम नहीं हैं। चितरपुर बेलाल नगर के नन्हे रोजेदार चार वर्षीय रुमैसा रुखसार ने भी शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमे का रोजा रखी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि रोजा रखने का मकसद है कि मेरा अल्लाह मुझसे राजी हो। रुमैसा आगे भी रमजान के रोजे रखने व इबादात करने की बात कही।

# रोटरी क्लब ने चिल्ड्रेन पैराडाइज पब्लिक स्कूल को दिया वाटर प्यूरीफायर




भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब भुरकुंडा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट 3250 ने रिभर साईड भुरकुंडा स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज पब्लिक स्कूल में 200 लीटर क्षमता का वाटर प्यूरीफायर दिया है। ताकि बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। क्लब भुरकुंडा के अध्यक्ष रोटेरियन राम अवतार प्रसाद व रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य ही समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहे इसी उद्देश्य से वाटर प्यूरीफायर स्कूल प्रबंधन को दिया गया है। मौके पर रोटेरियन अजय गोयल, रोटेरियन भूपेंद्र सैनी, विजय शर्मा, आकाश पांडेय, सुषमा देवी, नीलम प्रसाद, गुड़िया, लक्ष्मी, नगमा, यास्मीन, अर्चना मेहता आदि मौजूद थे।

### धूमधाम से रामनवमी और दुर्गा पूजा संपन्न

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा धुमधामऔर विधि-विधान तथा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न किया गया।दशवीं के दिन हवान किया गया।उसके बाद बजरंगबली और दुर्गा प्रतिमा अलग-अलग वाहनों में सजाकर पूरे क्षेत्र को भ्रमण कराया गया।शुक्रवार को प्रशासन के तय अनुसार शाम को जुलूस निकाला गया।इस जुलूस में दंडाधिकारी समेत कई पुलिसकर्मी विधि-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे।साथ ही शरारती तत्वों और गलत अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि शराब पीकर गलत हरकत करने वाले लोगों को बख्शा नही जाएगा। श्रद्धालुओंने विभिन्न अखाड़ों में लाठी और तलवार के कर्तव्य दिखाए।

# भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़





रामगढ़। जिले के कई इलाकों में पूजन, हवन, भंडारे एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। इस मौके पर जिला के कुरूम स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में पूजन, हवन,भंडारे का आयोजन किया गया। पूजन व हवन पुजारी मिथलेश तिवारी ने यजमान सीताराम सिंह के हाथों संपन्न करवाया। इसके उपरांत मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात शाम को मंदिर से जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस गांव के विभिन्न मुहल्लों से होते हुए बडा तालाब पहुंचकर संपन्न हुआ। जहां माता की प्रतिमा का भक्तिभाव से विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन में दीपनारायण सिंह, अमित कुमार सिंह, ललन सिंह, विनय कुमार सिंह, पंकज सिंह, मुकेश सिंह, विपुल सिंह, राहुल सिंह, रोशन सिंह, संदीप सिंह, सुमंत सिंह, बलवंत सिंह, शैलेश सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष मुंडा, हरिनारायण राम, उदय मुंडा , अनिल रविदास सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# रामनवमी जुलूस में यूसुफ ने भांजी लाठी

### कबलासी और दारू में हिन्दू मुस्लिम की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल

खबर मन्त्र संवाददाता



दारू। दारू प्रखंड में रामनवमी के त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई और कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नही हुई है। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के कबलासी और दारू में हिन्दू मुस्लिम की गंगा जमुनी तहजीब की बेजोड़ मिसाल देखने को मिली।

फ्रेंड्स क्लब बक्शीडीह की झांकी में भट्विघा निवासी मोहम्मद यूसुफ रामभक्तों के साथ लाठी खेलते नजर आये। यूसुफ काफी देर तक यहां लाठियां भांजते रहे इसके बाद अन्य जुलूसों में भी शामिल होकर वहां भी जमकर कला का प्रदर्शन किया। कबलासी पंचायत में हिन्दू मुस्लिम दोनो की आबादी काफी है और यहां पर कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर दोनो के बीच कुछ वर्ष पूर्व होली त्योहार के समय दंगा भी हो चुका है पर इस बार यहां दोनो समुदाय की पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। रामनवमी की जुलूस में भगवा गमछा और हाँथ में लाठियां लिए हुए मुस्लिम समुदाय के लोग मुखिया पति राजेश कुमार,सुलेमान मियां, मोहम्मद अफजल,मोहम्मद जिलानी,सलामत मियां समेत बड़ी संख्या में दोनो समुदाय के लोग जुलूस में शामिल हुए और हिन्दू मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल पेश की।इस बारे में मोहम्मद अफजल ने बताया की जब भी कोई त्योहार होता है तो प्रसाशन की खास इंतजाम और नजर हमारे यहां होती है जिस कारण उनके पंचायत की बड़ी बदनामी होती है जिसका पूरे पंचायत वासी को बहुत बुरा लगता था। इस बार दोनो समुदाय ने मिल बैठकर फैसला लिया और एक दूसरे के त्योहार में बढ़चढ़ कर शामिल होंगे और रामनवमी की रात यहां काफी आकर्षक झांकी निकाली गई और अस्त्र शस्त्र की पूजा हुई।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के निविदा आमंत्रण संख्या– 56/2022-23/RWD/HAZARIBAGH, दिनांक– 22.09.2022, PR NO.-278720 द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/HAZARIBAGH/01/2022-23,RWD/HAZARIBAGH/04/2022-23 एवं RWD/ HAZARIBAGH /07/2022-23 की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.294069 Rural Work Department(22-23):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के निविदा आमंत्रण संख्या– 193/2022-23/RWD/HAZARIBAGH, दिनांक– 21.12.2022, PR NO.- 285677 द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/HAZARIBAGH/14/2022-23, एवं RWD/HAZARIBAGH/15/2022-23, की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294061 Rural Work Department (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ के निविदा आमंत्रण संख्या–152/2022-23/RWD/RAMGARH, दिनांक–07.12.2022, PR NO.-284501 द्वारा प्रकाशित निविदा के आईडेन्टीफिकेशन संख्या–RWD/RAMGARH/06/2022-23 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294019 Rural Work Department (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या– 201/2022-23/RWD/RANCHI, दिनांक– 22.12.2022, PR NO.-285751 द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या–RWD/RANCHI/41/2022-23 की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294022 Rural Work Department(22-23)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
DEPARTMENT OF HOME, JAIL & DISASTER MGMT (HOME)
RAJYA SAINIK KALYAN NIDESHALAYA

INVITING OF APPLICATIONS FOR APPOINTMENT OF ESTATE MANAGER, DR. RAJENDRA PRASAD JAWAN BHAWAN-CUM-SAINIK BAZAR, MAIN ROAD, RANCHI

Applications are invited from desirous ESM for appointment as Estate Manager of Dr.Rajendra Prasad Jawan Bhawan-Cum-Sainik Bazar, Main Road, Ranchi under Sainik Kalyan Nideshalaya, Depratment of Home, Jail and Disaster Management, Govt of Jharkhand. Application should reach by 15 April 2023 till 05 PM. Terms and conditions can be seen on Govt of Jharkhand website www.prdjharkhand.gov.in and Notice Board of Dr. Rajendra Prasad Jawan Bhawan-Cum-Sainik Bazar, Main Road, Ranchi.

Place : Ranchi
Date : 31 Mar 2023

Sd/-
(Col SP Gupta)(Retd)
Assistant Director

PR 294172 Home(22-23).D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj),
Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

Tender Cancellation Notice

Due to unavoidable circumstances and reasons, Tender invited against NIT No. 415/PR/JUSNL/2022-23, 416/PR/JUSNL/2022-23, 417/PR/JUSNL/2022-23 and 418/PR/JUSNL/2022-23 are hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 292142

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 294186 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(22-23).D

## हमारा शहर हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल : महापौर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने राम नवमी के अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल, चैनपुर बाजार जनरल चंदू गुप्ता एवं साथियों द्वारा आयोजित भव्य समारोह में कल तलवार एवं प्राइस वितरण करते हुए कहा चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन ही सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने धरती लोक पर श्री राम के रूप में जन्म लिया था। रामलला के जन्म के पावन बेला को ही रामनवमी के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।

भारतवर्ष में भगवान राम को आदर्श पुरुष के रूप में जाना जाता। पौराणिक कथा और कहानियों से यह सीख लेनी चाहिए कि पुरुषों का चरित्र भगवान राम की तरह होनी चाहिए। यही वजह है कि भारतवर्ष में भगवान राम के अनुगामी बहुत है। इस दिन बहुत से हिंदू अयोध्या जाकर सरजू नदी में स्नान करते हैं। महापौर ने कहा हमारे शहर की यह खासियत है कि इस पर्व को जहां हिंदू हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। वही, मुस्लिम इस त्यौहार को मनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। हमारा शहर हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल है।

## जेनरल ने आयोजित सम्मान समारोह के साथ रामनवमी का किया समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के रामनवमी का समापन समारोह संपन्न हुआ। यहां रामनवमी मनाए जाने की परंपरा 1934 से है, अब तक के परंपरा के मुताबिक रामनवमी पर्व का समापन महावीर नवयुवक दल जेनरल ने आयोजित सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण के साथ किया। छः मुहान चौक के पास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर एवं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विजय ओझा ने किया। जेनरल के तमाम पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में पलामू आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा उपस्थित रहे। शोभायात्रा में शामिल श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि अपनी आवाज को श्री राम के नारों से इतना बुलंद कीजिए कि डीजे की आवाज उसके सामने दब जाए भगवान राम के आदर्शों और रामायण के पात्रों के चरित्र को जीवन में अपनाये जाने से ही मानव जन्म सफल हो सकता है। अगले साल से रामनवमी में उन्होंने पलामू पुलिस के द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। सर्वश्रेष्ठ रथ का प्रथम पुरस्कार उपकार संघ हमीदगंज विश्व संघ क्लब जिला स्कूल एवं न्यू सुरभि क्लब हमीदगंज को दिया गया जबकि द्वितीय पुरस्कार न्यू एकता स्टार क्लब हमीदगंज संस्कार क्लब नावाटोली एवं भारत सेवक संघ को दिया गया तीसरा पुरस्कार न्यू सांस्कृतिक क्लब विश्व शांति क्लब एवं हिंदू सेना संघ को दिया गया

सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का प्रथम पुरस्कार महावीर युवा मंडल ओम शांति क्लब एवं जय बजरंग संघ को दिया गया जबकि सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का दूसरा पुरस्कार सांस्कृतिक कल्ब दुकानदार संघ जय विजय संघ जबकि सर्वश्रेष्ठ मूर्ति का तीसरा पुरस्कार श्री श्री लक्ष्मी नारायण समिति वीर भगत सिंह एवं महावीर संघ को दिया गया। रामनवमी के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले परमेश्वर राम, जोगीराम मल्लू रजक नागो कुमार, अजय कुमार, राजा कुमार, श्रेष्ठ कुमार, छमछम कुमार, आदित्य कुमार मिथिलेश सोनी, राम लखन साहू अवधेश प्रजापति, सुनील कुमार, मुनीराम श्यामू, रंजन कृष्णा प्रसाद सोनी योगेश्वर राम, अजय कुमार नागौर राम आदि ने अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत हुए।

मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल, सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह अमृत अग्रवाल अमृत अग्रवाल स्वेतांग गर्ग विकास सिंह संजय बर्मन राजकुमार बर्मन समेत जेनरल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने किया जिम का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शहर के बाइपास रोड में बॉडी फिटनेस क्लब जिम का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रोपराइटर सुधांशु शेखर मेहता ने विधायक डॉ मेहता का स्वागत किया। मौके पर संजय चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, रितिक कुमार, जितेंद्र कुमार मेहता, अवधेश मेहता, सुदर्शन मेहता, सच्चिदानंद गुरुजी समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा की बेहतर स्वास्थ और फिटनेस के लिए जिम जरूरत बन गया है। उन्होंने कहा की मेदिनीनगर शहर का तेजी से विकास हो रहा है। लोगों की आवश्यकता को देखते हुए यहां जिम का खुलना जरूरी था।

### लूटकांड के फरार आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद, पलामू।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्मी पुर के दो न्ययालय व पुलिस से फरार अभियुक्त को हुसैनाबाद पुलिस ने न्यायालय से 48 घण्टे रिमाण्ड पर लिया जिसमें पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दिया। इस संबंध में एसआई सौरभ कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्मिपुर के सुमन्त कुमार सिंह पिता विन्देशरी सिंह, पिंटू सिंह पिता राजेन्द्र सिंह हुसैनाबाद थाना काण्ड संख्या 262/22 भादवी धारा 395 के प्राथमिकी अभियुक्त थे जो पुलिस से फिरार चल रहे थे जिनके विरुद्ध उनके घर पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया गया था एवं उक्त दोनों अभियुक्तों ने माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जिसके बाद पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लाई थी आवश्यक पूछ ताछ करने के पश्चात उन्हें पुन: न्यायालय हिरासत मेदिनीनगर भेजा गया हैं।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सम्मानित

**मेडीनगर।** रामनवमी के मुख्य शोभायात्रा में सेवा भाव स्टॉल लगाने के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को अहले सुबह डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पर हो रहे सम्मान समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी व प्रदेश अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकु तिवारी) को माल्यार्पण व पगडीप़ोशी कर स्वागत किया गया। इस संबंध में सेवा भाव स्टॉल के प्रभारी पंडित चंदन तिवारी ने बताया की युवा वाहिनी के द्वारा प्रत्येक वर्ष रात्रिकालीन सुविधा उपलब्ध कराया जाये गा। युवा वाहिनी के सेवा भाव स्टॉल पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रदेश के पूर्व संरक्षक आशीष भारद्वाज, कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, बिजू बाबा, प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, किशोर दूबे, रमेश शुक्ला, अजय शुक्ला, दिवाकर दूबे, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, फोटू दूबे, सोनू दूबे, आशीष दूबे, ज्ञानेश तिवारी रवि शर्मा, राजशेखर द्विवेदी, मुन्ना दूबे, चंदन दूबे, राजा पांडेय, अभिषेक दूबे, दिलिप तिवारी, सहित कई सदस्य मौजूद थे ।

### रामनवमी पर पत्रकार हुए सम्मानित



**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर में शुक्रवार को रामनवमी शोभायात्रा के पूर्व स्थानीय महावीर जी भवन में महासमिति के द्वारा जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया,कार्य क्रम का संचालन सचिन कुमार आनंद ने किया,जिसमें आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, व महासमिति के संजयोजक आलोक नाथ केशरी, बजरंगी अखाड़ा के राहुल केशरी, संतोष कश्यप ,पंकज गुप्ता, बिट्टू कश्यप ,जितेंद्र कुमार ,गौतम कांस्यकार आदि ने जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण भाजपा नेता वीनोद कुमार सिंह,पुलिस पदाधिकारी, दीपक कुमार, कमलेश कुमार, रीडर अशोक कुमार, एससी, दास, नगर प्रबन्धक राकेश कुमार, चिकित्सा दल में डॉ विकास गुप्ता , आनंद सिंह, निरंजन कुमार, भाजपा नेता, डॉ कर्नल संजय सिंह, रविन्द्र सिंह,रामेश्वर राम, प्रतिष्ठित नागरिक, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रकाश अग्रवाल, अशोक काश्यप, पत्रकार में नौशाद खान, संजय ओझा, जितेंद्र प्रसाद,एस के चंदेल, धनंजय कुमार ,विकास कुमार, जितेंद्र रावत,गौतम पटेल, मनोज प्रजापति आदि सभी पत्रकार एवं कई गणमान्य लोगों को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्रवण अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, कामाख्या नारायण सिंह, अजय गुप्ता, उदय नाथ विश्वकर्मा, दीना सोनी, संतोष गुप्ता, दीपक सोनी, काशी सोनी, छोटेलाल केशरी, संतोष सोनी आदि सैकड़ो राम भक्त उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में दसवीं को निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

# राम दरवार की झांकी व बांदरी सेना रहा आकर्षण का केंद्र

- स्टार युवा संघ ने रामभक्तो को खिलाया खीर
- स्टार युवा संघ ने पंचमुखी मंदिर बाजार परिसर में स्टॉल लगाया। संघ के सभी सदस्यों ने रामनवमी जुलूस में शामिल रामभक्तो को खीर खिलाया।
- हरिओम कम्प्लेक्स द्वारा रामभक्तो को पिलाया शबत पानी
- हरिओम कम्प्लेक्स द्वारा स्टॉल लगाया गया।स्टॉल में समाजसेवी संजय पासवान ने अपने समर्थकों के साथ जुलुस में शामिल राम भक्तो को शारबत-पानी पिलाया।
- युवा सामाजिक कार्यकर्ता संघ ने भंडारे का किया आयोजन
- विश्रामपुर महाबीर मंदिर परिसर में युवा सामाजिक कार्यकर्ता संघ ने भंडारे का आयोजन किया।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप विश्रामपुर में रामनवमी का जुजूस दसवीं को निकाला गया। जुलुस विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से शुरू हुआ। रामनवमी जुलूस गढ़ मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, अंजान शाहिद देव स्थल सहित नप मुख्यालय के हर गली कुच्चो से गुजरी। स्थानीय डाक बंगला परिसर में जय श्री राम के घोष के साथ समापन्न हुआ। रामनवमी जुलूस में राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलूस में एक ही नारा व एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम गूंज रहा था। विश्रामपुर के जुलूस में पांडेपुर, कबिलासी, उरसुला, झगरुआ, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर, पाचघरा, बघमानवा, कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिसर में हुआ। राम दरबार की झांकी व बंदरी सेना का प्रदर्शन जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस के दौरान राम भक्तो ने अखाड़ो में एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जुलूस में एसआई विजय कुजूर, समाजिक सेव समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, एएसआई अनिल सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, रमेश चौबे, रामलखन केशर, अवधेश केशरी, सुरेंद्र केशरी, कामेश्वर केशरी, अनुज कुमार चौधरी, संजय ठाकुर, अमितेश्वर दयाल, चंद्रदेव चौधरी कुकू, विकास कुमार, सत्यम सोनी, सिंकू चंद्रवंशी, राजकुमार मेहता, रामकुमार, लल्लू चंद्रवंशी, शशिकांत ठाकुर, राजेश मार्शल, विनोद कुमार विश्वकर्मा आदि लोग शामिल थे।

### पूजा कमेटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

विश्रामपुर रामनवमी पूजा कमेटी ने अतिथियो, पुलिस अधिकारियों व स्थानीय गण्यमान्य लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री के पुत्र सह युवा भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कमेटी के लोगो ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,थाना प्रभारी शशि रंजन, गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, बिहारी लाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, सीताराम आर्य, भाजपा नेता मनीष कुमार, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, शमशेर अली अंसारी, सतेंद्र यादव, डॉ अल्लाउद्दीन अंसारी, रजीनिश कुमार सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## पांकी में बजरंग दल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बजरंग दल के सदस्यों को भेंट किया तलवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के लोगों के द्वारा रामनवमी पर्व के अवसर पर गुरुवार की दोपहर शहीद भगत सिंह चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों के हाथों भंडारे का प्रसाद वितरण कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में विधायक ने बजरंग दल के सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप तलवार भेंट की, वही बजरंग दल के लोगों ने भी विधायक समेत अन्य अतिथियों को पगड़ी एवं रामचरितमानस पुस्तक देकर सम्मानित किया।

मौके पर मौजूद बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी, अखिलेश कुमार सहित बजरंग दल के लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम नवमी के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया बजरंग दल प्रखंड क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के लिए सदैव तत्पर रहता है। मौके पर बजरंग दल के सभी कार्यकताओं समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मर्यादा के साथ मनायें राम जन्मोत्सव : कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद के महावीर जी भवन से रामनवमी की शोभा यात्रा उल्लास व धूम धाम से निकली गई। शोभा यात्रा के में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। उन्होंने लोगों को मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव पर रामनवमी की शुभकामनाएं दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि मयार्दा में रहते हुए मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम के आदर्शो को अपनाते हुए पर्व मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो पर चलकर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने महासमिति द्वारा शांतिपूर्ण आयोजन के लिए उन्हे बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शो को जनजन तक पहुंचाने की जरूरत है। युवा नेता सूर्या सिंह ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कहा कि श्रीराम के जन्मोत्सव पर हुसैनाबाद क्षेत्र में जो उल्लास देखने को मिला, यह क्षेत्र के लिए गवरव की बात है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार में एकजुटता व सहयोग की भावना लोगों में दिखती है। जो काफी सराहनीय है।उन्होंने क्षेत्र के लोगों को रामनवमी पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। नेताओं ने क्षेत्र राज्य की खुशहाली और अमन की कामना भी की। उन्होंने कहा कि आगे और बेहतर ढंग से त्योहार मनाया जाएगा। इसके लिए वह खुद भी आगे आकर काम करना चाहेंगे। उन्होंने अधिकारियों पुलिस कर्मियों व राम भक्तो को त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में एनसीपी नेता कार्यकर्ता व राम भक्त शामिल थे।

## हिन्दू सेवा समिति महावीर मंडल ने रामभक्तों का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** श्री रामजन्मोत्सव के अवसर पर छतरपुर के ग्रामीण इलाके से रामनवमी पूजा समिती के लोगों ने पारंपरिक गाजे बाजे के साथ जुलूस लेकर फुलवारी मैदान में अखाड़ा स्थल पहुंचे। शहर जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से गूंजता रहा। वही हिन्दू सेवा समिति महावीर मंडल बजरंग दल समेत कई समाजिक संगठन के राम भक्त श्रद्धालुओं ने जुलूस में आए हुए भक्तों को शरबत, गुड़, पानी और भंडारा की सेवा प्रदान की। इस दौरान महावीरी झंडे के साथ इस शोभायात्रा की शुरूआत ठाकुरबाडी के मंदिर से की गई। शोभायात्रा के दौरान प्रशासन के द्वारा ड्रोन कैमरे से - चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान विधि- व्यवस्था को लेकर आइ जी पलामू भी मौजूद थे। छतरपुर फुलवारी मैदान में रामजनमोत्सव अखाड़ा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतिभागियों के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता शह पूर्व सांसद मनोज कुमार, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जायसवाल, बीडीओ अशोक कुमार, समाजसेवी मुन्ना जायसवाल, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर अखडा का उद्घाटन किया गया और सभी' अतिथि को तलवार और अंगवस्त्र देकर समिति के लोगों ने स्मानित किया।शोभायात्रा में कई धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन भी देखने को मिला और कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी और झंडा लाने वाले समिति को पुरुस्कार देकर हौसला आफजाई किया गया।

## श्रीराम संपूर्ण मानव जाति के लिए आदर्श : अमित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** रामनवमी पूजा महोत्सव माता झारखंडी पूजा समिति के पगड़ी पोसी कार्यक्रम में पाकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित कुमार तिवारी का पगड़ी बांधकर स्वागत व अभिनंदन पूजा समिति के ने किया। इस अवसर अमित कुमार तिवारी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम भारत सहित संपूर्ण मानव जाति के आदर्श पुरुष है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम माता पिता का वचन निभाते हुए माता शबरी के जूठे बेर खाकर पारिवारिक एवं सामाजिक एकता का अभूतपूर्व उदाहरण संपूर्ण मानव जाति के सामने प्रस्तुत किया है। इस प्रकार के मेला एवं धार्मिक आयोजन हिंदू धर्म के विकास और संरक्षक में सबसे बड़ा योगदान प्रस्तुत करता है। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष जगलाल सिंह, विजय ठाकुर, अनुज सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, कामाख्या नारायण सिंह विजय सिंह, अनुज पासवान सुनील शर्मा अमरजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## जपला में निकली प्रभु श्री राम की शोभायात्रा, भगवामय हुआ शहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** नव दिनों तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि के समाप्ति के बाद प्रभु श्री रामजन्म उत्सव सह रामनवमी जुलूस शुक्रवार निकाला गया, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न अखाड़ा समितियों एवं पूजा समितियों ने गाजे बाजे ढोल नगाड़ा, व भगवा झंडा, शास्त्रों के साथ रामभक्तों ने शहर में प्रवेश किया,पूरा शहर श्री राम के जयकारों से गूंज उठा सैकड़ों बड़े बड़े झंडे व विभिन्न समितियों ने आकर्षक झांकी निकाला जिसे देखने के लिए हजारों महिलाओं व पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी, प्रत्यदर्शियों के अनुसार 10 हजार से ज्यादा रामभक्त जुलूस में शामिल हुए,वहीं शहर में विभिन्न स्थानों पर कई राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने राम भक्तों के सेवादारी में जलपान की व्यवस्था किये थे। इधर विधि व्यवस्था को लेकर एसडीएम कमलेश्वर नारायण अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश, अंचला अधिकारी नंदकुमार राम बीडीओ रतन कुमार, पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, एस आई सौरभ कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज आदि कई बड़े अधिकारी व जिला, जैप, आईआरबी के पुलिस बल थाना के चौकीदार व होमगार्ड भी चप्पे चप्पे जगहों पर नजर बनाए हुए थे पुलिस के द्वारा ड्रोन कैमरा से उपद्रवी लोगो पर विशेष निगरानी रख रही थी।

**ये लोग थे शामिल :** माननीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शशी कुमार उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, भाजपा नेता वीनोद कुमार सिंह, डॉ कर्नल संजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम, एनसीपी नेता सूर्या सोनल सिंह समेत कई गणमान्य पंचायत के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# मेदनीनगर में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

**मिन्हाज आलम (खबर मन्त्र)**





**मेदिनीनगर सदर।** ग्राम पंचायत सुआ कौड़िया सदर मेदनीनगर में राम जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। राम जन्म उत्सव के शुभ अवसर पर बुधवार को दिन में विशाल जुलूस एवं संध्या 5:00 बजे से पलामू प्रमंडल के मशहूर गायक मिंटू लाल भोजपुरी ने संगीत प्रोग्राम दिया वही छपरा बिहार से चलकर आए हुए कलाकार प्रथम पक्ष व्यास श्री प्रदुमन परदेसी एवं द्वितीय कलाकार व्यास रोशन राज ने रामनवमी जन्मोत्सव पर कला का जलवा बिखेरा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया एवं अविनाश देव, अजीत मेहता जिला पार्षद बासु देवी, मनिका क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह के सुपुत्र युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सुआ कोरिया रामनवमी समिति का संचालन हृदयानंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक अर्जुन सिंह, जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुबोध कुमार विश्वकर्मा तथा काफी संख्या में सुआ कोरिया रामनवमी समारोह समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के नेतृत्व में चैता दुगोला कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस बल का भी काफी सहयोग मिला वह ड्यूटी में तैनात एसआई राम तबकया, एसआई धीरेंद्र सिंह, एसआई राकेश कुमार, एसआई अभिमन्यु सिंह दिन रात मेहनत कर प्रोग्राम को सफल बनाएं।

मौके पर सुआ मुखिया दुलारी देवी कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह संतोष प्रसाद साव उप मुखिया प्रमोद राम पंचायत समिति सदस्य छोटन राम पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुधीर राज अजय चौधरी मुखिया पति उपध्या सिंह मुकेश कुमार गुप्ता बुलबुल पांडे देवदत्त उरांव उदय उराव मुखिया पति कौड़िया रविंद्र सिंह समाजसेवी अवधेश विश्वकर्मा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संकल्प की पवित्रता को बनाये रखें : मनोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रभु श्री राम के आर्दश को आत्मसात करने का संकल्प लेने का दिन है रामनवमी। संकल्प की पवित्रता बने रहने से ही एक बेहतर समाज की रचना होगी। यह कहना है नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। उन्होंने कहा की आज के समय में राम जैसे मर्यादित आदर्श व्यक्तित्व का बने रहना बड़ा मुश्किल हैं। राम का जीवन इसलिए भी सभी के लिए आदर्श हैं, क्योंकि उनका जीवन पिता के प्रति, पुत्र रूप, पति के रूप में, राजा के रूप, भाई के रूप में, यौद्धा के रूप में अद्वितीय रहा था। इसलिए हम सभी को यह समझना होगा कि समाज और राष्ट्र के प्रति जो जिम्मेदारी है उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन करे।उन्होंने कहा की आज युवा वर्ग बडी संख्या में धार्मिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागदारी निभा रहे हैं। युवा धर्म के मर्म को समझ रहे है। यह आने वाले कल के लिए बेहतर संकेत है क्योंकि धर्म हम सभी को निरंतर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्री सिंह गुरुवार को महावीर नवयुवक दल जेनरल, महावीर नवयुवक दल जेनरल (शाहपुर), महावीर नवयुवक दल जेनरल(चैनपुर), महान क्लब चैनपुर, न्यू सुरभि क्लब हमीदगंज, नवयुवक संघ कल्याणपुर,समाज कल्याण समिति कुंड मुहल्ला, भारत सेवक संघ नई मुहल्ला, जीनियस क्लब बैरिया, क्रांति संघ (सेवासदन रोड) सहित कई क्लब में में पहुँच कर भगवान के झांकी का दर्शन किया। इस दौरान सभी कमेटियों के द्वारा श्री सिंह का माल्यार्पण व पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया।

# रामनवमी झंडा को लेकर हल्दीपोखर में दो पक्षों में हुआ बवाल

## पथराव में दो मुखिया, सीओ, दो जवान घायल

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर में रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस में शुक्रवार को भारी विवाद हो गया। विवाद का कारण झंडा में लगे बांस का तीन चार फीट टूटना बताया जा रहा है। घटना स्थल स्थानीय रंकिणी मंदिर से 50 कदम दूर दूसरे समुदाय द्वारा पथराव करने से हल्दीपोखर पूर्वी की मुखिया देवी कुमारी भूमिज घायल हो गई। इसके बाद आक्रोश और बढ़ गया। जानकारी अनुसार विजय बजरंग अखाड़ा हल्दीपोखर के तत्वावधान में शुक्रवार अपरान्ह चार बजे मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर से हजारों रामभक्तों के संग निकला। मुख्य पथ, चावल बाजार, दुर्गा मंदिर, कीर्तन पाड़ा होते हुए तय रुट रंकिणी मंदिर तक जुलूस खेल करतब दिखाते हुए पहुंचा। निर्धारित स्थान पर झंडा खड़ा करने के दौरान झंडा को आगे बढ़ने से रोकने हेतु झंडा के अगले भाग को पकड़ने और पीछे से दबाव देने से 30 फीट लंबे रामनवमी झंडा का अगला तीन चार फीट हिस्सा टूट गया। विवाद यहीं से शुरू हुआ। अखाड़ा कमेटी द्वारा मौके पर उपस्थित प्रशासन के पदाधिकारी द्वारा झंडा टूटने का कड़ा विरोध किया, इतने में रंकिणी मंदिर के पीछे और पश्चिम भाग से दूसरे समुदाय द्वारा पथराव शुरू कर दिया गया। पथराव से हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत की मुखिया देवी कुमारी भूमिज को चेहरे एवं बाईं आंख में गंभीर चोट लगी। इलाज के दौरान चेहरे पर तीन टांके पड़े। मौके पर जूलूस की ओर से पथराव का जबाब दूसरे पक्ष के लोगो द्वारा भी किया गया। पथराव से पोटका के सीओ इम्तियाज अहमद, पूर्व मुखिया सैय्यद जबीउल्लाह, सैट के हवलदार नंदलाल हाजरा, पुलिस जवान संदेश राम को चोट लगी। घटना के बाद रंकिणी मंदिर के सामने अखाड़ा के हजारों लोग आक्रोशित होकर पथराव के दोषियों पर कारवाई करने की मांग डीएसपी व सीओ से करने लगे। इधर घटनास्थल से झंडा को विसर्जन करने स्थानीय कमल तालाब लाकर ठंडा किया गया। घटना की सूचना पाकर एसपी (ग्रामीण) मुकेश लुणाएत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और भीड़ से वार्ता कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन और अखाड़ा कमेटी से वार्ता जारी है। पत्थरबाजी और झंडा टूटने के विरोध में आज हल्दीपोखर बंद पोटका।पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर में रामनवमी झंडा को लेकर हुए पत्थरबाजी और विवाद के विरोध में कल शनिवार को हल्दीपोखर बाजार और साप्ताहिक हाट बंद करने की घोषणा विजय बजरंग अखाड़ा द्वारा लिया गया। इसकी जानकारी लाईसेंसी रतन सोनकर, अध्यक्ष संतोष मंडल और सचिव ष्णा गुप्ता ने किया। इन्होंने कहा कि हल्दीपोखर रामनवमी झंडा जुलूस के दौरान झंडा को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने के दौरान झंडा का अगला भाग टूटने और दूसरे समुदाय द्वारा पत्थरबाजी की घटना निंदनीय है। घटना के लिए सीओ इम्तियाज अहमद पर आरोप लगाया गया है। कहा कि सीओ एक समुदाय का पक्ष लिये, इस कारण विवाद बढ़ा। अखाड़ा मांग करती है कि पत्थरबाजी के लिए दोषियों को चिन्हित कर अविलंब कानूनी कारवाई किया जाय।






इसी ठेला-ठेली में टूटा झंडा, घायल मुखिया देवी कुमारी भूमीज, घायल युवक, घायल जवान संदेश राम।

# टाटा में रामनवमी जुलूस का शांतिपूर्ण ढंग से हुआ विसर्जन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में प्रशासन द्वारा गुरुवार की शाम शोभा यात्रा के लिए तैयार किए जा रहे एक ट्रेलर को जब्त करने से अखाड़ा समितियों की नाराजगी के बीच शुक्रवार को रामनवमी विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से देर रात संपन्न हुआ। पहले तो बिना शर्त ट्रेलर छोड़ने की मांग पर बाल मंदिर अखाड़ा समिति, साकची के अध्यक्ष सुमन अग्रवाल और ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह अखाड़ा कमेटी के मुख्य संरक्षक अभय सिंह ने विसर्जन रोक दिया और शनिवार को जमशेदपुर बंद भी कॉल कर दिया किन्तु प्रशासन के आग्रह पर सांसद विद्युतवरण महतो ने अखाड़ा समितियों और प्रशासन के बीच मध्यस्थता कर सभी को विसर्जन करने के लिए राजी कर लिया। इसके साथ ही शनिवार को जमशेदपुर बंद वापस ले लिया गया है। वैसे साकची के अखाड़ा समितियों के आह्वान के बावजूद दोपहर से टेल्को, सोनारी ,परसूडीह, हुलुदबनी, बारीडीह आदि क्षेत्रों से अखाड़ों ने विसर्जन जुलूस निकालना शुरु कर दिया। किन्तु साकची और मानगो के अखाड़े विसर्जन नहीं करने पर अड़ गए। ऐसे में प्रशासन ने सांसद को मामले में मध्यस्थता करने के लिए शाम में बुलाया। सांसद विद्युतवरण महतो ने प्रशासन और रामनवमी अखाड़ा कमेटियों की बैठक सर्किट हाउस में करायी। डीसी विजया जाधव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव से कहा कि आप लोग हर दिन अपने काम के लिए तीन-चार बार कॉल करते हैं। कल अगर कोई नाराजगी थी तो आपने क्यों नहीं कॉल किया। छोटे से मामले को लेकर आप लोगों ने एकतरफा फैसला कर लिया कम से कम मुझसे अथवा एसएसपी साहब से बात करनी थी।




साकची गोलचक्कर पर गुजरता एक रामनवमी जुलूस, सांसद विधुतवरण महतो, डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार नाराज रामनवमी अखाड़ा कमेटी के अभय सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गूंजन यादव व अन्य के साथ बैठक करते हुए।

# अगले वित्तीय वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन करेगी टाटा स्टील : सीईओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्र में आज वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कहा कि वर्ष 2022 -23 में कंपनी मैं बहुत बेहतर उत्पादन किया है लेकिन प्रफिट कितना होगा यह नहीं कहा जा सकता।

दूसरी और तीसरी तिमाही में कंपनी की आमदनी पर असर पड़ा था लेकिन अभी कुल कितना प्रफिट हुआ है यह अभी नहीं बता सकते लेकिन स्थिति बेहतर करने की कोशिश हो रही है। नरेंद्र माइकल जन सभागार के आधुनिकीकरण के पश्चात लोकापर्ण समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण थोड़ा असर जरूर पड़ा है लेकिन चीन के हालात सुधर रहे हैं क्योंकि वहां कोविड-19 नियम में सरकार ने ढीला देना शुरू किया है। इस कारण भारत में भी कारोबारी लिहाज से स्थिति बेहतर हो रही है। नरेंद्रन ने बताया कि उम्मीद है कि 2023 में टाटा स्टील ज्यादा बेहतर तरीके से आगे बढ़ सकेगी। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि नए मटेरियल पर हम लोग काम कर रहे हैं ग्रेफीन मेडिकल समेत अन्य उपकरणों को लेकर भी हम लोग काम कर रहे हैं हाल में ही कंपनी को वंदे भारत ट्रेन का आर्डर मिला है। उन्होंने कहा कि हम लोग निवेश कर रहे हैं जमशेदपुर प्लांट में नया निवेश तो नहीं हो रहा है लेकिन डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्री में जमशेदपुर में हम लोगों ने निवेश जारी रखा है। टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स समेत अन्य कंपनियों मैं टाटा स्टील निवेश बढ़ा रही है।

# प्रबंधन और यूनियन मिल कर काम करते रहेंगे : टीवी नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश की सबसे पुरानी टाटा वर्कर्स यूनियन के माइकल जन अडिटोरियम का कायाकल्प के पश्चात आज नए रूप में उद्घाटन हुआ। इसके कायाकल्प पर 2 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसमें सीटों के साथ-साथ एसी एवं अन्य उपकरण पूरी तरह से बदल कर आधुनिक तरीके से रंग रोदन किया गया है। टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से नए रूप में अडिटोरियम का उद्घाटन किया। इस मौके पर टाटा स्टील के वीपी संजीव पॉल, वीपी चाणक्य चौधरी, वीपी एचआरएम अत्रेई सान्याल, बीपी चैतन्य भानु , वीपी प्रभात कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।




हेल्थ कैंप में रोगियों की जांच करते डा राजीव, डा पल्लवी गौतम व अन्य चिकित्सकगण।

टाटा वर्कर्स यूनियन को टाटा स्टील का स्टील प्रबंधन अब भी कितनी अहमियत देता है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक छोटे से कार्यक्रम में भी एमडीटीवी नरेंद्रन के साथ सारे बीपी स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

# हेल्थ कैंप में 250 से अधिक की जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ डा.आरपी ठाकुर की छठवें पुण्यतिथि के अवसर पर गुरूवार को मनीफीट टीओपी के बगल में एन एडवांस स्कीन हॉस्पिटल में फ्री मेगा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें चर्म रोग विशेषज्ञ डा राजीव ठाकुर, डा पल्लवी गौतम, डा मनोरमा सिद्देश, डा रेणु राय चौधरी, डा अजीत कुमार सिंह, डा अक्षय कीर्ति, डा ओ पी ठाकुर, डा रोहीत झा एवं डा राजीव कुमार चिकित्सकों की टीम ने आये मरीजों का मुफ्त इलाज एवं मार्गदर्शन दिया और दवा भी फ्री दी गई। 250 से अधिक रोगियों का इलाज किया गया। इसमें सर्वाधिक मरीज चर्म रोग से संबंधित थे जिसमें खुजली फंगस इंफेक्शन आदि शामिल हैं।

उक्त अवसर पर कांग्रेस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजय कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कन्हैया सिंह एवं बी आर फैमिली से अखिलेश ठाकुर, तारकेश्वर ठाकुर सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

डा.राजीव ठाकुर ने बताया कि पिताजी डा.आर.पी.ठाकुर वैसे तो टीएमएच के वरीय चिकित्सक थे लेकिन जब भी उन्हें अवकाश मिलता था वे गरीबों और जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज करते थे और लाचार लोगों के लिए मुफ्त दवा की व्यवस्था कर देते थे।



हेल्थ कैंप में रोगियों की जांच करते डा राजीव, डा पल्लवी गौतम व अन्य चिकित्सकगण।

# विस्तार कार्यक्रम का शिलान्यास 3 को सीएम के हाथ

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर जिले में टिनप्लेट इंडिया कंपनी लिमिटेड (टीसीआइएल) में कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम) के तीसरे चरण का प्लांट लगेगा। इसमें कंपनी प्रबंधन लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।तीन अप्रैल की दोपहर एक बजे नए प्लांट का शिलान्यास करने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमशेदपुर आ रहे हैं। टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई, टिनप्लेट कंपनी जमशेदपुर में वर्ष 1920 से संचालित है, जो फूड प्रोसेसिंग कंपनियों के लिए पैकजिंग टिन कैन का निर्माण करती है। वर्तमान में कंपनी में संचालित सीआरएम-1 से प्रतिवर्ष 180 लाख टन व सीआरएम-2 से 20 लाख टन का उत्पादन करती है। बाजार में टिन कैन की डिमांड को देखते हुए टिनप्लेट प्रबंधन अपनी वर्तमान उत्पादन क्षमता में विस्तार कर रहा है। इसके लिए प्रबंधन द्वारा सीआरएम-3 प्लांट लाया जा रहा है, जिसकी प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता 320 लाख टन होगी। नया प्लांट, पुराने दोनों प्लांट से बड़ा होगा और इसकी उत्पादन क्षमता भी अधिक होगी। कंपनी प्रबंधन की माने तो नए प्लांट में आधुनिक मशीनों के साथ कंटीन्युअस असेंबली लाइन होगी, जिसमें उत्पादन होगा। इसी नए प्लांट के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शहर आ रहे हैं। गत गुरुवार शाम उपायुक्त विजया जाधव ने कंपनी के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। सीआरएम-3 के रूप में नया प्लांट को 18 माह में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद नए प्लांट से वाणिज्यिक उत्पादन होगा।

## दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को चार साल की सजा

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में युवती के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के दोषी भरनो मलगो निवासी सज्जाद अंसारी उर्फ गुड्डू को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी। दोषी को धारा 376/511 के तहत चार साल कठोर कारावास की सजा व 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर एक साल साधारण कारावास की सजा भुगतना पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना 25 सितंबर 2011 है। युवती घटना के दिन दिल्ली से करीब सात बजे शाम को अपने प्रखंड पहुंची। वाहन नहीं मिलने के कारण पैदल ही अपने गांव की ओर जाने लगी। उसी दौरान आरोपी अपना साइकिल से आया और पीड़िता को गांव छोड़ने की बात कह आलू की खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

# भगवान राम के जीवन से सीख लेने की जरुरत : सुदर्शन भगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** ऐतिहासिक भरत मिलाप सह दशमी मेला का आयोजन प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली मेला टांड़ में किया गया। जिसमें अलग अलग जगहों से सैकड़ो की संख्या में अखाड़े पहुँचकर बैंड, ताशा, ढोल, नगाड़े, कैसीओ बाजा के साथ रामभक्त जय श्री राम, हर हर महादेव, हिन्दू अखाड़ा जिंदाबाद राम लखन जान की जय बोलो हनुमान की जयकारे से पूरा प्रखंड क्षेत्र गुंजायमान रहा। महावीर मंडल कैरो द्वारा सभी अखाड़ों के बीच कलाबाजियां दिखाने के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ पुरस्कार के साथ सभी अखाड़ों को तलवार, चाकू, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को आयोजक समिति द्वारा श्रीराम लिखा हुआ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि श्रीराम के जीवन चरित्र से हर एक मानव को सीखने की जरूरत है कि किस तरह तप, त्याग, बलिदान के साथ साथ दया और धर्म के प्रति अडिग रहने के साथ ही क्षमा सब धर्मों से बड़ा है किंतु अगर जरूरत पड़े तो क्रोध और दंड भी देने में पीछे नही हटना चाहिए।

# अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 2 को जमशेदपुर में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश के एक प्रमुख आभूषण ब्रांडों के आउटलेट का उद्घाटन 2 अप्रैल को एस बी शॉप एरिया में होने जा रहा है। इस शोरूम का उद्घाटन 2 अप्रैल रविवार को बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी करेंगी। इस शोरूम के साथ ब्रांड इस प्रदेश के सबसे बड़े बाजार जमशेदपुर में प्रवेश करेगा।



# टाटा स्टील से 37 साल की सेवा के पश्चात रिटायर हुए वीपी संजीव पॉल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट सेफ्टी संजीव पाल 37 साल की सेवा के पास कंपनी से 31 मार्च को रिटायर हो गए। आज उनका आखिरी कार्य दिवस था । उनकी जगह नए वीपी के तौर पर राजीव मंगल ने कल से पदभार संभाल लेंगे। राजीव मंगल को पहले सहित पदेन वाइस प्रेसिडेंट बना दिया गया था। राजीव मंगल 1 अप्रैल से सेफ्टी हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी के वाइस प्रेसिडेंट का काम संभाल लेंगे। टाटा स्टील के भाजपा सिडेंट संजीव पल एक हरफनमौला अधिकारी के तौर पर जाने जाते रहे हैं वह एनआईटी जमशेदपुर के पास आउट रहे हैं और करीब 41 साल से वे जमशेदपुर में हैं। टाटा स्टील से जुड़ाव के दौरान उन्हें पूर्व सीएमडी रुसी मोदी, पूर्व एमडी डा जेजे ईरानी, बी मुत्थुरामण, एचएम नेरुरकर और दो टर्म के एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ काम करने का मौका मिला। संजीव पाल टाटा स्टील की सहायक कंपनी जुस्को के पहले एमडी रहे हैं और फिर टाटा स्टील में वीपी कारपोरेट सर्विसेज, टाटा मेटालिक लिमिटेड के एमडी और पुनः टाटा स्टील में वीपी सेफ्टी पद पर रहे और शानदार प्रदर्शन किया।

# रामनवमी की शोभायात्रा में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा शहर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में रामनवमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के शहर सहित कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से रामनवमी की शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें पारंपरिक अस्त्रों व महावीरी पताकों के साथ शामिल होकर हर आयु वर्ग के लोग रामभक्ति की धुन पर खूब झूमे। जुलूस में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के खेल का भी प्रदर्शन हुआ।

इस बार की शोभा यात्रा में महिलाओं और बच्चियां का उत्साह देखते ही बनता था,सनातनी वेश भूषा से सुसज्जित लोगो ने जमकर रामधुन पर झूमे। भगवामय शोभा यात्रा में बजरंगियों ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर रामायण व श्रीराम और हनुमान पर आधारित झांकिया भी निकाली गई। बीआईडी अखाड़ा के युवाओं ने आग के खेल का भी प्रदर्शन किया। महिलाएं व युवतियों ने भी जुलूस में शामिल होकर नारी शक्ति की मिशाल पेश की। परंपरागत रूप से थाना टोली अखाड़ा से शोभायात्रा आरंभ हुई। शोभायात्रा में स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत भी शामिल हुए।मौके पर उन्होंने कहा की रामनवमी भगवान राम के प्रति हमारी श्रद्धा को व्यक्त करने का माध्यम है। हमे श्री राम से प्रेरणा लेनी की जरूरत है।

# टाटा स्टील ने जमशेदपुर के नागरिकों को उन्नत बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर समर्पित किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** खेलों को जीवन जीने का एक तरीका के रूप में बढ़ावा देते हुए, टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में उन्नत अत्याधुनिक टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर का उद्घाटन किया। टीवी नरेंद्रन, सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील, ने मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और रितुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (जैन्स्), प्रणय सिन्हा, चीफ कर्पोरेट सर्विसेज (जमशेदपुर), टाटा स्टील, और मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, टीएफए एंड स्पोर्ट्स, टाटा स्टील की उपस्थिति में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्नत बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र अब अंतरराष्ट्रीय मानक प्रकाश व्यवस्था के साथ 5 सिंथेटिक सतह कोर्ट से सुसज्जित है। इस सुविधा में दो वातानुकूलित कोर्ट भी शामिल हैं। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम हैं, जो सभी खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम संभव अनुभव सुनिश्चित करते हैं। नव निर्मित सुविधा अब शहर में राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी का मार्ग प्रशस्त करेगी। टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर सभी खेल प्रेमियों के लिए बेहतरीन माहौल प्रदान करने के लिए तैयार है। वर्तमान में, टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर में कुल 491 खिलाड़ी पंजीत हैं। टाटा स्टील खेलों की प्रबल समर्थक है और कल के एथलीटों को विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधा प्रदान करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।



दो तल वाले बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन करने के पश्चात उसके बारे में टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा से जानकारी लेते सीइओ टीवी नरेंद्रन। साथ में यूनियन अध्यक्ष व अन्य।

# नियोजन नीति को ले मशाल जुलूस, आज संथाल बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू छात्र समन्वय समिति राज्य के नियोजन नीति 60-40 समेत विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर संताल परगना प्रमंडल में एक दिवसीय सांकेतिक बंदी का आह्वान किया है। इस बावत समन्वय समिति ने मशाल जुलूस निकाल सभी वर्गों से बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है। मशाल जुलूस सिदो कान्हू चौक ( पोखरा चौक) से निकाल टीन बाजार होते हुए नीचे बाजार होते हुए वीर कुवंर सिंह चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गई। समन्वय समिति ने सरकार के 60-40 के अनुपात में नियोजन नीति पर सवाल खड़ा किया है। समिति ने तत्काल प्रभाव से नियोजन नीति रद्द करते हुए 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनाने की मांग की है। साथ ही



मशाल जुलूस निकालते छात्र समन्वय समिति

विगत दिनों सरकार ने पीजीटी और लैब टेक्नीशिन के आवेदन की अर्हता में भारत का नागरिक होना बताया है।

जिसका समन्वय समिति ने विरोध किया है। साथ ही सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में सीयूईटी को वापस लेने, पीजीटी (अर्थ शास्त्र) के लिए नए सिलेबस को रद्द कर पुराने सिलेबस को ही लागू करने और सभी सरकारी नौकरियों के आवेदन में भारत का नागरिक और झारखंड राज्य का स्थानीय निवासी ही आवेदन भरने की अर्हता करने की मांग की है। इसी मुद्दों को लेकर छात्र समन्वय समिति 1 अप्रैल संताल परगना प्रमंडल में एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। छात्रों में छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम, राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, ठाकुर हांसदा, एमानुवेल सोरेन आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### डीसी ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम दिन जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कोषागार में विपत्र की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कोषागार में प्राप्त सभी विपत्र वित्त विभाग द्वारा जारी संकल्प एवं नियम के अनुरूप पारित किये जा रहे हैं, कुछ विपत्र प्रक्रियाीन हैं। निरीक्षण के समय कोई भी विपत्र कोषागार में लंबित नहीं पाया गया। डीसी ने स्वयं भी कंप्यूटर द्वारा विपत्र जांच कर पारित करने की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। डीसी कोषागार परिसर की



जांच करते डीसी

साफ सफाई पर असंतोष व्यक्त किया।

साथ ही कोषागार पदाधिकारी को परिसर और कार्यालय को हमेशा साफ रखने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यपालक दण्डाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा विकास कुमार, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव समेत कोषागार के कर्मी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने नुक्कड़ सभा कर चलाया जनजागरुकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला कांग्रेस कमेटी बैठक जिला कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने की। बैठक में जिला कांग्रेस के प्रभारी प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश द्वारा दिए गए कार्यक्रम जय भारत सत्यग्रह सभा को 17 अप्रैल को समाहरणालय में जय भारत सत्याग्रह महासभा का आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद स्थानीय नगर परिषद चौक में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में प्रभारी श्री वर्मा ने कहा भाजपा सरकार हमारे नेता राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर दी गई है। हमें दुख इस बात का नहीं की राहुल




नुक्कड़ सभा को संबोधित करते कांग्रेसी नेता

गांधी की सदस्यता खत्म हो गई। हमें दुख इस बात का है की राहुल गांधी को सच्चाई बोलने नहीं दिया गया। अडानी कंपनी में 20 हजार करोड़ विदेशी रुपए किसके हैं, यह नहीं बताया जा रहा है। कांग्रेस जन-जन तक नुक्कड़ सभा के माध्यम से बताया जाएगा की किस कदर केंद्र की सरकार लोगों की मौलिक अधिकार का हनन कर रही है। जिला अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक तरीके से लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली हुई है। राहुल गांधी को बोलने से रोका गया।

## टीबी से ग्रसित मरीजों की मदद को सीडब्लयूसी ने बढ़ाया हाथ

**दुमका।** बाल कल्याण समिति ने टीबी रोग से ग्रसित मरीजों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। शुक्रवार को समिति के समक्ष टीबी रोग से ग्रसित एक आठ वर्षीय बालक और टीबी मरीज का दो साल के बेटे को प्रस्तुत किया गया। समिति ने दोनों बालकों को दुधानी स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी में आवासित कर दिया गया है।

## दुष्कर्मी को आजीवन कारावास व जुमार्ना

**दुमका।** 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में आयुक्त कार्यालय के कर्मी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुमार्ना की सजा सुनाया है। सजा डीजे 1 रमेश चंद्रा के न्यायालय ने शुक्रवार को मुकर्रर किया है। न्यायालय ने मुफ्स्सिल थाना क्षेत्र के चोरकट्टा गांव निवासी आयुक्त कार्यालय कर्मी जयराम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपए जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के स्थिति में 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला सितंबर माह वर्ष 2014 का है। जहां पड़ोस में रहने वाली बच्ची को बहला-फुसला का अरोपी जयराम सिंह ने दुष्कर्म किया।

## एसकेएमयू के एनएसएस इकाई ने नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



कॉलेज प्रशासन व एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी कॉलेज परिसर में सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई दो ने मनमोहक नुक्कड़ नाटक का आयोजन शुक्रवार को किया। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ स्नेह लता मुर्मू के सफल नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन पिछले 7 दिनों से चल रहा था। जिसके अंतर्गत आज स्वच्छता संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कॉलेज के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ अविनाश हांसदा एवं कॉलेज मीडिया प्रभारी डॉ कुमार सौरभ मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## रमजान के दूसरे जुम्मे को मुस्लिम भाईयों ने की नमाज अदा

**दुमका।** पवित्र रमजान माह में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से दूसरे जुम्मा की नमाज अदा की गई। इस पवित्र महीने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में रोजेदार करीब 12 से 15 घण्टे तक रोजे रख रहे है। मौलाना ने बताया कि यह महीना बुराई से तौबा कर अल्लाह की इबादत करने का खास महीना है। उन्होंने बताया कि रोजे का मतलब होता है कि बुराइयों से बचते हुए भलाई को अपनाना रोजा है।

### जनता दरबार में डीआरडीए निदेशक ने सुनी आमजनों की समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन विवाद एवं विद्युत समस्या को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# गैंगरेप में 4 दोषी करार, उम्रकैद की सजा व जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चर्चित गैंगरेप मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 4 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा एवं जुमार्ना किया। सजा डीजे वन सह चिल्ड्रेन कोर्ट रमेश चंद्रा के न्यायालय ने सुनाया। न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को 32-32 हजार जुमार्ना किया। न्यायालय ने चिल्ड्रेन ट्रायल 4/18 एवं 5/18 में आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने विभिन्न धारा के तहत दोषी करार देते हुए अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देते हुए सजा सुनाया। सजा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 97/17 में दोषी करार दिया।

### गढ़वा में मेडिकल कालेज खोलने का राह होगा आसान : सीएस

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल में 100 बेड का नया अस्पताल खोलने की झारखंड सरकार से स्वीति मिलने पर सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। सीएस ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धन्यवाद के पात्र हैं। गढ़वा जिला वासियों को अब और बेहतर एवं सर्व सुविधा संपन्न चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि 100 बेड के इस अस्पताल निर्माण की स्वीति मिलने के बाद गढ़वा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का राह आसान हो जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर जिस तरह से इस कार्य के लिए प्रयासरत हैं उम्मीद है कि बहुत जल्द इसमें भी सफलता प्राप्त होगी। जो गढ़वा जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

## सोयतबा, नुगरी एवं चकपोसी के ग्रामीणों ने देखी देश भक्ति फिल्में

**चक्रधरपुर।** सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट (एओएल) विजोतो टिनी के निर्देशन में सीआरपीएफ डी/60 समवाय द्वारा नागरिक कार्य योजना कार्यक्रम के तहत नक्सल प्रभावित ग्राम सोयतबा, नुगरी एवं चकपोसी के ग्रामीणों को देश प्रेम का संदेश दिया गया। साथ ही सहायक कमांडेंट जीएस ठाकुर ने नेतृत्व में देश भक्ति एवं सामाजिक बुराईयों से संबंधित फिल्में दिखाकर ग्रामीणों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत की और सीआरपीएफ के प्रति दृढ़ विश्वास बढ़ाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्यों सहित लगभग 300 ग्रामीण मौजूद रहे। जिसमें काफी संख्या में स्थानीय बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान दर्शको के बीच जलपान का भी वितरण किया गया।

# जिला कांग्रेस कमेटी का विस्तार, त्रिशानु राय बने महासचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी प०सिंहभूम का अनुमोदन कर दिया गया है। शुक्रवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी, प०सिंहभूम के प्रभारी विजय खां ने इसकी जानकारी प्रेस को दी है। अनुमोदित कमेटी में उपाध्यक्ष निसार अहमद, अनिता सुम्बरुई, पुरेन्द्र हेम्ब्रम, जय प्रकाश महतो, राजेश शुक्ला, रमेश सिंह। कोषाध्यक्ष ललित कुमार कर्ण, महासचिव राज कुमार रजक, त्रिशानु राय, रविन्द्र बिरुवा, देवकी कुमारी, कैरा बिरुवा, अभिजीत चटर्जी, मो. आबिद हुसैन, महावीर बिरुली, जशवीर बिरुवा, विजय सुम्बरुई, दिलबर खाखा, राजेश




चौरसिया, प्रदीप कुमार गोप, नूतन ज्योति सिंकु, सुशांत महतो, नूतन बिरुवा, अशोक कुमार बारीक, बालेमा कुई, संजीव प्रताप सिंहदेव, मानोज भंसाली, राजेन्द्र पुरती, लियोनार्ड बोदरा , अविनाश कोड़ा, मासूम रजा, दुर्गा चरण पुरती, सुकेश सिंह, यशवंत कुमार अखाड़ा, सचिव लाल मोहन दास, दिव्य रंजन बेहरा, भागरथी बारी , सन्नी पाट पिंगुआ, अविनाश आल्डा, विश्वनाथ तमसोय, जगदीश सुंडी, मो.सलीम, कमल लाल राम, संजय रवि, संतोष सिन्हा, विकास वर्मा, करण सिंह हेम्ब्रम, जगमोहन जोंको, सुधीर लोमगा, रमेश तामसोय, राजेन्द्र महतो, जाम्बी कुदादा, संभु पाट पिंगुआ, मोहन सिंह हेम्ब्रम, मनोज लागुरी, भरत गोप, मांगु हो, जयराम गोप, रवि पोद्दार, सन्नी लुगुन, भादो टोप्पो, राशमणि दासव्या, प्रेम पुरती, जगदीश सामड, बसंत गोप, संजय कुमार, अपूर्वा आल्डा, आतिश गागराई, आतेन सुरीन, शंकर बिरुली, अमित मुखी, बिरसा कुंटिया। प्रवक्ता जितेन्द्रनाथ ओझा, कार्यालय प्रभारी, सुशील कुमार दास, सामु दास, डिजिटल सदस्यता प्रभारी विनीत कुमार गोप तथा कार्यकारिणी सदस्य में महेश प्रसाद साहू, डॉ. नंदलाल गोप, सनातन बिरुवा, बी.एन.पुरती, जंग बहादुर, उमेश चंद्र गागराई , मुकुरु सरदार, जय प्रकाश महतो, घनश्याम गागराई, कैलाश सिंकु, राकेश कुमार सिंह, दिलीप गागराई, चुन्नूउर रहमान, मांझी राम जोंको, भरत महतो, नीलिमा राय, अशोक सिंह, संजय चक्रवर्ती, आशीष लागुरी, पीटर बारी, हेमंत दास, अजीत कांडेयांग, घनश्याम गागराई, अशरफी राय, गगन बिहारी प्रधान, मतवा दास, आरजू शबाना, मो. मोशब्बीर, आफताब आलम, मो.कादिर अली, मो.जरार अहमद, अंसारी शकीला बानो, मो. मासूम, पुरेन्द्र कालिंदी, नागेन्द्र प्रधान को शामिल किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला आरपीएफ व शिक्षक की मौत

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला आरपीएफ जवान एवं एक शिक्षक है। जानकारी के अनुसार चाईबासा में तैनात 45 वर्षीय महिला आरपीएफ इंस्पेक्टर गोपा तियू शुक्रवार कीद सुबह चक्रधरपुर से स्कूटी से रोज की तरह चाईबासा ड्यूटी जा रही थी। तभी पोटका पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इलाज के लिए जमशेदपुर के ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। गोपा तियू के पति शिवरण तियू भी आरपीएफ में सब इंस्पेक्टर है। घटना पर डीआरएम सहित रेल अधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं दूसरी घटना कराईकेला के पास दो बाइक की टक्कर में शिक्षक सुसेन महतो की मौत हो गई।

### मुखिया ने मोबाईल नेटवर्क लगाने के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने बरवारी गांव में मोबाईल नेटवर्क लगाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखा। मुखिया सरिता देवी ने कहा कि मकरी पंचायत के बरवारी गांव में देश आजादी से लेकर आज तक मोबाईल नेटवर्क नहीं लगा है। यहां आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं, लेकिन जंगल एवं पहाड़ी इलाकों से घिरे होने से ग्रामीणों को भवनाथपुर प्रखंड आने के लिए 12-13 किलोमीटर दूरी तय कर आना पड़ता है। जहां डिजिटल युग में भी मोबाईल नेटवर्क लगाने के लिए कई किलोमीटर दूर जाकर के बात करना पड़ता है। ग्रामीणों को सुविधा के लिए मुखिया ने मोबाईल नेटवर्क लगाने की मांग की है।

# प्रतिदिन विकास की नयी गाथा लिख रहा है गढ़वा, चहुमुखी विकास का है संकल्प : मिथिलेश ठाकुर

## गढ़वा में उपलब्ध होगी और बेहतर चिकित्सा सुविधा, सदर अस्पताल परिसर में 50 करोड़ की लागत से बनेगा 100 बेड का अस्पताल, सरकार ने दी स्वीति









मंत्री मिथिलेश ठाकुर, ऐसा बनेगा डिविजनल अस्पताल, क्रिटिकल केयर यूनिट का ऐसा होगा निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में अब और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए झारखंड सरकार ने 50 करोड़ की लागत से 100 बेड का नया अस्पताल बनाने की स्वीति प्रदान कर दी है। सदर अस्पताल परिसर में इसका निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से जहां एक ओर गढ़वा वासियों को सर्व सुविधा संपन्न अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं दूसरी ओर इसकी स्वीति से गढ़वा में मेडिकल कॉलेज खोलने का राह आसान हो जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा में पूर्व के सदर अस्पताल के अतिरिक्त 100 बेड का नया अस्पताल बनेगा। जिसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस 100 बेड के अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट एवं 50 बेड का अनुमण्डलीय अस्पताल शामिल होगा।

इन दोनों अस्पतालों में वे सारी सुविधाएं मौजूद होंगी जो एक बड़े अस्पताल में होती हैं। अब बहुत कम मरीज़ों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर करने की आवश्यकता पड़ेगी। यह अस्पताल माड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, माइनर ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पारामेडिकलकर्मी भी होंगे। परिसर में ही इन कर्मियों के आवास का भी निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह अस्पताल गढ़वा ज़िले के स्वास्थ्य सुविधा में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा। अपना गढ़वा भी बड़े शहरों की भांति अधिकतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। ज़िले के ग़रीब गुरबों को बेहतर ईलाज की सुविधा अब अपने ही ज़िले में मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि 100 बेड का अस्पताल बनना अपने ज़िले के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। 20 प्रखंड के इस बड़े ज़िले में एक 30 बेड की क्षमता का अस्पताल बिल्कुल नाकाफ़ी था। दूर दराज से आए हुए साधन, संसाधन विहीन लोगों को काफ़ी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ता था। मंत्री ने कहा कि इसके लिए कई बार उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अनुरोध किया था। अपनी मांग पूरी होने पर मंत्री श्री ठाकुर ने तमाम गढ़वा जिला वासियों की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

मंत्री ने कहा कि पहले से सिर्फ़ 30 बेड का अनुमंडलीय अस्पताल चल रहा था। सदर अस्पताल परिसर में अभी 50 बेड का प्रीफैब्रिकेटेड वार्ड बन रहा है। अब सब 100 बेड का नया अस्पताल बनेगा। यह सदर अस्पताल अब 180 बेड का हो जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ गढ़वा को सुसज्जित करने, गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को धोने का एक ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। ओछी मानसिकता वाले चंद मुट्ठी भर वित मानसिकता के लोग शायद यहां भी विरोध का कोई मुद्दा ढूंढ लें। पर इससे उनके किए जा रहे विकास कार्यों पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है मंत्री ने कहा कि विकास विरोधी लोग जितना ही विरोध करेंगे उन्हें और ताक़त के साथ नई ऊर्जा गढ़वा ज़िले के विकास के लिए प्रेरित करेगा। विकास विरोधी ताक़तों की संख्या नगण्य है। जबकि विकास चाहने वाले लोगों की संख्या लाखों में है। जनता का विश्वास जबतक मेरे साथ है, मुझे किसी बात से फ़र्क़ नहीं पड़ता। आज विकास विरोधी लोगों का असली चेहरा उजागर हो चुका है। पूरा गढ़वा उनके करतूतों को समझ चुका है। अपना असली चेहरा सामने आने से वैसे लोग पूरी तरह हताश और निराश हो चुके हैं, और हताशा में कुछ भी कदम उठाने को तैयार हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला प्रतिदिन विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने गढ़वा को फर्श से अर्श तक पहुंचाने का लिया है संकल्प। गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से वे इस संकल्प को पूरा करके रहेंगे।

### मारपीट में दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के मझिगांवा में पशु चराने के विवाद को लेकर मारपीट में पति लालमोहन ठाकुर एवं पत्नी कुंती देवी घायल हो गये। घायलों की घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में घायल का पुत्र अशोक ठाकुर ने बताया कि मेरे पिता सुबह घर के पास पशु चरा रहे थे। जिससे आक्रोशित मेरे पड़ोसी कामेश्वर ठाकुर पिता सुखलाल ठाकुर, पूजा देवी पति विवेक ठाकुर, फुलकुमारी देवी ने मेरे पिता के साथ गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद मां और हम लोगों ने विरोध किया।



घायल

विरोध करने पर उन लोगों ने गुस्से में आकर मेरी मां और पिता को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। जिसके बाद मां और पिता को सर में गंभीर चोट लगी है। इस घटना की सूचना हमलोग स्थानीय थाना में भी दिया है।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व छवि खराब को लेकर कराया प्राथमिकी दर्ज

**दुमका।** सदर प्रखंड बीडीओ एवं यूट्यूबर मो आजाद उर्फ सज्जाद के बीच की अदावत कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जहां बीडीओ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत कई आरोप लगाकर एक के बाद एक मो आजाद के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं मो आजाद अपने सोशाल मीडिया के चैनल जोहार न्यूज लाईव पर बीडीओ को सनकी समेत कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर लगातार घेरने में जुटे दिखे। जिसके खिलाफ एक के बाद एक बीडीओ ने संबंधित थाने में लिखित शिकायत करते गये। इधर मो आजाद ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए लाईव वीडीओ चला बीडीओ पर जानलेवा हमला का झूठा आरोप लगा कई खबरे प्रकाशित किया।






# घर में गरजे गुजराती शेर, ओपनिंग मैच में डिफेंडिंग चैंपियंस ने सुपरकिंग्स को हराया




एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को हराते हुए टूनार्मेंट का आगाज जीत से किया। मैच का फैसला आखिरी ओवर में हुआ। पहले राशिद खान (तीन गेंद में नाबाद 10 रन) ने मैच पलटा और फिर राहुल तेवतिया (14 गेंद में 15 रन) ने चिर परिचित अंदाज में लगातार दो बाउंड्री जड़ते हुए फिनिश किया। टॉप ऑर्डर में ओपनर शुभमन गिल ने फिफ्टी ठोकी। मैच में टॉस गंवाकर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए थे। जवाब में घरेलू दर्शकों के बीच खेल रही गुजरात टाइटंस 20वें ओवर में चार गेंद पहले 182 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले चेन्नई सुपरकिंग्स के रुतुराज गायकवाड़ ने आइपीएल का पहला अर्धशतक लगाया। वह अपने शतक से सिर्फ आठ रन से चूक गए। उन्होंने 50 गेंद पर 92 रन बनाए। एक छोर से लगातार गिर रहे विकेट के बीच उन्होंने डटकर बल्लेबाजी की जिसकी बदौलत टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ सीजन के पहले मैच में सात विकेट पर 178 रन का सम्मानजक स्कोर खड़ा करने में सफल हो गई।

## धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड, एक का टूटना लगभग मुश्किल




**अहमदाबाद।** सीएसके के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और उनकी महान कप्तानी का लुत्फ उठाने को मिलेगा। धोनी ने पहले ही मैच में अपने बल्ले से जलवा दिखा दिया है। उन्होंने अंत में आकर 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने 7 गेंदों में एक चौके और छक्के की मदद से 14 रन बनाए। इसी के साथ इस मैच में तीन बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की।

### धोनी के पैरों में गिरे अरिजीत सिंह

ओपनिंग सेरेमनी की पहली प्रस्तुति अरिजीत ने ही दी। अरिजीत के गानों पर ना सिर्फ दर्शक बल्कि ड्रेसिंग रूप में बैठे खिलाड़ी भी झूम उठे। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भी देखा गया कि वह अरिजीत के गाने पर इंजॉय कर रहे थे। इसके बाद जब ओपनिंग सेरेमनी की समाप्ति हुई तो सीएसके के कप्तान धोनी स्टेज पर गए। धोनी जैसे ही स्टेज पर पहुंचे अरिजीत सिंह ने उनके पैर छू लिए। इसके बाद धोनी ने भी अरिजीत को उठाकर गले से लगा लिया।

### धोनी ने बनाया छक्कों का सुपर रिकॉर्ड

धोनी ने गुजरात टाइट्ंस के खिलाफ छक्का जड़ते ही एक खास उपलब्धि हासिल की है। धोनी मैच में छक्का जड़ते ही सीएसके की ओर से 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। किसी एक टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में क्रिस गेल टॉप पर आते हैं, जिन्होंने आरसीबी की ओर से खेलते हुए 239 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम एबी डिविलियर्स का आता है, उन्होंने आरसीबी के लिए 238 छक्के जड़े हैं। किरोन पोलार्ड मुंबई के लिए 223 छक्के जड़ कर इस लिस्ट में तीसरे नंबर पार आते हैं।

**धोनी बने सबसे उम्रदराज कप्तान:** धोनी ने आइपीएल 2023 के पहले मैच में सीएसके की कप्तानी करने के साथ आइपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। धोनी ने आइपीएल 2023 के पहले मैच में 41 साल और 267 दिन की उम्र में अपनी टीम की कप्तानी की है। धोनी ने इसी के साथ राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शेन वॉर्न ने2011 में आखिरी बार आइपीएल में कप्तान के रूप में खेले थे। उस समय वॉर्न की उम्र 41 साल और 249 दिन थी।

**20वें ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने :** धोनी आइपीएल के 20वें में सबसे ज्याद रन जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पूरे आइपीएल में 20वें ओवर में खेलते हुए 667 रन जड़े हैं। इसके साथ धोनी 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में भी नंबर पर आते है, उनके नाम 20 ओनर में 53 छक्के हैं।

## दिल्ली और लखनऊ की आज टक्कर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंटस की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल आइपीएल में शनिवार को यहां जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान में उतरेंगे तो उनके सामने बल्ले से लय हासिल करने के साथ नेतृत्व कौशल को भी साबित करने की चुनौती होगी। लखनऊ की टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। राहुल की अगुवाई में टीम पिछले साल लीग के अपने शुरूआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी, लेकिन बीते कुछ समय से राहुल का बल्ला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में खिताब की संभावनाओं को करारा झटका लगा है, लेकिन उनके पास कप्तान के तौर पर डेविड वार्नर जैसा आक्रामक सलामी बल्लेबाज है।

**दोनो टीम इस प्रकार है**

**दिल्ली कैपिटल्स :** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, सरफराज खान, फिल साल्ट, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल, इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार, विक्की ओस्तवाल।

**लखनऊ सुपर जायंटस :** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन, नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

**आज का मैच**

पंजाब बनाम कोलकाता
समय 3:30 बजे (मोहाली)

लखनऊ बनाम दिल्ली
समय 7:30 बजे (लखनऊ)

### कोलकाता के सामने पंजाब

**मोहाली।** पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें जब शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरूआती मुकाबले के लिए शनिवार को मैदान पर उतरेंगी तो उनका लक्ष्य सत्र को जीत के साथ शुरू करने का होगा। आइपीएल में इन दोनों टीमों के पास हमेशा दमदार खिलाड़ी रहे है लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। कागजों पर केकेआर के मुकाबले पंजाब की टीम थोड़ी अधिक मजबूत दिख रही है जिसे घरेलू मैदान का भी फायदा मिलेगा।

### स्कोड़ कार्ड

**चैन्नई सुपर किंग : 178/7 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवोन कॉनवे बोल्ड शमी | 12 | 06 | 0/0 |
| गायकवाड कै. गिल बो जोसफ | 92 | 50 | 4/9 |
| मोईन अली कै. साहा बो. खान | 23 | 17 | 4/1 |
| स्टोक्स कै. साहा बो. खान | 07 | 06 | 1/0 |
| रायडू बोल्ड जोशुआ लिटिल | 12 | 12 | 0/1 |
| शिवम दुबे कै. खान बो. शमी | 19 | 18 | 0/1 |
| जडेजा कै. शंकर बो. जोसफ | 01 | 02 | 0/0 |
| धोनी नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| सैंटनर नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त:08

विकेट पतन :1-14, 2-50, 3-70, 4-121, 5-151, 6-153, 7-163.

गेंदबाजः मोहम्मद शमी : 4-0-29-2, हार्दिक पंड्याः 3-0-28-0, जोशुआ लिटिल : 4-0-41-1, राशिद खान : 4-0-26-2, अल्जारी जोसफः 4-0-33-2, यश दयाल : 1-0-14-0.

**गुजरात टाइटन्स : 182/5 (19.2ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. दुबे बो. हंगरगेकर | 25 | 16 | 2/2 |
| गिल कै. गायकवाड बो. देशपांडे | 63 | 36 | 6/3 |
| सुदर्शन कै. धोनी बो.हंगरगेकर | 22 | 17 | 3/0 |
| हार्दिक पांड्या बोल्ड जडेजा | 08 | 11 | 0/0 |
| शंकर कै.सैंटनर बो.हंगरगेकर | 27 | 21 | 2/1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 15 | 14 | 1/1 |
| राशिद खान नाबाद | 10 | 03 | 1/1 |

अतिरिक्त:12

विकेट पतन :1-37, 2-90, 3-111, 4-138, 5-156.

गेंदबाज : दीपक चहर : 4-0-29-0, तुषार देशपांडे : 3.2-0-51-1, राजवर्धन हंगरगेकर : 4-0-36-3, मिचेल सैंटनर : 4-0-32-0, रवींद्र जडेजा : 4-0-28-1.

मैन ऑफ द मैच : राशिद खान

## चोटिल हुये विलियमसन पर छक्का रोक लिया




**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के पहले मुकाबले में गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज केन विलियमसन की शानदार फील्डिंग देखने को मिली, लेकिन इस दौरान वह गंभीर रूप से चोटिल भी हो गए। विलियमसन बाउंड्री के करीब खड़े थे, जहां उन्होंने 6 रन के लिए जा रही गेंद को हवा में छलांग लगाते हुए रोकने का प्रयास किया। उनकी कोशिश सफल भी रही। जहां 6 रन आने थे वहां फिर 4 रन ही चेन्नई सुपर किंग्स को गए। विलियमसन द्वारा 13वें ओवर में शानदार फील्डिंग देखने को मिली, लेकिन इस दौरान वह दर्द से कहराते हुए भी नजर आए। रुतुराज गायकवाड़ ने जोशुआ लिटल की गेंद पर जोरदार हवाई शॉट मारा। गेंद लगभग बाउंड्री के बाहर जा रही थी, लेकिन तभी बाउंड्री पर खड़े विलियमसन ने छलांग लगाते हुए गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया, लेकिन खुद बाउंड्री के बाहर हो गए। इस दौरान उनकी दाईं टांग के ऊपर एकदम से वजन पड़ा जिस कारण

## मियामी ओपनः अलकाराज सेमीफाइनल में, रायबकिना महिला वर्ग के फाइनल में

**मियामी गार्डन्स।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज ने मियामी ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को आसानी से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की। स्पेन के इस खिलाड़ी ने एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 10वीं रैंकिंग पर काबिज फ्रिट्ज को 6-4 6-2 से मात दी। यह इस साल 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत है। सेमीफाइनल में अलकाराज के सामने यानिक सिन्नर की चुनौती होगी। पुरुषों के एक अन्य क्वार्टर फाइनल डेनियल मेदवेदेव अमेरिका के क्वालीफायर क्रिस यूबैंक्स को 6-3 7-5 से हराया। मेदवेदेव के सामने सेमीफाइनल में हमवतन कारेन खाचानोव की चुनौती होगी। खाचानोव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 6-3 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में एलिना रायबकिना ने सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को बारिश से प्रभावित मैच में 7-6 (3) 6-4 से शिकस्त दी। फाइनल में उनके सामने 15वीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा और गैरवरीय सोराना क्रिस्टी के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता की चुनौती होगी।

## भारतीय गेंदबाजों के पास है काबिलियत : टेलर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने सात से 11 जून तक लंदन के ह्यद ओवल' में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल पर कहा कि भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के पास ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी करने का माद्दा है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के विजेता टेलर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भी भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ा सकते है। भारत को कम आंकना गलत टेलर ने कहा, आप जब भी इंग्लैंड में खेलते हो तो परिस्थितियां और मौसम अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, जब भी आप ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच तटस्थ मैदान में खेलने के बारे में सोचते हैं, तो तेज गेंदबाजों की भूमिका बड़ी हो जाती है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज गेंद से गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं और उनके पास काफी अनुभव है। उन्होंने हालांकि कहा कि इस मामले में भारत को कम आंकना भी गलत होगा।

## वनडे विश्व कप के मैच बांग्लादेश में खेले जाने के बारे में अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उसके अध्यक्ष नजम सेठी ने आइसीसी बोर्ड की बैठक में कभी यह विचार नहीं रखा कि उनकी पुरुष टीम भारत के बजाय बांग्लादेश में अपने विश्व कप मैच खेलने की इच्छुक है। 29 मार्च को ही खबर दी थी कि आइसीसी ने इस बात से इनकार कर दिया था कि उसके मंच पर कभी इस तरह की कोई भी चर्चा हुई थी। आइसीसी ने कहा था कि बांग्लादेश किसी भी विश्व कप मैच की मेजबानी के लिए भी दावेदार नहीं है, क्योंकि बीसीसीआइ ने आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान टीम के लिए वीजा की समस्या नहीं होगी। पीसीबी ने स्पष्ट किया कि टूनार्मेंट के हाइब्रिड मॉडल की अवधारणा सिर्फ एशिया कप से संबंधित थी, क्योंकि भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी।

## टूनार्मेंट से हटीं ग्रैंडमास्टर अब्दुमालिक

**नयी दिल्ली।** किसी टूनार्मेंट को सफल बनाना आयोजकों की जिम्मेदारी रहती है, लेकिन मेहमान खिलाड़ी जब प्रबंधन द्वारा की गई तैयारियों से खुश ना दिखें तो टूनार्मेंट विवादित रूप ले लेता है। दिल्ली में महिला ग्रां प्री का तीसरा चरण भारत में पहली बार ग्रां प्री आयोजित किया जा रहा है। लेकिन यह विवादित रहा। कजाकिस्तान की एक ग्रैंडमास्टर झांसाया अब्दुमालिक द्वारा आयोजकों पर खराब व्यवहार का आरोप लगाया गया, जिसके बाद वह टूनार्मेंट से बाहर हो गईं। टूनार्मेंट में 12 खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन अब 10 प्रतिभागी हैं, जो 5 अप्रैल तक चलेगा। कुछ प्रतिभागियों द्वारा फिडे को घटना के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त करने के बाद, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अरकडी ड्वोर्कोविच ने कहा, ₹अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की ओर से, मैं महिला ग्रैंड प्रिक्स के गलत संचालन के लिए माफी मांगता हूं।

# विधान परिषद में अवैध बालू खनन का सवाल गूंजा

## अरवल, गया और नवादा में बालू खनन की जांच करने की मांग उठी

एजेंसी

**पटना।** उच्च सदन बिहार विधान परिषद में शुक्रवार को नवादा जिले में हो रहे अवैध बालू खनन का मामला एमएलसी अशोक कुमार ने उठाया। उन्होंने कहा कि जब दो साल से नवादा में बालू का खनन बंद है तब फिर बालू का स्टॉक किस तरह से किया जा रहा है? भंडारण का नियम यह है कि नदी से 5 किलोमीटर दूर भंडारण करना है इसके बावजूद अवैध भंडारण हो रहा है। कुमार नागेंद्र ने कहा कि बालू में सभी पदाधिकारी लिप्त हैं। भंडारण के नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बालू माफियाओं ने नदी को सड़क पर ला दिया है, इससे रजिस्टर्ड कंपनियां परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि अरवल, गया और नवादा में बालू से जुड़े मामले की जांच कराई जाए। एमएलसी दिलीप जायसवाल ने कहा कि बालू के मामले में बड़ी वसूली की जा रही है। इसलिए क्षेत्र के पदाधिकारियों के यहां छापेमारी होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके। बड़ी संख्या में अवैध खनन चल रहा है। नवादा में जब दो साल से बालू की बंदोबस्ती रुकी हुई है तब वहां किस तरह से खनन हो रहा है? उन्होंने कहा कि जनता को बालू की काफी किल्लत हो रही है।



### आरोप को ठीक से दिखवाएंगे: मंत्री

खनन मंत्री सुरेंद्र यादव ने जवाब देते हुए कहा कि नवादा में 102 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सदन को आश्वस्त कराया इस मामले को ठीक से दिखवाएंगे।

### दोहरा मापदंड क्यों?- प्रेमचंद मिश्रा

कांग्रेस के एमएलसी प्रेमचंद्र मिश्रा ने सवालिया लहजे में कहा कि कानून सिर्फ कांग्रेस के नेताओं पर लागू होता है और बीजेपी के नेताओं पर नहीं लागू होता है? उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा के स्पीकर से जानना चाहता हूं कि जिस कानून के फैसले को लेकर राहुल गांधी की संसद की सदस्यता 24 घंटे के अंदर समाप्त कर दी और घर खाली करने का नोटिस भी दे दिया, वैसे ही मामले में गुजरात के अमरेली के सांसद नारंग भाई कछारिया को 2016 में कोर्ट ने 3 साल की सजा दी क्योंकि उन्होंने एक दलित अधिकारी को चेंबर में घुसकर पीटा था। वे कनविक्टेड हैं। अब 2023 आ गया है लेकिन कछारिया अभी भी लोकसभा के सदस्य बने हुए हैं। सरकारी मकान में रह भी रहे हैं। क्या लोकसभा के स्पीकर इस पर जवाब देंगे? प्रेमचंद मिश्रा ने कहा कि है दोहरा मापदंड क्यों हैं? सजायाफ्ता बीजेपी के सांसद पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है?

### सुशील मोदी स्थिति स्पष्ट करें

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी द्वारा राहुल गांधी पर दिए बयान पर प्रेमचंद मिश्रा ने कहा कि फैसला कोर्ट को करना है लेकिन सुशील कुमार मोदी को पहले से यह कैसे मालूम हो गया कि राहुल गांधी को सजा होगी। यह जांच का विषय है? कोर्ट के फैसले की जानकारी सुशील मोदी को पहले कैसे हो जाती है इस पर सुशील मोदी स्थिति स्पष्ट करें।

### बिहार नौकाघाट बंदोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक 2023 पास

विधान परिषद में बिहार नौकाघाट बंदोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक 2023 भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता ने लाया। इसे स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर मंत्री आलोक मेहता ने कहा कि अब बड़े जहाज नहीं चलते हैं छोटे नाव चलते हैं। इसलिए इस विधेयक को लाया गया है। नगर निकाय इसका प्रबंधन करेगा। कई जगह निजी घाट का निर्माण किया जा सकेगा। नावों का निबंधन आदि नियमित होगा। नियम तोड़ने पर दंड का प्रावधान इसमें किया गया है। बंगाल नौकाघाट अधिनियम 1985 का स्थान ये विधेयक लेगा। विधेयक बिना किसी संशोधन के विधान परिषद में पारित किया गया। विधान परिषद की पांच सीटों पर शुक्रवार को चुनाव होने की वजह से विधान परिषद में बाकी दिनों की तरह पार्षदों की संख्या नहीं दिखी।

## बिहार के सासाराम में रामनवमी की शोभायात्रा पर हिंसक झड़प

# पथराव-फायरिंग, 2 को लगी गोली, कई घायल

एजेंसी

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के दो जिले रोहतास और नालंदा में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर शुक्रवार को हिंसक झड़प हुई। दोनों तरफ से बमबाजी, फायरिंग और पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए। घर और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। सासाराम और पूरे नालंदा में धारा-144 लगा दी गई है। नालंदा के बिहारशरीफ में फायरिंग में दो लोगों को गोली लगी है। 12 से ज्यादा बाइकें फूंक दी गई हैं। कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया है। यहां दोनों पक्ष अब भी आमने-सामने हैं। पुलिस के मुताबिक स्थिति यहां नियंत्रण में है। वहीं, रोहतास के सासाराम में विवाद की शुरूआत रात को ही शोभायात्रा के दौरान हुई थी। यहां शुक्रवार को विवाद और बढ़ गया। घरों पर बम चलाए गए। कुछ घरों को आग के हवाले कर दिया गया है। सासाराम में पत्थरबाजी में दो पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर तीन जिलों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इंटरनेट बंद कर दिया गया है। नालंदा के बिहारशरीफ में शुक्रवार को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने के दौरान हंगामा हुआ है। शाम को शोभायात्रा बिहारशरीफ के हास्पिटल मोड़ से बाबी मणीराम के अखाड़ा तक जा रही थी। इसी दौरान गगन दीवान के पास दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी होने लगी। फिर आक्रोशित लोगों ने गाड़ियों और मकानों में आग लगानी शुरू कर दी। करीब 1 दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया है। कुछ देर बाद फायरिंग होने लगी। दो लोगों को गोली लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची है,लेकिन उपद्रवी संख्या ज्यादा थी। बाद में एसपी-डीएम मौके पर पहुंचे। यहां अब भी तनाव बना हुआ है।

## कैमूर में सड़क हादसा शिक्षक की मौत

**कैमूर।** कैमूर में एक ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दादर के प्रिंसिपल की मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार प्रधानाध्यापक को कुचल दिया। शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और चालक ट्रक लेकर भाग निकला। मौके पर पहुंचे विद्यालय के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मोहनिया थाने को दिया। प्रधानाध्यापक की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के बाघिनी गांव के विद्यासागर राम के रूप में हुई है जो वह अपने गांव से उत्क्रमित मध्य विद्यालय दादर जा रहे थे।

## पेज एक का शेष

### सुकन्या समृद्धि जैसी छोटी बचत योजनाओं....

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि छोटे उद्योग धंधों के लिए क्रेडिट गांरटी योजना में बदलाव किया गया है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार ऋण गारंटी की राशि दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए कर दी गयी है। इसके साथ ही गांरटी राशि शुल्क दो प्रतिशत से घटाकर 0.37 प्रतिशत कर दिया गया है। ये बदलाव एक अप्रैल से प्रभावी होंगे। केंद्रीय बजट 2023-24 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक अप्रैल से सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना में सुधार की घोषणा की थी। इसके लिए 9,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इससे सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए ऋण की कुल लागत कम हो जायेगी। गारंटी राशि की दस लाख रुपए के बकाया के निपटान के लिए कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होगी।

### नक्सलियों ने खदान कंपनी में धावा बोल.....

मैगजीन की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्राइवेट सेक्युरिटी गार्ड के जिम्मे है, इसकी जानकारी होने के बाद नक्सलियों ने उस मैगजीन पर धावा बोल दिया और वहां रखे डेटोनेटर लूट लिया। एसपी जांच करने के बाद ही यह साफ हो पायेगा।

### बंगाल में दूसरे दिन भी हिंसा, शाह ने.....

दो पक्षों के तरफ से ईंट-पत्थर चले, वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। सासाराम में चैती दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में विवाद के बाद पथराव और तोड़फोड़ के बाद अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के बिहारशरीफ में रामनवमी जुलूस के दौरान बवाल में पथराव और आगजनी की खबर आ रही है। **बंगाल में दूसरे दिन भी उपद्रव :** पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर हुई हिंसा दूसरे दिन भी जारी रही। रामनवमी के दिन हिसा के सिलसिले में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को भी कई जगहों पर आगजनी और तोड़फोड़ की घटना सामने आयी है। हावड़ा जिले में बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पुलिसफोर्स मौजूद है। एहतियात के तौर पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। हिंसा को ले कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से फोन पर बात की है और हालात की जानकारी ली है। इससे पहले राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा को लेकर हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने इस घटना की जांच एनआइए से कराने कि लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में पीआइएल दायर की है।

### सरकार के नये कदम से वाणिज्य कर में.....

विभाग द्वारा मुख्यालय एवं प्रमंडलीय स्तर पर आइआरएयू का गठन किया गया जिनके द्वारा आंकड़ो का विश्लेषण कर निरीक्षण आदि कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 05 बड़े अंचलों में स्पेशल टास्क यूनिट का गठन किया गया है जिनका कार्य बड़े करदाताओं के विवरणियों आदि का अनुश्रवण करना है। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में इंटेलीजिबल जीएसटी के रिवर्सल से भी लगभग 563 करोड़ राजस्व की वसूली हुई है। इसके अलावा वाणिज्य कर विभाग द्वारा वैट के ऑनलाइन कर निर्धारण प्रक्रिया को प्रारम्भ किया गया है जिसमें व्यवसायियों को कार्यालय आने की आवश्यक न के बराबर है। उन्होंने कहा कि पुराने कराधानों के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों को कम करने के लिए कर समाधान योजना इस वित्तीय वर्ष के अन्त में लाई गयी है और अभी तक लगभग 04 करोड़ की प्राप्ति की जा चुकी है और उम्मीद है कि लगभग 500 करोड़ की वसूली आगामी वित्तीय वर्ष में होगी।

डॉ उरॉव ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग इस अप्रत्याशित राजस्व वसूली के पीछे प्रधान सचिव आराधना पटनायक वाणिज्य कर आयुक्त संतोष कुमार वत्स और विभाग के सभी पदाधिकारियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

स्पीड न्यूज

## आरके विश्वकर्मा उप्र के कार्यवाहक डीजीपी बने



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रभारी पुलिस महानिदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह पर 1988 बैच के आईपीएस राजकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय पहुंचकर उन्होंने डीजीपी का चार्ज लिया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के रहने वाले आईपीएस अधिकारी आरके विश्वकर्मा मुकुल गोयल के बाद दूसरे सबसे सीनियर अधिकारी हैं।

## प्रख्यात लेखिका सारा थॉमस का निधन

**तिरुवनंतपुरम ।** प्रख्यात लेखिका सारा थॉमस का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण शुक्रवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं। उनके परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। थॉमस को दो बार केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पहली बार उनके उपन्यास नर्मदी पुडवा के लिए 1979 में केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था। दूसरी बार, 2010 में वे मलयालम साहित्य में योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हुए थे।

## ओडिशा में दो सड़क हादसों में 10 मरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात बारातियों समेत 10 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संबलपुर के परमापुर गांव से गुरुवार देर रात बारात के 11 सदस्यों को लेकर झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर प्रखंड के बाराधरा गांव लौट रहा वाहन रास्ते में एक नहर में गिर गया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। ओडागांव थाना क्षेत्र के कोंडा पाथर गांव के समीप एक अन्य घटना में तीन युवकों की शुक्रवार तड़के उस समय मौत हो गयी , जब उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी।

## अतीक अहमद बना कैदी नंबर 17052

**प्रयागराज।** माफिया से राजनेता बना अतीक अहमद के लिए साबरमती जेल के अंदर का माहौल अब पहले जैसा नहीं रहेगा। अब उसकी पहचान कैदी नंबर 17052 से होगी। चार दशकों के लंबे अपराधिक इतिहास में लगातार विचाराधीन बंदी कहला रहा पांच बार का विधायक और एक बार का सांसद अतीक अहमद जब साबरमती जेल से प्रयागराज में मंगलवार को उमेश पाल अपहरण मामले के फैसले की तारीख पर लाया गया था, तब तक वह एक मुलजिम था लेकिन लौटते समय उसके ऊपर मुजरिम का टैग लग गया।

## नेपाल : प्रचंड ने बनाये 11 नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार करते हुए 11 नए मंत्री शामिल किए। इसी के साथ प्रचंड मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत 18 मंत्री हो गए हैं। मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत अधिकतम 25 मंत्री हो सकते हैं ।राष्ट्रपति निवास में आयोजित समारोह में सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विगत तीन महीने में प्रधानमंत्री प्रचंड ने सातवीं बार अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार और फेरबदल किया है।

## आइआइटी रुड़की का दीक्षांत समारोह 6 को

**हरिद्वार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूड़की 6 अप्रैल को 22वें दीक्षान्त समारोह होगा। शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धमेन्द्र प्रधान इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इनमें से 1005 छात्र अंडरग्रेजुएट, 638 पोस्ट ग्रेजुएट और 379 डॉक्टोरल छात्र हैं। अंडरग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामों से 125 छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# 2030 तक निर्यात 2,000 अरब डॉलर का लक्ष्य

## सरकार ने पेश की नई विदेश व्यापार नीति, आज से प्रभावी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) पेश की। इसका उद्देश्य देश के निर्यात को 2030 तक 2,000 अरब डॉलर तक पहुंचाना, भारतीय रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाना और ई-वाणिज्य निर्यात को बढ़ावा देना है। एफटीपी 2023 का रुख प्रोत्साहन के बजाए छूट और पात्रता आधारित व्यवस्था को अपनाना है।

साथ ही निर्यातकों, राज्यों, जिलों तथा भारतीय दूतावासों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना, लेनदेन लागत घटाना एवं और निर्यात केंद्र विकसित करना है। देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात शुक्रवार को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में 765 अरब डॉलर को पार कर सकता है। 2021-22 में यह 676 अरब डॉलर था।विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने नई विदेश व्यापार नीति के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि परंपरागत रूप से पंचवर्षीय विदेश व्यापार नीति की घोषणा की जाती रही है लेकिन इस नीति की कोई समाप्ति तिथि नहीं है और इसे बदलते वैश्विक परिदृश्य के मुताबिक अद्यतन किया जाता रहेगा। इससे पहले, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीपी 2023 पेश की। यह एक अप्रैल, 2023 से प्रभाव में आएगी। गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय अगले चार-पांच महीनों के दौरान क्षेत्रवार या देशों के स्तर पर दुनिया में एक व्यापक पहुंच बनाने पर जोर देगा। विदेशों में भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय विभाग के साथ मिलकर काम करेंगे। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि आगे जाकर हमें अपने निर्यात लक्ष्यों को पूरा करना है। 2030 तक हम 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पा लेंगे लेकिन इसमें ऐसा नहीं होना चाहिए कि सेवा निर्यात, वस्तु निर्यात से अधिक हो जाए। एफटीपी का उद्देश्य भारतीय रुपये में व्यापार को बढ़ावा देना और इसे वैश्विक रूप देना है। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लेनदेन रुपये में करने का रास्ता खोलता है।




**मुद्रा संकट से जूझ रहे देशों के साथ रुपये में व्यापार करने को भारत तैयार : बर्थवाल**

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत ऐसे देशों के साथ भारतीय मुद्रा में व्यापार करने को तैयार है जो डॉलर की कमी या मुद्रा की विफलता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय निर्यातकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनना होगा और उन्हें सब्सिडी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

### व्यापार नीति-2023 की मुख्य बातें

- एफटीपी नीति के स्तर पर निरंतरता प्रदान करेगी।
- एफटीपी 2023 प्रोत्साहन के बजाए छूट को बढ़ावा देती है।
- निर्यात वस्तुओं पर शुल्क और करों में छूट के लिए योजना शुरू ।
- विदेश व्यापार नीति से संबंधित आवेदनों का डिजिटलीकरण होगा।
- एफटीपी आवदेनों को स्वचालन प्रणाली के जरिए मंजूरी मिलेगी।
- आधुनिक प्राधिकार से संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया में लगने वाले समय को घटाकर एक दिन करने संबंधी योजना शुरू।
- निर्यात करने वाली कंपनियों को स्टार श्रेणी देने से नियमों में ढील।
- निर्यात उत्कृष्ट शहरों में फरीदाबाद, मुरादाबाद, मिजार्पुर व वाराणसी।
- डेयरी क्षेत्र को औसत निर्यात दायित्व बनाए रखने से मिली छूट।
- निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल योजना के तहत बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि उपकरण और हरित हाइड्रोजन के लिए दायित्व में कमी।
- विशेष अग्रिम प्राधिकरण योजना का विस्तार परिधान और कपड़ा क्षेत्र तक किया गया।
- ई-वाणिज्य निर्यात को व्यापार नीति के सभी लाभ मिलेंगे।
- कूरियर सेवाओं के माध्यम से निर्यात के लिए मूल्य सीमा 5 लाख रुपये प्रति खेप से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की गई।
- निर्यात केंद्र के रूप में जिले पहल के जरिए राज्यों व जिलों के साथ गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर।
- एससीओएमईटी (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकियां) नीति के तहत दोहरे उपयोग वाले उत्पादों के निर्यात को व्यवस्थित किया जाएगा।
- अग्रिम प्राधिकरण और ईपीसीजी प्राधिकरण धारकों के लिए एफटीपी के तहत निर्यात दायित्व में चूक को लेकर एकमुश्त निपटान के लिए आम माफी योजना शुरू।
- व्यापार नीति बदलते व्यापार परिदृश्य के अनुसार एफटीपी गतिशील होगी और जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव किया जाएगा।
- वाणिज्य विभाग को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए इसका पुनर्गठन किया जाएगा।

## बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक अध्यक्ष बनना तय



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अगला अध्यक्ष बनना लगभग तय है। विश्व बैंक ने कहा है कि इस पद के लिए सिर्फ बंगा का ही नाम आया है। बंगा की औपचारिक नियुक्ति से पहले विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल उनका साक्षात्कार लेगा। बैंक ने साक्षात्कार के समय की घोषणा अभी नहीं की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में कहा था कि अमेरिका विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा को नामित कर रहा है, क्योंकि वह इतिहास के इस नाजुक क्षण में वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष के लिए नामांकन की आखिरी तारीख बुधवार को खत्म हो गई। इस दौरान 63 वर्षीय बंगा के मुकाबले में कोई नाम नहीं आया।

# ट्रंप के खिलाफ चलेगा अभियोग

## आपराधिक आरोप का सामना करने वाले पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बने

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में मैनहट्टन ग्रैंड जूरी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने का फैसला किया है। इसी के साथ ट्रंप आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले देश के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं।

यही नहीं, फैसले से 2024 में फिर से राष्ट्रपति बनने की उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है ।मामले की जांच कर रहे मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग के कार्यालय ने पुष्टि की कि उसने अनिर्दिष्ट आरोपों पर ट्रंप के आत्मसमर्पण के लिए समन्वय करने के इरादे से गुरुवार को उनके वकीलों से संपर्क किया था ।ब्रैग के प्रवक्ता ने बताया कि अभियोग के संबंध में मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी के कार्यालय में ट्रंप के आत्मसमर्पण को लेकर समन्वय के लिए पूर्व राष्ट्रपति के अटॉर्नी से संपर्क किया गया है और सुनवाई की तारीख तय होने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इस मामले की जानकारी रखने वाले पांच अधिकारियों ने बताया कि ग्रैंड जूरी ने एक पोर्न स्टार को कथित संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए धन देने के मामले में 76 वर्षीय ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने का फैसला किया है। खबर में कहा गया है कि यह निर्णय एक ऐतिहासिक फैसला है, जो 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया को हिलाकर रख देगा। ट्रंप देश के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं, जो आपराधिक आरोपों का सामना करेंगे। ट्रंप ने 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दी थीं। इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने सीबीएस न्यूज को बताया कि ऐसी संभावना है कि ट्रंप फ्लोरिडा से सोमवार को न्यूयॉर्क आएंगे और मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। सुनवाई के संक्षिप्त रहने की संभावना है, जिसमें उन पर लगाए गए आरोप पढ़कर सुनाए जाएंगे। ट्रंप ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इस अभियोग को राजनीतिक उत्पीड़न और चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास करार दिया है। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं पर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को सजा देने के लिए न्यायिक प्रणाली को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी पर राष्ट्रपति जो बाइडन के गंदे काम करनेका आरोप लगाया। ट्रंप के वकील सुसन नेचेलेस और जोसेफ टैकोपिना ने एक बयान जारी कर कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने कोई अपराध नहीं किया है और उन्होंने अदालत में इस राजनीतिक अभियोजन का मजबूती से मुकाबला करने का संकल्प लिया है।

- **2016 में चुनाव प्रचार के दौरान एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में मैनहट्टन ग्रैंड जूरी ने अभियोग चलाने को दी मंजूरी**
- **फैसले से 2024 में ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने की उम्मीदों को बड़ा झटका**



### क्या है मामला

यह मामला 2016 में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को किए गए 1.30 लाख डॉलर के भुगतान में ट्रंप की संलिप्तता की जांच से जुड़ा है। आरोप है कि यह भुगतान इसलिए किया गया, ताकि डेनियल्स रिपब्लिकन नेता ट्रंप से अपने कथित यौन संबंधों पर चुप रहें।

# पीएम मोदी के डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक

एजेंसी

- **हाई कोर्ट केजरीवाल पर लगाया 25 हजार जुर्माना**
- **लोकतंत्र में यदि पद पर बैठा व्यक्ति पीएचडी या अनपढ़ हो तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता**



**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियों के प्रमाणपत्र को सार्वजनिक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को तुच्छ और भ्रामक बताते हुए हाई कोर्ट ने केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। केजरीवाल ने नरेन्द्र मोदी के डिग्री सर्टिफिकेट का विवरण मांगा था। दरअसल, सीआईसी ने एक आदेश जारी कर पीएमओ के जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) और गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के पीआईओ को नरेन्द्र मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री के विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट के जस्टिस बीरेन वैष्णव की सिंगल बेंच ने सीआईसी के उक्त आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने इस जुमार्ने की राशि को गुजरात राज्य के राज्य विधिक सेवा विभाग में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए विवरण के अनुसार उन्होंने वर्ष 1978 में गुजरात यूनिवर्सिटी से स्नातक और 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेज्युएशन किया था। पिछले महीने हुई सुनवाई में यूनिवर्सिटी की ओर से हाजिर हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील की थी कि जब छुपाने के लिए कुछ नहीं है तो भी सूचना सार्वजनिक करने के लिए यूनिवर्सिटी को बाध्य नहीं किया जा सकता है। लोकतंत्र में यदि पद पर बैठा व्यक्ति पीएचडी या अनपढ़ हो तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस मुद्दे में कोई लोकहित नहीं छिपा हुआ है। वहीं गोपनीयता पर इसका असर होता है। दलील में उन्होंने कहा था कि मांगी गई जानकारी प्रधानमंत्री के सार्वजनिक व्यक्ति के तौर पर भूमिका से नहीं जुड़ा है, कोई लेनादेना नहीं है।

# भारतीय मूल के इंजीनियर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारतवंशी सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इंजीनियर अमित क्षत्रिय को नासा के 'मून टू मार्स' कार्यक्रम का प्रमुख बनाया गया है। नासा की ओर से हाल ही में इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि क्षत्रिय तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

नासा ने हाल ही में कहा है कि इस नए मिशन का उद्देश्य मानवता की भलाई के लिए चंद्रमा और मंगल को लेकर अन्वेषण कार्यक्रम को पूरा करना है।

**मंगल पर इंसान भेजने की तैयारी में सहायक होगा कार्यक्रम:** नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि यह कार्यक्रम मंगल पर मानवता की अगली बड़ी छलांग की तैयारी के लिए जरूरी कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम चंद्रमा के लिए महत्वपूर्ण मिशन भेजने में भी सहायक होगा। साथ ही, मंगल पर पहले इंसान को भेजने की तैयारी में भी सहायक होगा। इससे जुड़ा कार्यालय इन मिशनों के लिए हार्डवेयर विकसित करने और जोखिम प्रबंधन को लेकर कार्य करेगा। यह कार्यालय मिशन के लिए योजना बनाने से लेकर विश्लेषण तक का जिम्मा संभालेगा।

**नासा के मून टू मार्स के प्रमुख बने अमित क्षत्रिय**



**20 साल पहले नासा से जुड़े थे अमित :** अमित क्षत्रिय ने वर्ष 2003 में अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत की थी। वह यहां पर सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इंजीनियर के तौर पर कार्यरत थे। उनका मुख्य कार्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का रोबोटिक एसेंबल करना साल 2014 से 2017 तक अमित ने स्पेस स्टेशन फ्लाइट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोनॉट्स की टीम के ऑपरेशंस और फ्लाइट्स को संचालित किया।

## दिल्ली में मच्छर भगाने की अगरबत्ती से घर में आग, छह लोगों की मौत

**नयी दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक घर में मच्छर भगाने के लिए जलाई गयी अगरबत्ती (मॉस्क्विटो कॉइल) के गिरने से आग लग गयी जिससे एक शिशु समेत छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हादसे में तीन अन्य लोग झुलस गए हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि शास्त्री पार्क के मच्छी मार्केट में मजार वाला रोड पर एक घर में आग लग गयी है। टिर्की ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस को पता चला कि नौ लोगों को जगप्रवेश चंद्र हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि उनमें से चार पुरुष, एक महिला और डेढ़ साल के एक बच्चे की मौत हो गयी। 15 साल की एक लड़की और 45 वर्षीय एक व्यक्ति झुलस गए हैं और उनका इलाज हो रहा है जबकि 22 वर्षीय व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। पुलिस के मुताबिक, मच्छर भगाने के लिए जलाई गयी अगरबत्ती के रात में एक गद्दे पर गिरने से आग लग गयी। जहरीले धुएं के कारण घर में सो रहे लोग अचेत हो गए और उसके बाद दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गयी।

# पाकिस्तान में हिंदू डॉक्टर की हत्या

एजेंसी

**हिंदू समुदाय ने हत्या व जबरन धर्मांतरण के खिलाफ किया प्रदर्शन**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में तीन सप्ताह के भीतर दूसरे हिंदू डॉक्टर की हत्या कर दी गयी है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों ने लगातार हत्याओं एवं जबरन धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन किये हैं ।पाकिस्तान में हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब कराची के प्रमुख नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. बीरबल जेनानी की ल्यारी एक्सप्रेसवे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। डॉ. बीरबर जेनानी पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में कराची महानगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक थे। जब वह रामस्वामी से अपने सहायक डॉक्टर के साथ गुलशन-ए-इकबाल जा रहे थे तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार को निशाना बनाया। डॉ. जेनानी की मौके पर मौत हो गई जबकि उनके सहायक को गोली लगी। स्थानीय पुलिस ने कहा कि डॉ. जेनानी की हत्या एक टारगेट किलिंग थी। हालांकि हत्या के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



पिछले बीस दिन के भीतर पाकिस्तान में दूसरे हिंदू डॉक्टर डॉ. जेनानी की हत्या की गयी है। इससे पहले नौ मार्च को हैदराबाद में रहने वाले डॉ. धर्मदेव राठी की हत्या कर दी गयी थी। लगातार हिंदुओं की हत्याओं और हिंदू बेटियों के जबरन धर्मांतरण के विरोध में हिंदुओं ने प्रदर्शन किया। कराची में विरोध मार्च निकाला गया। सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर भारी संख्या में जुटे लोगों ने नारेबाजी कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।




# फैमली संग मुंबई पहुंची प्रियंका

मुंबई। फैमली संग मुंबई पहुंची प्रियंका एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस अपने पति निक जोनस, अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस और मां मधु चोपड़ा के साथ शुक्रवार को मुंबई पहुंचीं। मुंबई एयरपोर्ट के वीआईपी एरिया से बाहर आकर एक्ट्रेस ने मीडिया और पैपराजी की ओर हाथ हिलाया और अपनी बेटी को भी उनसे मिलवाया। प्रियंका चोपड़ा ने थाई हाई स्लिट स्कर्ट के साथ पिंक कलर का आउटफिट पहना था। साथ ही स्नीकर्स और सनग्लासेस के साथ अपने लुक को पूरा किया हुआ था। वहीं उनके पति निक ने स्वेटशर्ट और डेनिम्स के साथ ऑरेंज कलर की कैप पहनी हुई थी। प्रियंका फिलहाल अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'सिटाडेल' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह एक जासूस की भूमिका निभा रही हैं। सीरीज में रिचर्ड मैडेन भी हैं और इसे 'एवेंजसर्ः इन्फिनिटी वॉर' और 'एवेंजसर्ः एंडगेम' प्रसिद्धि के रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है। इस बीच प्रियंका की कजिन परिणीति चोपड़ा की शादी की शहनाइयां बज रही हैं। परिणीति के 'कोड नेमः तिरंगा' के को-स्टार हार्डी संधू के अनुसार, एक्ट्रेस आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। इससे पहले, दोनों को आप के नेता संजीव अरोड़ा ने अपने ट्विटर अकाउंट के जरिए होने वाली शादी के लिए बधाई दी थी।



## वित्त वर्ष के अंतिम दिन शेयर बाजार में ज़ोरदार तेजी, सेसेंक्स 1031 अंक उछला

**मुंबई।** मजबूत वैश्विक रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के बीच वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 1,031 अंक से अधिक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,031.43 अंक यानी 1.78 प्रतिशत बढ़कर 58,991.52 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,108.38 अंक तक चढ़ गया था ।इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 279.05 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढ़कर 17,359.75 पर बंद हुआ ।सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक चार प्रतिशत की बढ़त रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई। इसके अलावा नेस्ले, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर सन फार्मा, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टाइटन में गिरावट हुई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए।

